
दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471



# अमन लेखनी



आएगा सत्यप्रेम की कथा का ....
उर्वशी ने ऋषभ संग शादी पर दिया जवाब

वर्ष : 10 | अंक : 107 | लखनऊ, 27 मार्च, बुधवार 2024 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

**मौसम**

अधिकतम तापमान 18.c
न्यूनतम तापमान 12.c

**बाजार**

सोना 5848/ g
चांदी 75.50/ g
सेंसेक्स 72,085.63
निफ्टी 21,853.80

# शोक-संताप में नहीं, उत्साह, उमंग में विश्वास करता है सनातन धर्म : सीएम योगी

## घंटाघर से निकलने वाली भगवान नरसिंह की रंगभरी शोभायात्रा में सम्मिलित हुए मुख्यमंत्री

अमन लेखनी समाचार



गोरखपुर। गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सनातन धर्म शोक-संताप में नहीं बल्कि उमंग और उत्साह में विश्वास करता है। होली का पर्व इसी का संदेश देता है। इस पर्व में समरस समाज की स्थापना का भाव निहित है। साथ ही यह संदेश भी कि सनातन धर्म सह अस्तित्व, वसुधैव कुटुम्बकम और सर्वे संतु निरामया में विश्वास करता है।

सीएम योगी मंगलवार को होली के पवित्र पर्व पर घंटाघर से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ व होलिकोत्सव समिति की ओर से निकलने वाली ₹भगवान नरसिंह की रंगभरी शोभायात्रा₹ के शुभारंभ अवसर पर उपस्थित विशाल जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। सभी नागरिकों को होली की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि होली का पर्व उत्साह और उमंग का है। उत्साह और उमंग सुरक्षित, सुखी और समृद्ध समाज में होता है। हमारा समाज सुरक्षित और समृद्ध है, इसीलिए हम सभी उत्साह और उमंग से होली की हजारों वर्षों पुरानी परम्परा को मनाने के साथ अपनी इस विरासत के प्रति कृतज्ञता भी व्यक्त कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि सनातन धर्म पर जब भी कोई संकट आया, समाज में दुष्प्रवृत्तियां बढ़ीं तो कोई ना कोई ईश्वरीय अवतार भी हुआ है और दुष्प्रवृत्तियों को दूर कर समाज आगे बढ़ता रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि होली का त्यौहार समतामूलक और समरस समाज की स्थापना का भी संदेश है। आपसी वैरभाव को समाप्त कर, सत्य-न्याय के मार्ग पर चलकर ही हम समाज को शक्तिशाली बना सकते हैं। जहां विभाजन होगा वहां समाज शक्तिशाली नहीं हो सकता।

सीएम योगी ने कहा कि इस बार की होली पर उत्साह और उमंग एक नई ऊंचाई पर है। अयोध्या में 495 वर्ष बाद रामलला ने भी होली खेली और आशीर्वाद व कृपा लोगों पर बरसाई। उन्होंने लोगों से अनुरोध किया कि बीमार व्यक्तियों को और जो मना करे, उसे रंग न लगाएं। उन्होंने 90 वर्ष से अधिक समय से निकलने वाली भगवान नरसिंह की रंगभरी शोभायात्रा के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की तारीफ की।

### सीएम ने उतारी भगवान नरसिंह की आरती, जमकर खेली होली

लोगों को होली की बधाई देने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भगवान नरसिंह की विधि विधान से आरती उतारी। उन्हें नारियल, गुझिया के साथ फूल, रंग, अबीर, गुलाल अर्पित किया। भगवान नरसिंह की पूजा करने के बाद योगी पूरी तरह होलीयाना मूड में आ गए। उन्होंने लोगों के ऊपर जमकर फूल की पंखुड़ियां, अबीर, गुलाल पंखुड़ियां उड़ाईं। देखते ही देखते योगी समेत समूचा जनमानस रंगों में सराबोर हो गया। इस दौरान जय श्रीराम के नारों के बीच उत्सवी उल्लास आसमान पर था। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत संघचालक डॉ महेंद्र अग्रवाल, प्रांत प्रचारक रमेश जी, सांसद रविकिशन शुक्ल, महापौर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के ओम जालान, सुरजीत, आत्मा जी, होलिकोत्सव समिति के अध्यक्ष मनोज जालान, काशी से आए महामंडलेश्वर संतोष दास उर्फ सतुआ बाबा, कालीबाड़ी के महंत रविंद्रदास आदि भी मौजूद रहे।

# इसरो ने एक और मील का पत्थर पूरा किया, रॉकेट ने शून्य कक्षीय मलबा मिशन पूरा किया



एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के ध्रुवीय उपग्रह प्रक्षेपण यान (पीएसएलवी) ने शून्य कक्षीय मलबा मिशन पूरा कर लिया है और यह देश की अंतरिक्ष एजेंसी की उपलब्धियों के क्रम में एक और मील का पत्थर है। इसरो ने सोमवार को इसकी जानकारी दी। इसरो ने बताया कि इसे 21 मार्च को हासिल कर लिया गया था, जब पीएसएलवी ऑर्बिटल एक्सपेरिमेंटल मॉड्यूल -3 (पीओईएम-3) ने पृथ्वी के वायुमंडल में पुनः प्रवेश के माध्यम से अपने अभियान को पूरा किया। अंतरिक्ष एजेंसी ने कहा, पीएसएलवी - सी58/एक्सपोसैट मिशन ने व्यावहारिक रूप से कक्षा में शून्य मलबा छोड़ा है। इसरो के अनुसार, सभी उपग्रहों को उनकी वांछित कक्षाओं में स्थापित करने के प्राथमिक मिशन को पूरा करने के बाद, पीएसएलवी के टर्मिनल चरण को 3-अक्ष स्थिर मंच, पीओईएम-3 में बदल दिया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### कोलकाता के सियासी जंग में जनरल की 'बेटी', ममता के गढ़ से लड़ेंगी चुनाव

नई दिल्ली, कभी वामपंथी दलों का गढ़ रहे बंगाल में अब सीपीआई और सीपीएम जैसे दल अस्थित्व की लड़ाई लड़ रहे हैं। इस लड़ाई में वामपंथी दलों के लिए सायरा शाह हलीम उम्मीद की किरण बनकर उभरी हैं। लोकसभा चुनाव 2024 में सीपीएम ने सायरा शाह हलीम को कोलकाता दक्षिण से अपना उम्मीदवार बनाया है। 44 साल की सायरा शाह हलीम कोलकाता में घूम-घूमकर अपनी पार्टी सीपीएम का प्रचार कर रही हैं और लोगों से मुलाकात कर रही हैं। अपनी पार्टी का एजेंडा बता रही हैं। हाथ जोड़कर लोगों से उनकी पार्टी को वोट डालने की अपील कर रही हैं। पूंजीवादियों का विरोध करने वाली सीपीएम ने 17 साल तक कॉरपोरेट वर्ल्ड में मैनेजमेंट पर काम करने वाली सायरा पर भरोसा जताया है। टीएमसी की माला रॉय से सायरा शाह का मुकाबला होगा। अनुभवी अभिनेता नसीरुद्दीन शाह की भतीजी हैं। उनके पिता लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) जमीर उद्दीन शाह अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के कुलपति रह चुके हैं। हलीम की शादी सीपीएम नेता और पश्चिम बंगाल विधान सभा के पूर्व स्पीकर हाशिम अब्दुल हलीम के बेटे फुआद हलीम से हुई है।

### महुआ मोइत्रा पर केंद्रीय एजेंसियों का एक्शन

**31 मार्च को कृष्णानगर में इसे ही मुद्दा बनाकर लोकसभा अभियान की करेंगी शुरूआत**

नई दिल्ली, ममता बनर्जी 31 मार्च को कृष्णानगर जा रही हैं। हाल ही में महुआ मोइत्रा के घर और दफ्तर पर सीबीआई की छापेमारी के बाद तृणमूल सुप्रीमो ममता बनर्जी इस मुद्दे को एक टूल के तौर पर इस्तेमाल करना चाहती हैं। इसलिए इस बार ममता अपने लोकसभा अभियान की शुरूआत महुआ केंद्र से करेंगी। हटियार ममता ने महुआ मोइत्रा के खिलाफ केंद्रीय एजेंसी की 'अनुचित' कार्रवाई को बताया। सूत्रों के मुताबिक, ममता मार्च के अंत में लोकसभा चुनाव के लिए कृष्णानगर में प्रचार सभा से केंद्र के खिलाफ आवाज उठाने वाली हैं। कृष्णानगर 2009 से तृणमूल का गढ़ बना हुआ है, जो भाजपा के लिए एक महत्वपूर्ण चुनौती है। मुख्यमंत्री मानार्टा बनर्जी की पार्टी के खिलाफ निर्णायक जीत हासिल करना चाहती है। मोइत्रा का दोबारा नामांकन क्षेत्र में भाजपा के प्रभाव का मुकाबला करने और अपने चुनावी मैदान की रक्षा करने के लिए तृणमूल के दृढ़ संकल्प को दर्शाता है। आरोप-प्रत्यारोप के बीच, मोइत्रा के निष्कासन और उसके बाद फिर से सत्ता में आने से चुनावी मुकाबले में तीव्रता आ गई है, जो पश्चिम बंगाल में तृणमूल और भाजपा के बीच व्यापक लड़ाई का प्रतीक है। जैसा कि बंगाल एक और चुनावी मुकाबले के लिए तैयार है, मोइत्रा की उम्मीदवारी राज्य में भाजपा की चुनावी प्रगति को रोकने के लिए तृणमूल की रणनीति में एक प्रमुख खिलाड़ी के रूप में महत्वपूर्ण है। संयोग से दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद से देश में केंद्रीय एजेंसी की गतिविधियों के मुद्दे पर हंगामा मचा हुआ है।

## गैर-जरूरी उद्देश्यों के लिए पेयजल का उपयोग करने वाले 22 परिवारों पर जुर्माना

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

बेंगलुरु में जल संकट के बीच गैर-जरूरी उद्देश्यों के लिए पेयजल का उपयोग नहीं करने के आदेश का उल्लंघन करने पर बेंगलुरु जल आपूर्ति और सीवरेज बोर्ड ने 22 परिवारों पर पांच-पांच हजार रुपये का जुमार्ना लगाया है। अधिकारियों ने कहा कि यह आदेश लगभग दो सप्ताह पहले जारी किया गया था और बेंगलुरु जल आपूर्ति और सीवरेज बोर्ड (बीडब्ल्यूएसएसबी) ने सोशल मीडिया के माध्यम से प्राप्त कई शिकायतों के आधार पर यह कार्रवाई की। बीडब्ल्यूएसएसबी के अनुसार, आदेश का उल्लंघन करने और विशेष रूप से शहर के कुछ हिस्सों में पानी की कमी के बीच कार धोने, बागवानी और अन्य गैर-जरूरी उद्देश्यों के लिए पेयजल का उपयोग करने के लिए 22 घरों पर कुल 1.1 लाख रुपये का जुमार्ना लगाया गया है। बीडब्ल्यूएसएसबी ने सात मार्च को बेंगलुरु शहर में वाहनों की सफाई, इमारतों और सड़कों के निर्माण, मनोरंजन उद्देश्यों या फव्वारे जैस कार्यों के लिए पेयजल के उपयोग पर प्रतिबंध लगाने का आदेश जारी किया था। आदेश में मॉल और सिनेमा हॉल को केवल पीने के लिए पानी का उपयोग करने की अनुमति दी गई थी।

# प्रधानमंत्री मोदी की विश्वसनीयता राजग को बिहार की सभी 40 लोकसभा सीट जीतने में मदद करेगी: गिरिराज सिंह

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने सोमवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की विश्वसनीयता के कारण भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) बिहार की सभी 40 लोकसभा सीट पर जीत दर्ज करेगा। बेगूसराय लोकसभा सीट से लगातार दूसरी बार चुनाव लड़ रहे गिरिराज सिंह ने कहा, मतदाता जानते हैं कि विकास ही प्रधानमंत्री का एकमात्र एजेंडा है। बेगूसराय से निवर्तमान सांसद सिंह ने पीटीआई-भाषा से कहा, मैं अपनी विश्वसनीयता के बारे में निश्चित नहीं हूं। लेकिन हमारे प्रधानमंत्री की विश्वसनीयता अद्वितीय है और उनके कारण ही राजग बिहार में बेगूसराय सहित सभी 40 लोकसभा सीट जीतेगा। भाजपा नेता ने कहा कि आम जनता, गरीबों और किसानों के बीच प्रधानमंत्री की विश्वसनीयता बहुत अधिक है। भाजपा ने रविवार को बिहार की 17 लोकसभा सीट के लिए अपने उम्मीदवारों की घोषणा की थी जिसमें बेगूसराय से सिंह भी शामिल हैं। पार्टी ने केंद्रीय मंत्री एवं बक्सर से मौजूदा सांसद अश्विनी कुमार चौबे सहित तीन मौजूदा सांसदों को इसबार टिकट नहीं दिया है। सिंह के अलावा आरा से आरके सिंह और उजियारपुर से नित्यानंद अन्य केंद्रीय मंत्री हैं जिन्हें पार्टी ने दोबारा मैदान में उतारा है। बेगूसराय में किए गए विकास कार्यों के बारे सिंह ने कहा, संप्रग (विपक्षी कांग्रेस नीत संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन) शासन के दौरान इस निर्वाचन क्षेत्र की उपेक्षा की गई थी। संप्रग शासन के दौरान बेगूसराय को रिफाइनरी के डंपिंग यार्ड में बदल दिया गया था। मोदी जी के तहत राजग सरकार ने 25,000 करोड़ रुपये का प्रावधान कर बेगूसराय रिफाइनरी की क्षमता का विस्तार किया। उन्होंने कहा कि केंद्र ने बरौनी उर्वरक इकाई में भी 10,000 करोड़ रुपये का निवेश किया है।

# केजरीवाल ने हिरासत से मोहल्ला क्लीनिक में निःशुल्क दवाओं की कमी न होने देने का निर्देश जारी किया

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की हिरासत से निर्देश दिया है कि सभी सरकारी अस्पतालों और मोहल्ला क्लीनिक में लोगों को दवाएं तथा जांच सुविधा उपलब्ध हो। स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ने मंगलवार को यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि केजरीवाल को मोहल्ला क्लीनिक में जांच में समस्याओं के बारे में सूचना मिली है और उन्होंने निर्देश जारी किए हैं। भारद्वाज ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग इन मुद्दों से निपटने को लेकर तत्काल कार्रवाई करेगा। उन्होंने कहा कि केजरीवाल की ओर से मिले ताजा निर्देशों से पता चलता है कि हिरासत में होने के बावजूद वह हमेशा दिल्ली के लोगों की भलाई के बारे में सोचते हैं। आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल ने पिछले सप्ताह जल मंत्री आतिशी को निर्देश जारी कर शहर के कुछ हिस्सों में पानी और सीवर से जुड़ी समस्याओं को दूर करने के लिए कहा था। केजरीवाल 28 मार्च तक ईडी की हिरासत में हैं। सूत्रों ने बताया था कि संघीय एजेंसी यह पता लगाने के लिए जांच करेगी कि क्या गिरफ्तार मुख्यमंत्री के ये निर्देश धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) की विशेष अदालत के उस आदेश के अनुरूप है जो ईडी और केजरीवाल को उनकी हिरासत अवधि के दौरान जारी किया गया।

## बिहार में बीजेपी का सवर्ण कार्ड, 17 में से 10 सीटों पर अगड़ी जाति के उम्मीदवार, लालू के वोट बैंक पर भी नजर

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, बिहार में भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए ने अपने सीट बंटवारे के साथ प्रत्याशियों के नाम के भी घोषणा कर दी है। भाजपा-जदयू ने अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर दी हैं। हालांकि, चिराग पासवान की ओर से अभी भी उम्मीदवारों का ऐलान नहीं किया गया है जिन्हें गठबंधन में 5 सीटें दी गई हैं। बिहार की सियासत को देखें तो यह पूरी तरीके से जाति के इर्द-गिर्द ही घूमती रही है। इन सबके बीच भाजपा ने भी अपने सियासी समीकरण को साधने की कोशिश कर दी है। लोकसभा चुनाव में भाजपा ने अपना पूरा फोकस सवर्ण जातियों पर रखा है। पार्टी की ओर से जिन 17 लोकसभा सीटों पर अपने उम्मीदवारों का ऐलान किया गया है उनमें से 10 अगड़ी जाति से आते हैं। बिहार जैसे राज्य में 17 में से 10 सीटों पर अगड़ी जाति के उम्मीदवारों को उतारना एक बड़ा साहसिक फैसला माना जा सकता है। हालांकि भाजपा की सहयोगी जदयू ने ज्यादातर सीटों पर पिछड़े वर्गों को महत्व दिया है। बिहार में देखें तो राजपूत, भूमिहार, ब्राह्मण और कायस्थ जाति अगड़ी में आते हैं। बीजेपी ने 17 में से 10 सीटों पर सवर्ण जातियों को टिकट दिए हैं। इसमें भी सबसे ज्यादा अहमियत राजपूत समुदाय को दी गई है। बीजेपी ने राजपूत समुदाय से औरंगाबाद सीट से सुशील कुमार सिंह, आरा सीट से आरके सिंह, सारण सीट से राजीव प्रताप रूडी, महाराजगंज से जनार्दन सिंह सिग्रीवाल और पूर्वी चंपारण सीट से राधा मोहन सिंह को उम्मीदवार बनाया है। इसी तरह भाजपा ने मिथिलेश तिवारी को बक्सर और दरभंगा से गोपाल जी ठाकुर को प्रत्याशी बनाया है।

## अरुणाचल पर चीन के दावे का सख्ती से खंडन करे सरकार: खरगे

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने मंगलवार को कहा कि अरुणाचल प्रदेश भारत का एक अविभाज्य हिस्सा है और मोदी सरकार को चीन द्वारा इस राज्य पर दावा किए जाने का बहुत सख्ती से खंडन करना चाहिए। चीन ने सोमवार को एक बार फिर यह दावा किया कि अरुणाचल प्रदेश हमेशा उसका क्षेत्र रहा है। हालांकि भारत ने बीजिंग के दावे को बेतुका और हास्यास्पद बताकर खारिज कर दिया। खरगे ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किया कि अरुणाचल प्रदेश भारत का एक अविभाज्य हिस्सा है। उन्होंने यह भी कहा, कांग्रेस अरुणाचल प्रदेश पर चीन के किसी भी दावे की कड़ी निंदा और विरोध करती है। यह एक महीने में चौथी बार है, जब चीन ने पूरी तरह से हास्यास्पद और बेतुके दावे किए हैं। खरगे का कहना है कि स्थानों का नाम बदलकर और दूसरे देशों से संबंधित क्षेत्रों के नक्शे दोबारा बनाकर बेतुके दावे करने में चीन का रिकॉर्ड सर्वविदित है। उन्होंने कहा, दलीय राजनीति से इतर हम भारत की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा में एक साथ हैं। हालांकि, यह भी रेखांकित किया जा सकता है कि चीन का रवैया प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा अपनी लाल आंख दिखाने वाली कार्रवाई नहीं करने और चीन को क्लीन चिट देने का परिणाम है। कांग्रेस अध्यक्ष ने दावा किया, चाहे अरुणाचल प्रदेश के करीब सीमा पर गांव बसाना हो या सीमा के पास रहने वाले हमारे लोगों का अपहरण करना हो, मोदी सरकार की प्लीज चाइना पॉलिसी (चीन को खुश करने की नीति) ने अरुणाचल में हमारी राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरे में डाल दिया है। उन्होंने कहा कि सरकार को चीन के दावों का सख्ती से खंडन करना चाहिए।

# पीएम आवास का घेराव करने पहुंचे आप पार्टी के कार्यकर्ता, पुलिस ने नहीं दी प्रदर्शन की इजाजत

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी को लेकर आप अपनी पार्टी मंगलवार 26 मार्च को विरोध प्रदर्शन कर रही है। पार्टी ने इसके लिए पूरा प्लान तैयार किया है। इसके तहत आम आदमी पार्टी सुबह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आवास के बाहर 11 बजे घेराव करेगी। इस प्रदर्शन को देखते हुए प्रधानमंत्री आवास और आसपास के इलाकों में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। सुरक्षा के लिए अतिरिक्त फोर्स तैनात की गई है।

बता दें कि दिल्ली पुलिस ने प्रधानमंत्री आवास के आसपास धारा 144 लागू कर दी है। ऐसे में हम अपनी पार्टी को यहां प्रदर्शन करने की इजाजत नहीं मिली है। दिल्ली पुलिस के अधिकारी ने कहा है कि आप आदमी के प्रदर्शन को देखते हुए नई दिल्ली और सेंट्रल दिल्ली के आसपास के इलाकों में ट्रैफिक की समस्या हो सकती है। ऐहतियात के दौर पर पीएम आवास के बाहर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है।

कुछ समय पहले ही दिल्ली के मंत्री गोपाल राय ने हाल ही में यह ऐलान किया था कि प्रधानमंत्री आवास का घेराव किया जाएगा। इसके साथ ही देश भर में आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता में विरोध प्रदर्शन करेगी। वहीं आप पार्टी के नेता दुर्गेश पाठक का कहना है कि पूरा देश मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के साथ है। पीएम मोदी नफरत करते हैं और डरते है।

### इन मेट्रो स्टेशनों पर कड़ी हुई सुरक्षा व्यवस्था

आम आदमी पार्टी के विरोध प्रदर्शन को देखते हुए दिल्ली मेट्रो के कुछ स्टेशनों पर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। मेट्रो स्टेशनों के बाहर सुरक्षा कड़ी हो गई है। वहीं मेट्रो सेवा पर भी इसका असर देखने को मिल रहा है। डीएमआरसी के अनुसार सुरक्षा स्थितियों को देखते हुए लोक कल्याण मार्ग मेट्रो स्टेशन का एंट्री और एग्जिट गेट बंद हो गए है। पटेल चौक मेट्रो स्टेशन का गेट नंबर 3 और सेंट्रल सेक्रेटिएट मेट्रो का गेट नंबर 5 भी बंद किया गया है। बता दें कि आम आदमी पार्टी मुख्यमंत्री की गिरफ्तारी के विरोध में प्रदर्शन कर रही है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी के फंदे से लटका मिला शव

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज। गौरा गांव में मगंलवार की देर रात संदिग्ध परिस्थितियों में सफाईकर्मी का शव नीम के पेड़ की डाल में साड़ी के फंदे के सहारे लटका मिला।परिजनो ने बेटे का शव नीम के पेड़ से लटकता देखा तो कोहराम मच गया।सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक सफाईकर्मी के शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिये भेजा।प्राप्त जानकारी के अनुसार मोहनलालगंज के गौरा गांव में परीदीन रावत अपनी पत्नी रामावती व तीन बेटो आकाश,अरविंद,रोहित व दो बेटियों गुड़िया व मेनका के साथ रहते है.छोटा बेटा रोहित(19वर्ष) मोहनलालगंज नगर पंचायत में संविदा पर सफाईकमचारी था?.बीते मगंलवार को होली पर रोहित ने अपने परिजनो व पड़ोसियो के साथ जमकर रंग खेला था।बड़े भाई अरविंद ने बताया रात 11बजे के करीब घर से कुछ दूर पर जानवरो को बंधाने के लिये बने बाड़े में लगे नीम के पेड़ की डाल में छोटे भाई रोहित का साड़ी के फंदे के सहारे संदिग्ध परिस्थितियों में शव लटकता देखा वो चीख पड़ा जिसके बाद परिजन मौके पर पहुंचे तो कोहराम मच गया।परिजनो ने बताया दिन में बाइक से रोहित मोहनलालगंज गया था लौटते समय फुलवरिया मोड़ पर उसकी बाइक दूसरी बाइक से टकरा गयी थी जिसमें हाथ व पैर में चोटे भी आयी थी।जिसके कुछ घंटो बाद ही रोहित के आत्महत्या करने से पूरा परिवार सन्न रह गया।सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक सफाईकर्मी के शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिये भेजा।इंस्पेक्टर आलोक राव ने बताया प्रथम द्दष्टया जांच में सफाईकर्मी द्वारा आत्महत्या किये जाने की बात सामने आयी है लेकिन आत्महत्या का कारण नही पता चल सका है।पीएम रिपोट में मौत का कारण स्पष्ट होने के बाद आगे की कार्यवाही की जायेगी।


# नशेड़ी पति ने पत्नी को बेल्ट से पीट - पीट कर उतारा मौत के घाट

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर लखनऊ। बिजनौर इलाके में सोमवार रात एक नशेड़ी मजदूर ने अपनी पत्नी की बेल्ट से पीट - पीट कर हत्या कर दी और फरार हो गया। मंगलवार सुबह सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने मौके से मिली घटना में इस्तेमाल की गई बेल्ट और शराब के तीन खाली पौव्वा (शीशी) अपने कब्जे में लेने के साथ मृतका के भाई की तहरीर पर हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर जांच पड़ताल करते हुए आरोपी की तलाश में छापेमारी शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक बिजनौर के चंद्रावल स्थित सादुल्ला खेड़ा निवासी मजदूर सुरेश कुमार शराब का आदी होने के साथ ही अपनी पत्नी चंद्रावती (35) और चार बच्चों शिवा, सुशांत, आयुष व कविता के साथ रहता है। सुरेश का अक्सर शराब के नशे में चंद्रावती से विवाद होता रहता था। सुरेश सोमवार रात करीब 11 बजे शराब के नशे में घर पहुंचा और अपनी पत्नी से शराब के लिए पैसे मांगने लगा। चंद्रावती ने जब पैसे देने से मना किया तो नाराज सुरेश अन्दर से कमरा बंद कर उसके ऊपर बेल्ट लेकर टूट पड़ा। उसने चंद्रावती को शराब के नशे में इतना पीटा कि जब तक वह बेहोश नहीं हो गई। बेरहमी से की गई पिटाई से चंद्रावती के सिर और मुंह में गंभीर चोट लगने के साथ ही काफी मात्रा में खून तक निकलने लगा। बाद में जब चंद्रावती बेहोश होकर शांत हो गई, तो सुरेश घर से भाग निकला। हालाकि इस दौरान सभी बच्चों ने मां की जोर-जोर से चीख पुकार सुनकर उसे बचाने के लिए काफी प्रयास किया। वह दरवाजा खुलवाने के लिए चिल्लाते रहे, लेकिन शराब के नशे में धुत सुरेश ने उनकी एक न सुनी और कमरे के अंदर चंद्रावती को बेल्ट से मारता पीटता रहा। उधर जब कमरे का दरवाजा नहीं खुला और चन्द्रावती की चीख पुकार शांत हो गई तो बच्चे भी मामला शांत समझ कर चुपचाप अपने कमरों में सो गए। मंगलवार सुबह बच्चे सो कर उठे तो चंद्रावती तखत पर अचेत पड़ी मिली। इस पर बच्चों को लगा कि उनकी मां सो रही है। लेकिन बाद में उन्होंने चंद्रावती को जगाने की कोशिश की, पर वह काफी जगाने के बाद भी नहीं उठी। तब बच्चों ने इसकी सूचना बिजनौर के कटरा स्थित अपने ननिहाल में दी। जब मृतका के मायके वालों को यह पता चला कि रात में सुरेश ने चंद्रावती की पिटाई की और फरार हो गया। दूसरी तरफ सुबह चंद्रावती जगाने पर भी नहीं उठ रही, तो मृतका के मायके वालों को अनहोनी का संदेह हुआ और आनन-फानन वह चंद्रावती के घर जा पहुंचे। जहां चंद्रावती मृत हालत में तखत के ऊपर पड़ी मिली। उसके मुंह और आंख के ऊपर खून बह रहा था। इसके बाद उन्होंने इसकी सूचना पुलिस कंट्रोल रूम को दी। सूचना पाकर पहुंची बिजनौर पुलिस ने मौके की जांच पड़ताल करने के बाद घटना में प्रयुक्त की गई बेल्ट अपने कब्जे में ले ली। साथ ही वहां पर मिली शराब की तीन पव्वा (शीशियां) भी अपने कब्जे में ले ली। बाद में शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं घटना की जानकारी पाकर पहुंचे डीसीपी दक्षिण तेज स्वरूपसिंह व एसीपी कृष्णा नगर विनय द्विवेदी ने भी मौके का जायजा लेने के साथ जाँच पड़ताल की। उनका कहना है कि फरार सुरेश को पकड़ने के लिए तीन टीमें बनाई गई है और उसे जल्द पकड़कर घटना का खुलासा कर दिया जाएगा। उधर बिजनौर थाना प्रभारी अरविंद कुमार राणा का कहना है की मृतका के भाई पवन ने अपने बहनोई सुरेश के ऊपर शराब के नशे में चंद्रावती की हत्या करने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी है। उसकी तहरीर पर हत्या का मुकदमा दर्ज कर सुरेश की तलाश शुरू कर दी गई है।

# पांच अप्रैल से लखनऊ में सजेगा बागेश्वर धाम का दरबार

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। अखिल भारतीय श्रीराम नाम जागरण मंच के संरक्षक राजन त्रिवेदी ने कहा कि लखनऊ के वृंदावन कालोनी के विशालकाय मैदान में 5 अप्रैल से 9 अप्रैल तक बागेश्वर धाम सरकार कहे जाने वाले धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री जी महाराज श्रीराम कथा कहेंगे। श्रीराम कथा के संबंध में राजन त्रिवेदी ने कहा कि लखनऊ का क्षेत्र अवध में आता है। अवध के राजा प्रभु श्रीराम है और अयोध्या में श्रीराम का भव्य मंदिर बनने से हमारे सभी लोगों में हर्ष का माहौल है। श्रीराम भक्त बेहद प्रसन्न है। मंदिर में प्रभु श्रीराम के दर्शन को सुबह से ही भीड़ उमड़ पड़ रही है। उन्होंने कहा कि लखनऊ के लोग श्रीराम कथा सुनने के लिए अवश्य पधारें। कथा कराने के लिए एक समिति बनायी गयी है। इसके अतिरिक्त सेवादार के रुप में लखनऊ के प्रमुख उद्यमी, व्यापारी, प्रबुद्ध वर्ग, महिलाएं, शिक्षा क्षेत्र से जुड़े लोग अपनी भूमिका निभायेंगे। श्रीराम कथा के लिए प्रबंधन की बैठकें हो गयी है। सभी सेवादार को उनसे जुड़े कार्य बताये गये हैं।

दूसरे स्थानों व जनपदों से आने वाले श्रीराम भक्तों के लिए उन्होंने कहा कि श्रीराम कथा सुनने के बाद प्रसाद लेकर सभी घर जायेंगे। इसमें प्रतिदिन सुबह और शाम रसोई का संचालन किया जायेगा। एक अनुमान के अनुसार करीब एक लाख लोगों के श्रीराम कथा सुनने के लिए पहुंचने का अनुमान है।

# महाकुंभ 2025 को भव्य और दिव्य बनाने में जुटी योगी सरकार

**महाकुंभ क्षेत्र के साथ-साथ क्षेत्र के बाहर भी बड़े पैमाने पर प्रोजेक्ट की शुरूआत**

**टूरिज्म और यात्री सुविधाओं के साथ ही इंफ्रास्ट्रक्चर से जुड़े प्रोजेक्ट कार्य प्रगति पर**

**कुल 384 प्रोजेक्ट्स के लिए 7500 करोड़ रुपए की धनराशि हो चुकी है स्वीकृत**

**शुरू हो चुके 250 प्रोजेक्ट्स के लिए 1540 करोड़ रुपए की धनराशि की जा चुकी है जारी**

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। 2025 में होने जा रहे महाकुंभ को योगी सरकार भव्य और दिव्य बनाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रही है। इस महाआयोजन के लिए करोड़ों भक्तों के प्रयागराज पहुंचने की संभावना को देखते हुए प्रदेश सरकार ने 2022 में दोबारा सत्ता संभालते ही प्रयागराज में पर्यटन और यात्री सुविधाओं के साथ-साथ इंफ्रास्ट्रक्चर से जुड़ी परियोजनाओं को पूरी ताकत से आगे बढ़ाया है। इसी क्रम में सरकार महाकुंभ और महाकुंभ से इतर यहां 384 विकास परियोजनाओं पर 7500 करोड़ रुपए खर्च करने जा रही है। इसके तहत सरकार अब तक शुरू हो चुके 250 प्रोजेक्ट्स के लिए 2228 करोड़ रुपए जारी भी कर चुकी है। उल्लेखनीय है कि महाकुंभ से संबंधित 284 प्रोजेक्ट्स के लिए 4462 रुपए से ज्यादा का फंड स्वीकृत किया गया है, जिसके सापेक्ष शुरू हो चुके 170 प्रोजेक्ट्स के लिए करीब 1540 करोड़ रुपए जारी किए गए हैं तो वहीं, महाकुंभ से इतर चल रहे 100 से ज्यादा प्रोजेक्ट्स के लिए योगी सरकार ने 3057 करोड़ रुपए की धनराशि स्वीकृत की थी, जिसमें शुरू हो चुके 80 प्रोजेक्ट्स के लिए 688 करोड़ रुपए से ज्यादा की धनराशि जारी हो चुकी है।

## 14 विभाग महाकुंभ के महाआयोजन को सफल बनाने में जुटे

कुंभ को लेकर कुल 14 विभागों के प्रोजेक्ट कार्य चल रहे हैं। इसमें पर्यटन विभाग के 5 प्रोजेक्ट भी हैं। इनमें 3 की शुरूआत हो चुकी है, जिसके लिए प्रस्तावित 28 करोड़ के बजट के एवज में 8.64 करोड़ की राशि जारी की जा चुकी है। इसी तरह इरीगेशन डिपार्टमेंट के सभी 8 प्रोजेक्ट्स के लिए प्रस्तावित 250 करोड़ में से करीब 90 करोड़ रुपए प्रदेश सरकार द्वारा जारी किए जा चुके हैं। प्रयागराज डेवलपमेंट अथॉरिटी के अंतर्गत 42 प्रोजेक्ट्स के लिए 175 करोड़ रुपए, यूपी ब्रिज के 4 प्रोजेक्ट्स के लिए 255 करोड़ रुपए, पीडब्ल्यूडी के 41 प्रोजेक्ट के लिए 320 करोड़ रुपए, हेल्थ एंड वेलफेयर डिपार्टमेंट के 17 प्रोजेक्ट्स के लिए 29 करोड़ रुपए, फॉरेस्ट डिपार्टमेंट के 4 प्रोजेक्ट्स के लिए 13.33 करोड़ रुपए, मोतीलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज में 11 प्रोजेक्ट्स के लिए 31.20 करोड़ रुपए, यूपीपीसीएल के 22 प्रोजेक्ट्स के लिए 196 करोड़ रुपए, प्रयागराज म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन के 29 प्रोजेक्ट्स हेतु 103 करोड़, यूपी जल निगम के 15 प्रोजेक्ट्स के लिए 86 करोड़, यूपीएसआरटीसी के 7 प्रोजेक्ट्स हेतु करीब 8 करोड़ रुपए और प्रयागराज मेला अथॉरिटी के तहत 7 प्रोजेक्ट्स के लिए 223.53 करोड़ रुपए जारी किए जा चुके हैं। वहीं गंगा पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड से संबंधित 5 प्रोजेक्ट्स के लिए 107 करोड़ से ज्यादा का फंड स्वीकृत है। अभी डीपीआर की प्रक्रिया जारी है, जिसके बाद धनराशि जारी की जाएगी।

## महाकुंभ के अलावा भी व्यापक पैमाने पर चल रहा विकास कार्य

महाकुंभ के अतिरिक्त भी प्रयागराज को पर्यटन और यात्रियों की सुविधाओं के लिए संवारा जा रहा है। इसके अंतर्गत 7 विभागों के प्रोजेक्ट्स संचालित हैं। इसमें टूरिज्स डिपार्टमेंट के कुल 29 प्रोजेक्ट्स के लिए 70 करोड़ से ज्यादा की धनराशि स्वीकृत हो चुकी है और 23 करोड़ से ज्यादा की राशि जारी भी की जा चुकी है। इसी तरह प्रयागराज डेवलपमेंट अथॉरिटी के 10 प्रोजेक्ट्स के लिए स्वीकृत 102 करोड़ रुपए में से 20 करोड़ की राशि जारी की जा चुकी है। यूपी ब्रिज के अंतर्गत 12 प्रोजेक्ट्स के लिए 620 करोड़ रुपए जारी हो चुके हैं तो पीडब्ल्यूडी के 18 प्रोजेक्ट्स हेतु 8 करोड़ और प्रयागराज म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन के 22 प्रोजेक्ट्स के लिए 17 करोड़ रुपए की राशि रिलीज की गई है। इरीगेशन डिपार्टमेंट के 7 प्रोजेक्ट्स के लिए 58 करोड़ और गंगा पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड के 3 प्रोजेक्ट्स हेतु 496 करोड़ के फंड की स्वीकृति मिल चुकी है और जल्द राशि जारी किए जाने की संभावना है।

# प्रबुद्ध सम्मेलन के जरिए क्लीन स्वीप का संकल्प लेकर मैदान में उतरेंगे सीएम योगी

**बुधवार से पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कई जनपदों में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे प्रबुद्ध सम्मेलन**

**27 से 31 मार्च तक 5 दिनों में 15 जनपदों में प्रबुद्ध जनों के साथ ही आम लोगों से भी संवाद स्थापित करेंगे सीएम**

**प्रबुद्ध सम्मेलनों के माध्यम से लोगों के साथ संवाद स्थापित कर 'फिर एक बार मोदी सरकार' के संकल्प की चुनावी जमीन तैयार करेंगे सीएम योगी**

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। लोकसभा आम चुनावों की घोषणा के बाद अब बुधवार से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ फुल एक्शन में नजर आएंगे। चुनावी रैलियों से पहले सीएम योगी प्रदेश के अंदर प्रबुद्ध सम्मेलनों के जरिए अलग-अलग जनपदों में प्रबुद्ध लोगों से वातार्लाप करेंगे और सरकार द्वारा किए गए कार्यों का पूरा लेखा-जोखा प्रस्तुत करेंगे। मुख्यमंत्री के प्रबुद्ध सम्मेलनों की शुरूआत पश्चिमी उत्तर प्रदेश से होने जा रही है, जहां पहले कुछ चरणों में चुनाव भी होने वाला है। 31 मार्च तक प्रस्तावित इन सम्मेलनों के माध्यम से सीएम योगी यहां लोगों के साथ संवाद स्थापित कर वह चुनावों से पूर्व 'फिर एक बार मोदी सरकार' के संकल्प की चुनावी जमीन तैयार करेंगे।

## 5 दिन लगातार 15 सम्मेलनों में लेंगे हिस्सा

भारतीय जनता पार्टी, उत्तर प्रदेश द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार, सीएम योगी 27 से 31 मार्च तक यानी 5 दिनों में 15 जनपदों को कवर करेंगे। उनके प्रबुद्ध सम्मेलनों की शुरूआत बुद्धवार 27 मार्च को मथुरा, मेरठ और गाजियाबाद से होगी, जहां वह गणमान्य लोगों के साथ ही आम लोगों से भी संवाद स्थापित करेंगे। इसके अगले दिन यानी गुरुवार 28 मार्च को सीएम योगी का बिजनौर, मुरादाबाद और अमरोहा में कार्यक्रम प्रस्तावित है। यहां भी उन्हें प्रबुद्ध जनों के साथ संवाद में हिस्सा लेना है। 29 मार्च को सीएम शामली, मुजफ्फरनगर और सहारनपुर में प्रबुद्ध सम्मेलन में हिस्सा लेंगे तो 30 मार्च को बागपत (मोदीनगर), बुलंदशहर और गौतमबुद्धनगर, जबकि 31 मार्च को बरेली, रामपुर और पीलीभीत में वह प्रबुद्ध सम्मेलन करेंगे। इन प्रबुद्ध सम्मेलनों के माध्यम से सीएम योगी प्रदेश सरकार के साथ-साथ केंद्र सरकार की उपलब्धियों के बारे में विस्तार से जानकारी देंगे। साथ ही डबल इंजन की सरकार में आम लोगों तक पहुंच रही योजनाओं के बारे में भी बात करेंगे। सीएम योगी ने 2023 में निकाय चुनावों से पहले भी प्रबुद्ध सम्मेलन किए थे, जिसका भाजपा को भरपूर लाभ मिला था और पार्टी ने सभी नगर निगमों में क्लीन स्वीप किया था। सीएम योगी एक बार फिर प्रबुद्ध सम्मेलन के माध्यम से लोकसभा चुनावों में क्लीन स्वीप का मिशन लेकर मैदान में उतरने वाले हैं।

## पहले तीन चरणों में पश्चिमी यूपी में होना है चुनाव

सीएम योगी के इन प्रबुद्ध सम्मेलनों की शुरूआत पश्चिमी उत्तर प्रदेश से हो रही है, जहां शुरूआती चरणों में चुनाव होना है। पहले चरण यानी 19 अप्रैल 2024 को सहारनपुर, कैराना, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, नगीना, मुरादाबाद, रामपुर और पीलीभीत में चुनाव होना है तो वहीं दूसरे चरण यानी 26 अप्रैल को अमरोहा, मेरठ, बागपत, गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर, बुलंदशहर, अलीगढ़ और मथुरा में चुनाव होना है। इसी तरह तीसरे चरण में संभल, हाथरस, आगरा, फतेहपुर सीकरी, फिरोजाबाद, मैनपुरी, एटा, बदायूं और बरेली जैसे जनपदों में चुनाव की घोषणा हुई है। इसी कार्यक्रम को देखते हुए सीएम योगी के प्रबुद्ध सम्मेलनों की शुरूआत पश्चिमी उत्तर प्रदेश के जिलों से की जा रही है, ताकि उनके संवाद का ज्यादा से ज्यादा असर आम लोगों तक हो सके।

# तेज रफ्तार डम्फर ने बाइक सवार पीआरडी जवान को रौंदा, मौत

**परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल**

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ।लखनऊ के पारा इलाके में रविवार सुबह तिकोनिया तिराहे पर तेज रफ्तार डम्फर ने बाइक सवार पीआरडी जवान को टक्कर मार दी। पुलिस ने इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया, जहां उनकी मौत हो गई। परिजनों ने एक टीएसआई पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए अस्पताल में हंगामा किया।बताते है की ठाकुरगंज निवासी निवासी शिवा कनौजिया (25) पीआरडी में जवान थे। उनकी ड्यूटी आगरा एक्सप्रेस- वे के जीरो प्वाइंट पर ट्रैफिक व्यवस्था में लगी थी। रविवार की सुबह करीब 10 बजे शिवा बाइक लेकर ड्यूटी के लिए निकले। 10.30 बजे वह पारा के तिकोनिया तिराहे के पास पहुंचे ही थे कि पीछे से एक तेज रफ्तार डम्फर ने उनको टक्कर मार दी। हादसे में शिवा गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पारा पुलिस ने शिवा को इलाज के लिए कृष्णानगर स्थित लोकबंधु अस्पताल पहुंचाया, जहां उनकी मौत हो गई। हादसे की खबर मिलते ही शिवा के परिजन अस्पताल पहुंच गए। उन लोगों ने घटनास्थल पर मौजूद एक ट्रैफिक दारोगा पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा व नारेबाजी की। नाराज लोगों का आरोप था कि ट्रैफिक दारोगा के सामने हादसा हुआ और उन्होंने घायल की कोई मदद नहीं की अगर ट्रैफिक दारोगा समय रहते घायल शिवा को अस्पताल पहुंचा देते तो शायद उनकी जान बच सकती थी। अस्पताल में हंगामे की खबर पाकर पहुंची कृष्णानगर पुलिस ने किसी तरह उन लोगों को समझा-बुझाकर शांत कराया और छानबीन के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं अस्पताल में घटना की जानकारी होते ही पीआरडी जवानों के साथ अजातशत्रु शाही उपनिदेश मुख्यालय वह क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी मौके पर उपस्थित हुए। जिनके द्वारा शिवा के परिवार को मौके पर ?50000 की धनराशि की आर्थिक मदद प्रदान की गई कुछ पीआरडी जवानों पर आक्रोश भी दिखा उनका कहना था कुछ अधिकारियों ने उनका फोन भी नहीं उठाया और ना मृतक के परिजनों का हाल-चाल भी नहीं लिया। फिलहाल पुलिस ने डम्फर चालक को हिरासत में लेकर डम्फर को कब्जे में ले लिया है

# दो दुकानो में हुयी चोरियों का खुलासा, एक चोर माल समेत गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज। बीते महीनो में कपड़े व इलेक्ट्रॉनिक्स दुकानो में हुई चोरियों का खुलासा करते हुए पुलिस ने एक शातिर चोर को गिरफ्तार उसके पास से कुछ कपड़े व इलेक्ट्रॉनिक सामान बरामद किया।डीसीपी ने शातिर चोर को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम को दस हजार रुपए ईनाम देने की घोषणा की हैं।ज्ञात हो बीत फरवरी माह में मोहनलालगंज कस्बे में प्रमोद तिवारी की कपड़ो की दुकान से अज्ञात चोरो ने दो लाख रुपए से अधिक का माल समेत हजारो की नगदी पार कर दी थी.उक्त घटना के कुछ दिन बाद ही बैखोफ चोरो ने खुजौली बाजार में स्थित भाजपा नेता सूबेदार की इलेक्ट्रॉनिक्स दुकान से लाखों रुपए के उपकरण व नगदी उड़ा दी थी।दोनो ही दुकानदारो की तहरीर पर अज्ञात चोरो पर मुकदमा? दर्ज कर चोरी की घटनाओ के खुलासे के लिये डीसीपी दक्षिणी तेज स्वरूप सिंह ने इंस्पेक्टर आलोक राव के नेतृत्व में पुलिस व क्राइम की संयुक्त टीमो को लगाया था।बीते रविवार को टीमो ने मुखबिर की सूचना पर शातिर चोर सूरज सिंह निवासी सराय चन्देल खानपुर थाना सुबेहा जनपद बाराबंकी को नगराम मोड़ से उस समय गिरफ्तार किया जब वो चोरी का सामान बेचने आया था।पुलिस टीमो ने थाने लाकर शातिर चोर सूरज से पुछताछ के बाद उसकी निशानदेही पर गोमतीनगर विस्तार के एक मकान से चोरी का माल बरामद किया।इंस्पेक्टर आलोक राव ने बताया शातिर चोर के पास से एक मोबाइल फोन,होम थियेटर सेट तीन,दो शर्ट,पांच पैंट व दो लेडीज कुर्ता व 580रुपए की नगदी बरामद की गयी है।बरामद माल के साथ चोर को न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया हैं।डीसीपी तेज स्वरूप सिंह ने दोनो चोरी की घटनाओ का खुलासा करने वाली पुलिस व क्राइम टीमो को दस हजार रुपए नगद पुरस्कार देने की घोषणा की हैं।

# तेज रफ्तार बाइक सवार ने स्कूटी सवार को मारी टक्कर, एक की मौत दूसरा घायल

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर लखनऊ।सरोजनीनगर इलाके में सोमवार को एक स्कूटी और बाइक में आमने-सामने टक्कर होने से स्कूटी सवार रिटायर्ड शिक्षक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। जबकि बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे घायलावस्था में लोक बंधु अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस के मुताबिक सरोजनीनगर के मुरली विहार कॉलोनी निवासी रिटायर्ड शिक्षक राम उजागर शर्मा (72) सोमवार दोपहर करीब 1 बजे स्कूटी से अपनी गाय को खदेड़ते हुए उल्टी दिशा से अपने घर जा रहे थे। तभी हज हाउस के पास गाय अचानक कानपुर रोड पर बीच सड़क में आ गई। इस दौरान हज हाउस की तरफ से आ रहे तेज रफ्तार बाइक सवार आशियाना के सेक्टर-एफ कॉलोनी निवासी आदित्य गुलाटी (26) गाय को बचाने के चक्कर में स्कूटी के सामने आ गया और स्कूटी व बाइक में आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गयी। इस घटना में राम उजागर शर्मा के सिर में गंभीर चोट लगने से उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जबकि घायल आदित्य को पुलिस की मदद से लोक बंधु अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उधर पुलिस ने परिजनों की माँग पर पंचनामा भरकर शव को उन्हें सौंप दिया।

# एयरपोर्ट पर विमान के डस्टबिन में 67 लाख रुपए कीमत का सोना बरामद

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर लखनऊ। राजधानी लखनऊ के चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट पर सोमवार को विमान के डस्टबिन में करीब 67 लाख रुपए कीमत का सोना बरामद हुआ। बताते चलें कि विदेश से बिना सीमा शुल्क चुकाए लखनऊ एयरपोर्ट पर सोना लाने के मामले थम नहीं रहे हैं। ऐसे तस्कर लगातार कस्टम विभाग की जांच के दौरान एयरपोर्ट पर पकड़े जाते रहते हैं। लेकिन इसके बावजूद भी उनमें जरा सा भी खौफ नहीं। सोमवार को बैंकॉक से लखनऊ एयरपोर्ट पहुंची उड़ान (एफडी 146) से उतरे यात्रियों के बाद कस्टम विभाग ने विमान की जांच की तो उसके डस्टबिन में 999 ग्राम सोना मिला। यह सोना बार के रूप में ढालकर उक्त विमान से लखनऊ लाया गया था। फिलहाल कस्टम विभाग ने बरामद सोने को जब्त कर लिया है और इसे लाने वाले की जानकारी का प्रयास किए जा रहे हैं। बरामद सोने की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में 66.93 लाख रुपए बताई जा रही है।

# सीस्टोन सिरप एवं लिव-52 को बिक्री योग्य पाया गया

लखनऊः आयुर्वेद निदेशालय द्वारा 12 मार्च, 2024 को फर्म हिमालया वेल्सनेस कम्पनी, बैंगलुरु, कर्नाटक द्वारा निर्मित आयुर्वेदिक औषधि सीस्टोन सीरप एवं लिव-52 को प्रतिबिन्धित किया गया था। जिसे आयुष मंत्रालय भारत सरकार के ड्रग पॉलिसी सेक्शन के दिनांक 19 मार्च 2024 द्वारा प्राप्त निदेर्शों एवं फर्म के स्पष्टीकरण पर सम्यक विचारोपरान्त फर्म हिमालया वेलनेस कम्पनी, बंगलुरू कर्नाटक के सीस्टोन सीरप एवं लिव-52 को बिक्री योग्य पाया गया है। यह जानकारी निदेशक, आयुर्वेद सेवाएं उ0प्र0 के लाइसेंस प्राधिकारी/निदेशक डा0 पी.सी. सक्सेना द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति मे दी गयी है।

# सपा घर-घराने और नाते-रिश्तेदारों से आगे नही बढ़ पाई : भूपेंद्र सिंह

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ ।भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने मंगलवार को समाजवादी पार्टी को परिवारवादी पार्टी बताते हुए कहा कि सपा घर-घराने और नाते-रिश्तेदारों से आगे नही बढ़ पाई है।उन्होंने कांग्रेस को भी निशाने पर लेते हुए कहा कि कांग्रेस के युवराज मोहब्बत की दुकान खोले घूम रहे है, उन्हें बताना चाहिए कि उनके गठबंधन के साथी सपा प्रमुख की सरकार में मुजफ्फरनगर दंगों को लेकर उनको क्या कहना है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष मंगलवार को मुरादाबाद में लोकसभा चुनाव में पार्टी के प्रत्याशी सर्वेश सिंह के नामांकन के अवसर पर उपस्थित रहे।

इस अवसर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में पिछले 10 वर्षों में जो काम हुए हैं, उन कामों को लेकर हम जनता के बीच में आये हैं। उन्होंने मोदी जी के 400 पार के संकल्प को पूरा करने के लिए जनता जनार्दन से मतदान में बढ़चढ़ कर भाजपा को वोट देने की अपील की। उन्होंने कहा कि मोदी जी ने भारत को विकसित भारत बनाने का जो संकल्प लिया है वह संकल्प अवश्य पूरा होगा। देश की जनता मोदी जी के साथ खड़ी हुई है। मोदी जी की वजह से दुनिया में भारत की जो प्रतिष्ठा और मान सम्मान बढ़ा है, वह अकल्पनीय था। उन्होंने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा सरकार की गरीब कल्याण, कमजोर वर्ग के लिए लाभार्थीपरक योजनाओ का लाभ समाज के अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति तक पहुंच रहा है। आज पूरा देश मोदी की गारंटी पर विश्वास कर रहा है। विकसित भारत के संकल्प के साथ जन जन मोदी की गारंटी पर विश्वास व्यक्त कर रहा है और जनता का मोदी पर यही विश्वास देश में फिर एक बार मोदी सरकार - अबकी बार 400 पार के लक्ष्य को पूर्ण करते हुए तीसरी बार भाजपा की सरकार बनाने जा रहा है।

# रंजिश में दबंगो ने युवक को पीटा, मुकदमा दर्ज

लखनऊ।निगोहां थाना क्षेत्र के बघौना गांव में रंजिश के चलते एक युवक को लोहे की रोड से हमला कर घायल कर दिया। पुलिस ने घायल को उपचार के लिए सीएचसी भेजा और पीड़ित द्वारा दी गई तहरीर पर मुकदमा दर्ज का जांच शुरू कर दी। निगोहां के बघौना गांव निवासी निहाल सिंह ने बताया कि होलिका दहन पर रात में करीब 9:00 बजे उसका भाई विशाल नदौली गांव की होलिका दहन में जा रहा था तभी गांव के ही कृष्णपाल रंजिश के चलते अपने बेटे पवन, बेटी रोशनी, और प्रिंस के साथ मिलकर उसके भाई को रास्ते मे रोक लिया और लोहे की रॉड से हमला कर लहूलुहान कर दिया। एसओ निगोहां अनुज कुमार तिवारी ने बताया कि दी गई तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है घायल को उपचार के लिए सीएचसी भेजा गया है जांच की जा रही।

# सपा नेता अब्दुल मन्नान ने जनसंपर्क में होली मिलन पर दिया भाईचारे का संदेश



अमन लेखनी समाचार

लखनऊ।बहराइच समाजवादी पार्टी के लोक प्रिय नेता जिला कोषाध्यक्ष अब्दुल मन्नान ने समाजवादी नेता अनिल यादव के घर पहुंच कर गंगा जमुनी तहजीब के साथ होली मिलन कार्यक्रम में पहुंचकर एक संदेश दिया ।राजनीतिक कारणों के चलते हम सब अपनी एकता जुटता को किसी भी कीमत कर नहीं खोने देंगे।होली पर्व पर सपा नेता अनिल यादव को उनके समर्थकों को बधाई दी एक दूसरे से गले मिलकर प्यार बांटने का काम किया।इस अवसर अनिल यादव के आवास पर होली मिलन के लिए हम लोगों के दिल अजीज अब्दुल मन्नान जिला कोषाध्यक्ष बहराइच, आबाद भाई ,,महिला सभा की जिलाध्यक्ष श्रीमती मनु देवी जी, वेद प्रकाश द्विवेदी,टन्नू अग्रवाल,ज्ञानेन्द्र द्विवेदी, शैलेन्द्र यादव,रितेश यादव, आहद, सहित सैकड़ों लोगों से मिलकर होली की बधाई दी।

# प्लांट में लगा समर्सेबल समेत अन्य सामान चोरो ने उड़ाया

मोहनलालगंज। बिंदौवा में बैखोफ चोर पूर्व विधायक के प्लॉट में लगा समर्सेबल सहित अन्य सामान चोरी कर लिया।पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात चोर पर मुकदमा दर्ज कर तलाश में जुट गयी है।पूर्व सपा विधायक अम्ब्रिश पुष्कर का उनके पैतृक गांव बिंदौवा में प्लॉट है जहां से बीते शनिवार की देर रात बैखोफ चोरो ने समरसेबल,बोरिंग समेत अन्य सामान चोरी कर किया।केयरटेकर रविवार को प्लाट पर पहुंचा ओर सामान गायब देखा तो पूर्व विधायक को सूचना दी।पूर्व विधायक के कार्यालय प्रभारी राम सुमिरन की तहरीर पर पुलिस अज्ञात चोरो पर मुकदमा दर्ज कर तलाश में जुट गयी है।इसके पहले भी बैखोफ चोरो दो बार पूर्व विधायक के खेतो में लगे सोलर पैनल चोरी कर चुके है लेकिन पुलिस दोनो की चोरी की घटनाओ का खुलासा करने में नाकाम रही थी।

## संक्षेप

### दो बाइकों की आमने सामने भिंड़त, एक की मौत, दो घायल

उन्नाव। असोहा थाना क्षेत्र में दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत होने से तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की सूचना राहगीरों ने पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को उपचार के लिए नजदीकी सीएचसी में भर्ती कराया। जहां डॉक्टर ने एक युवक को मृत घोषित कर दिया। दोनों घायलों के बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। पुलिस ने पहचान के बाद घटना की जानकारी परिजनों को दी और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।जानकारी के अनुसार सिसेंडी चौकी क्षेत्र के हलगी गांव का रहने वाला सुजीत उर्फ बउवा (24) पुत्र अयोध्या बाइक से जा रहा था। अशोक थाना क्षेत्र के लाला खेड़ा चौराहे के पास ही पहुंचा था कि सामने से आ रही एक तेज रफ्तार बाइक की आमने सामने भिड़ंत हो गई। दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत होने से बाइक पर सवार तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। टक्कर लगने के बाद दोनों के वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। राहगीरों ने घटना की जानकारी असोहा थाना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को उपचार के लिए नजदीकी सीएचसी में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने सुजित को मृत घोषित कर दिया और दो युवकों को बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल रेफर कर कर दिया।सूचना पर युवक के परिजन मॉच्युरी पहुंचे और शव देखकर रोने लगे। बताया जा रहा है कि युवक की 20 अप्रैल को बोधी खेड़ा गांव में शादी होनी थी। त्योहार पर मौत होने के बाद खुशियां मातम में बदल गई। पुलिस ने के शव का पोस्टमॉर्टम कराया है। असोहा थाना प्रभारी राम अवतार ने बताया कि घटना की जानकारी पर पुलिस पहुंची थी। आवश्यक विधि कार्रवाई की जा रही है।

### महिला ने ससुराली जनों पर दर्ज कराया दहेज उत्पीड़न का मुकदमा

बीघापुर, उन्नाव। ससुराली जनों द्वारा लगातार दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित किए जाने व मारपीट किए जाने को लेकर पीड़िता ने संबंधित थाने में पति सहित पांच लोगों के खिलाफ तहरीर दी तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी बीघापुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम रैठाना निवासिनी चेतना मिश्रा पुत्री स्व दुर्गा प्रसाद त्रिपाठी का विवाह 518/49 खजुरिया बाग कल्याणी देवी उन्नाव निवासी हरीश मिश्रा पुत्र राम निरंजन मिश्रा के साथ हिंदू रीति रिवाज के अनुसार 8 फरवरी 2023 को हुआ था विवाह में मायके पछ ने अपनी हैसियत के अनुसार लगभग 15 लाख रुपए विवाह में खर्च किए लेकिन उसके पति हरीश मिश्रा ससुर राम निरंजन मिश्रा जेठ अंशू मिश्रा जेठानी मीनू सास आशा खुश नहीं थी लगातार दहेज की मांग को लेकर मार पीट व प्रताड़ित करती थी परेशान होकर महिला ने संबंधित थाने में पति सहित पांच लोगों के खिलाफ तहरीर दी तहरीर के आधार पर पुलिस ने पांच लोगो पर मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी।

# होली पर बरसाई जाती एक दूसरे पर पिचकारियों की गोली

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। जनपद के जैतीपुर में होली पर रंगों का युद्ध होता है पूरे गांव के लोग पिचकरिया रंग गुलाल लेकर आमने-सामने खड़े होकर दो भागों में बट जाते हैं और युद्ध भूमि में जैसे गोलियां चलती हैं वैसे ही पिचकारी में रंग भरकर एक दूसरे पर डालते हैं जिस पार्टी का रंग देर तक चलता है वह विजय घोषित कर दिया जाता है यह परंपरा कई वर्षों से चली आ रही है जैतीपुर गांव सैकड़ो वर्षों से अनूठी होली का गवाह बनता चला आ रहा है यहां पर होली पर युद्ध भूमि जैसा नजारा नजर आता है पूरा गांव यहां की बाजार में एकत्र होता है फिर गांव के लोग दो भागों में बट जाते हैं और एक दूसरे के आमने-सामने लगभग 20 फीट की



दूरी पर हाथ में पिचकारी या लेकर खड़े हो जाते हैं दोनों तरफ ड्रम आदि में रंग घोलकर रख दिया जाता है दोनों तरफ के लोग भी दूरी बनी रहे इसलिए बीच में एक मोटा रस्सा लेकर दो लोग पकड़ कर खड़े होते हैं जो लगातार रस्से को घूमाते रहते हैं इसके बाद दोनों तरफ के लोग पिचकारियों से एक दूसरे पर रंग डालते हैं दोनों तरफ की महिलाएं अपने-अपने समूह का हौसला अफजाई के लिए एकत्र होती है और होली के गीत गाती हैं दोनों तरफ गोलियों की तरह पिचकारियों से जमकर रंगों का हमला किया जाता है जिस समूह का रंग देर तक चलता है उसे विजेता घोषित कर दिया जाता है स्थानीय निवासी शिवमंगल ने बताया कि यह होली हमारे यहां काफी पहले बुजुर्गों से चली आ रही है बाजार में रंग खेला जाता है यहां एक दूसरे से हिंदू मुसलमान सभी मिलते हैं जैतीपुर के ही रहने वाले प्रदीप निगम बताते हैं कि हमारे यहां सदियों से यह परंपरा चली आ रही है जो समूह देर तक रंग खेलता हैं उसे विजय घोषित कर दिया जाता है ग्राम प्रधान कहते हैं हमारे यहां हिंदू मुस्लिम सभी इसमें भाग लेते हैं सदियों से परंपरा चली आ रही है हम रंग की तैयारी पहले से ही करते हैं।

# धूम धाम से मनाया गया होली का पर्व

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। जनपद के मुख्यालय सहित ग्रामीण अंचलों में रविवार को देर रात तक होलिका दहन हुआ नगर व गांव में बच्चे युवा वृद्ध सब होलिका के पास एकत्र हुए और पूजा अर्चना के बाद होलिका दहन किया गया शुक्लागंज कस्बा स्थित राजधानी मार्ग का टेंपो स्टैंड हुआ गोपीनाथ पूरम मोहल्ले सहित जनपद के 3000 से अधिक स्थानों पर होली जलाई गई विधि विधान के साथ पूजन किया गया कई जगहों पर ढोल बाजे के साथ लोग होलिका दहन स्थल पर लोग जमकर झूमे होली पर्व को लेकर सभी को लंबे समय से इंतजार था वह बीती देर रात होलिका दहन के बाद पूरा हुआ जनपद के शहरी इलाकों में जमकर होली खेली खेली गई वहीं ग्रामीण इलाकों की बात करें तो गांवों में भी जमकर ग्रामीणों ने होली खेली जाए होली खेली वही एक दूसरे के घरों में जाकर गले मिल बधाई देते रहे बेहद धूमधाम



से इस पर्व को मनाया गया होली पर पर कई इलाके ऐसे हैं जो संवेदनशील माने जाते हैं जहां जरा सी बात पर विवाद और झगड़ा हो सकते थे घटनाओं को रोकने के लिए उन इलाकों को चिन्हित कर भारी पुलिस बल की तनाती कर दी गई थी लोगों से पुलिस ने अपील की ही थी कि शांतिपूर्ण ढंग से त्योहार को मानये नगर के विभिन्न स्थानों पर सजाई गई होलिका की महिलाओं ने पूजा अर्चना की ऐसी मान्यता है कि होलिका के चारों ओर सूत का धागा बांधने से सुख समृद्धि में बढ़ोतरी होती है जिसके चलते होलिका सजाने के बाद जगह-जगह मारवाड़ी महिलाओं ने वृद्धि दर से होलिका की पूजा की ये कहा जाता है की होली पर गाने की पूजा करने का विशेष महत्व है इस बार दुकानों पर भाव आसमान छूते रहे खरीदारों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ा बाजार में 50 से ?70 में बिक रहे गन पिचकारी दामों को सुनकर लोगों के होश उड़ गए कई दुकानों पर दामों को लेकर लोग मोल भाव करते हुए नजर आए इस बार होली पर्व को देखते हुए नगर के कई स्थान पर स्पाइडर मैन मोदी नृत के दाम और देवी कार्टून भूत प्लास्टिक मुख्याटो की जमकर खरीदारी हुई इसके अलावा नकली बिग की मांग बहुत रही बच्चों से लेकर युवाओं ने इसकी जमकर खरीदारी की लोगों ने बताया मुख्टा लगाने से चेहरे की सुरक्षा रहती है साथ ही बिग लगाने से होली पर भी बालों की रंगत बनी रहती है।

# अधेड़ और किशोरी ने फांसी लगाकर की खुद्कुशी

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। जनपद के अलग-अलग थाना क्षेत्र में रहने वाले एक अधेड़ और किशोरी ने त्योहार के दिन फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली जिससे त्यौहार की खुशियां मातम में बदल गई सूचना पर पहुंची पुलिस में जांच पड़ताल कर दोनों के शव को पीएम के लिए भेजा है।

गंगा घाट कोतवाली क्षेत्र के ब्रह्म नगर निवासी महेंद्र शुक्ला 50 पुत्र राममोहन शुक्ला किराए के मकान में रहता है जहां उसने सोमवार को अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। कुछ देर बाद परिवार ने फंदे पर लटका देखा तो उनकी चीख निकल गई। शोर सुन आसपास के लोगों की भिड़े कटरा हो गई सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल कर सबको फंदे से नीचे उतरवाया जिसके बाद पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।


दूसरी घटना असोहा थाना के जबरेला गांव निवासी संतोष कुमार त्रिपाठी की 17 वर्षीय बेटी मान्या त्रिपाठी ने कमरे में साड़ी के फंदे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली जिसकी जानकारी किशोरी की मां मालती त्रिपाठी ने थाना पुलिस को दी सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल कर सबको फंदे से नीचे उतरवाया जिसके बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा है वहीं पुलिस ने बताया कि परिजन फांसी लगाने का कारण नहीं बता सके हैं पूछताछ की जा रही है।

# पुलिस लाइन परिसर में एसपी ने किया होलिका दहन

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। होलिका दहन की धूम नगर में ही नहीं बल्कि पुलिस लाइन परिसर में भी रही पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ शंकर मीणा ने विधि विधान के साथ होलिका दहन किया होली का उल्लास पुलिस लाइन में सुबह से ही छाया रहा पुलिस लाइन परिसर में होलिका दहन का आयोजन देर रात किया गया पुलिस लाइन परिसर में स्थित मंदिर के पुजारी पवन ने वैदिक मंत्रोचार के साथ पूजन शुरू कराया पुलिस अधीक्षक मुख्य यजमान की भूमिका में रहे पूजा दर्शन के बाद एसपी ने होलिका में आग

प्रचलित की इसके बाद होलिका धू धू कर जलने लगी इस मौके पर पुलिस लाइन परिसर में रहने वाले



पुलिसकर्मी अपर पुलिस अधीक्षक अखिलेश सिंह सी ओ सिटी सोनम सिंह आर आर आई अब्दुल रशीद मौजूद रहे सभी ने एक दूसरे को गले लगा कर होली के शुभकामनाएं दी सभी के उज्जवल भविष्य की कामना की गई पुलिस लाइन परिसर में सुबह से ही होली का उल्लास छाया रहा पुलिस कर्मियों ने रात से ही बधाई संदेश भेजना शुरू कर दिया था पूजा अर्चना के दौरान मौजूद पुलिस कर्मियों से एसपी ने कहा कि होली का पर्व बेहतर से बेहतर तरीके से मनाए लेकिन इसके साथ ड्यूटी का भी निर्वहन करें आज रात में जनपद के कई स्थानों पर होली का दहन होगा इसको लेकर कोई लापरवाही न होने पाएं।

# कार के अंदर अवैध असलहा का वीडियो वायरल

अमन लेखनी समाचार



बीघापुर, उन्नाव। कार के अंदर अवैध असलहा लहराते हुए युवक का अन्य युवकों के साथ वीडियो वायरल हो गयो लेकिन आप का अपना अमन लेखनी समाचार पत्र वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है थाना बिहार क्षेत्र के एक युवक द्धारा कार के अंदर अन्य युवकों के साथ अवैध असलहा लहराते हुए वीडियो किसी साथी युवक के द्धारा सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया लोगों के अन्दर न कानून का भय न पुलिस वर्दी का डर लगातार लोग अवैध असलहा लेकर प्रदर्शन करना रील बनाना आदि फैसन बन गया है जो लगातार पुलिस के लिए चुनौती बना हुआ हैं यह वीडियो किस क्षेत्र का कहा का हैं इसका दैनिक अमन लेखनी समाचार पत्र पुष्टि नहीं करता है।

# कार की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत, साथी घायल

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। दही थाना क्षेत्र के दीनदयाल स्टेडियम के पास एक तेज रफ्तार करने बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगने से बाइक में सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों को जिला अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया। जहां डॉक्टर ने एक युवक को मृत घोषित कर दिया। वहीं दूसरे का उपचार शुरू किया है। पुलिस ने पहचान के बाद घटना की जानकारी उनके परिजनों को दी है। मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

जानकारी के अनुसार दही थाना क्षेत्र के जवाहर खेड़ा गांव के रहने वाले धर्मेंद्र कुमार व उसका साथी




सोनेलाल एक ही बाइक पर सवार होकर किसी काम से साथ निकले थे। अभी वह थाना क्षेत्र के पंडित दीनदयाल स्टेडियम के पास ही पहुंचे थे। कि सामने से आ रहे एक तेज रफ्तार अनियंत्रित करने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने से बाइक पर सवार धर्मेंद्र और सोनेलाल गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने मौके पर कार को पकड़ लिया और घटना की जानकारी दही थाना पुलिस को दी। एक्सीडेंट की सूचना पर दही थाना प्रभारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और उन्होंने दोनों घायलों का एंबुलेंस की मदद से उपचार के लिए जिला अस्पताल भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने धर्मेंद्र को मृग घोषित कर दिया और सोनेलाल की हालत गंभीर देखते हुए उपचार शुरू किया है। पुलिस ने पहचान के बाद धर्मेंद्र के परिजन लक्ष्मण को घटना की जानकारी दी। मोर्चरी पहुंचे परिजनों का रो रो कर बुरा हाल होता रहा पुलिस ने मृतक के शव का पंचायत नामा भर पोस्टमार्टम की कार्रवाई कराई है। थाना प्रभारी ने बताया कि परिजनों के द्वारा अभी तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। तहरीर मिलने के बाद मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

# हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया होली का त्योहार

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। सोमवार और मंगलवार को तहसील मुख्यालय बांगरमऊ से लेकर गांव नगरों तक होली की धूम रही। बच्चे, युवा, बूढ़े व महिलाएं हर कोई होली के रंगों में सराबोर दिखा। जगह जगह लोग डीजे की धून पर झूमते नजर आये। एक-दूसरे को रंग गुलाल लगाकर होली की बधाई दी।खासकर युवाओं ने अलग अलग टोलियों में बंटकर होली का जमकर लुत्फ उठाया। हर लोगों में उत्साह, उमंग व श्रद्धा का माहौल सिर चढ़कर बोल रहा था। कहीं फूलों की होली खेली तो कहीं रंग, अबीर व गुलाल उड़ाये गये। ढोल नगाड़ों पर लोग खूब थिरकते नजर आये।युवाओं की टोलियां बांगरमऊ शहर के साथ नगर पंचायत गंज मुरादाबाद, फतेहपुर चौरासी के गली-मुहल्लों में रंग-गुलाल उड़ाती रही। कुछ ने पिचकारियों से रंग बरसाया तो कुछ ने बाल्टियों से रंग उडेलकर होली खेली। बच्चों ने पिचकारी से होली खेली तो युवाओं ने रंगों की बाल्टियों से एक दूसरे को खूब भिगोंया।

बुजुर्गों ने एक दूसरे को गुलाल से तिलक लगाकर गले मिलकर एक दूसरे को बधाई दी। लोगों ने एक-दूसरे के घर जाकर आशीर्वाद लिया और मिठाईयां आदि लजीज व्यंजनों का लुत्फ उठाया।इससे पूर्व होलिका दहन कर बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश दिया। महिलाओं ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना की।इधर होली को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये थे। होली में हुड़दंगियों पर नजर बनाये रखने के लिए जगह-जगह पुलिस बल तैनात दिखे।

# ग्रामीणों के सहयोग से हरदेव बाबा तक बना सम्पर्क मार्ग

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर चौरासी,उन्नाव। आज के युग में जहां लोग अपनी सुई की नोंक के बराबर भूमि नहीं जाने देते।एक दूसरों की भूमि हड़पने के किस्से सामने आते हैं। वहीं एक ग्राम पंचायत के नागरिकों ने ग्रामीणों के आवागमन के लिए डामर रोड से हरदेव बाबा स्थान तक जानें के लिए करीब तीन मीटर चौड़ा खड़ंजा सम्पर्क मार्ग बनाने के लिए अपनी जमीनें दान कर एक नजीर कायम की है।यह आदर्श प्रस्तुत किया है विकास खंड फतेहपुर84 के ग्राम पंचायत कठिघरा के ग्रामीणों नें।

फतेहपुर84 ब्लाक के कठिघरा ग्राम पंचायत में ग्राम प्रधान कुलदीप कुमार धर्म के कार्यों में रुचि लेकर प्रति वर्ष ग्रामीणों के श्रमदान से किसी न किसी मन्दिर प्रांगण तक खड़ंजा सम्पर्क मार्ग अथवा मन्दिरों का सौंदर्यीकरण कराते रहते हैं।इसी तरह होली के दूसरे दिन उन्होंने डामर रोड से हरदेव बाबा तक जाने के लिए ग्रामीणों से सम्पर्क मार्ग के लिए जमीन मांगकर उसमें खड़ंजा सम्पर्क मार्ग बिछवाने का कार्य किया है।जिसमें लगातार की भांति इस बार भी ग्रामीणों नें श्रमदान किया।आपको बता दें कि इससे पूर्व ग्राम प्रधान कुलदीप कुमार नें भुईहारी माता,कालीमाता में खड़ंजा सम्पर्क मार्ग लगवा चुके हैं।वहीं बाबा साहब अम्बेडकर,भुईहारी माता, सैय्यद बाबा,खुनखुनिया बाबा,आदि मन्दिरों का जीर्णोद्धार भी करा चुके हैं।

# तरावीह की नमाज में कुरआन पाक का पहला दौर मुकम्मल

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। नगर के मोहल्ला मस्तू टोला में स्थित मस्जिद अली में बीती रात शनिवार को तरावीह की नमाज में कुरआन पाक का पहला दौर शहर काजी सैय्यद ज़ियाउल आरफीन साहब व हाफिज हैदर अली की जेरे निगरानी में हाफि ज अनस कमर द्वारा मुकम्मल किया गया। इस मौके पर रमजान की फजीलत बयान करने के साथ ही साथ रोजा और नमाज पर भी खिताब किया गया। इस मौके पर मौलाना फैसल, मौलाना अफसार, हाफिज अनस कमर ने कुरआन और रमजान की फजीलत बयान की। इस मौके पर हाफिज फिरोज, हाफि ज शकील, अकील, मुफीस वारसी, सैय्यद सिराजुल आरफीन, हाजी लईक अहमद, मुईन रजा, मो०कैफ सहित सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद रहे। प्रोग्राम के आखिर में शहर काजी सैय्यद ज़ियाउल आरफीन द्वारा मुल्क में अमन-चैन खुशहाली और तरक्की की दुआएं मांगी गई।

# अनियंत्रित बाइक सवार पुलिया से टकराया हुई मौत

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। बिहार थाना क्षेत्र के अंतर्गत युवक की सड़क दुर्घटना में दर्दनाक मौत हो गई। मौके पर पहुँची स्थानीय पुलिस द्वारा शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया ।थाना क्षेत्र के गाँव पहाड़पुर निवासी रोहित पुत्र सुरेंद्र सिंह सोमवार को सायं 3 बजे घर से यह बता कर निकला कि वह अपनी मोटरसाइकिल में मुड़ियन खेड़ा स्थित पेट्रोल टंकी में पेट्रोल डलवाने जा रहा है ।पेट्रोल पंप के पास पिथईखेड़ा गाँव के पास उसकी मोटरसाइकिल पुलिया से टकरायी हुई मिली। बाइक सवार रोहित की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई ।परिजनों को सूचना मिलते ही कोहराम मच गया ।मौके पर पहुँची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। म्रतक गाँव मे दूध डेयरी का काम किया करता था। म्रतक के दो पुत्र ईसान 11 वर्ष व ऋषि 6 वर्ष है। पत्नी प्रियंका सहित पूरे परिवार का रो-रो कर बुरा हाल है।

# अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को मारी टक्कर, हुई मौत

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। दही थाना क्षेत्र के दरोगा खेड़ा के पास सोमवार देर रात अज्ञात वाहन ने बाइक सवार युवक को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया मौके पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल भेजा जहां डॉक्टरों ने म्रत घोषित कर दिया। म्रतक की पहचान खेमचेपुर फरुर्खाबाद कन्नौज संजू पुत्र राजेंद्र के रूप में हुई है। संजू अपनी ससुराल पुरवा कोतवाली क्षेत्र के सूरजापुर देर शाम मंगत खेड़ा पुरवा जा रहा था संजू की शादी 3 वर्ष पहले रानी के साथ हुई थी। अधिकतर वह अपने



मायके सूरजापुर में ही रहती है। सोमवार को संजू उन्नाव तक किसी साधन से आया था। अपनी पत्नी से उसने किसी को लिवाने भेजने की बात कही तो पत्नी ने उन्नाव से ही लौट जाने की बात कही। वह वही से कन्नौज लौट गया और जिस मिठाई की दुकान पर वह काम करता था वहां से बाइक लेकर आया और देर रात हादसा हो गया। घटना से पत्नी रानी बेटी रूबी सहित परिजनों का रो-रोर बुरा हाल रहा था। थाना अनुराग सिंह ने बताया कि वह अपनी ससुराल जा रहा था उसी दौरान घटना हुई परिजनों को सूचना दे दी गई है।

# होली त्योहार में अत्यधिक शराब के सेवन से नाली में गिरे व्यक्ति की हुई मौत

### त्योहार में शराब बंदी के आदेशो का सुचारू रूप से पालन होता तो एक घर का नही बुझाता चिराग

अमन लेखनी समाचार



हमीरपुर ।प्रशासन के रोक के उपरांत भी जनपद में परंपरागत होली त्योहार के त्योहार में जगह जगह शराब की विक्री जोरो पर रही जिसके कारण जरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत गोहांड कस्बे के गांधीनगर इलाके में अत्यधिक शराब पीने के लती एक युवक की नाली के पास गिरने से मौके पर ही मौत हो गई। राहगीरों ने जब युवक को मृत अवस्था में पड़ा हुआ देखा तो परिजनों को मामले की जानकारी दी। घटना की जानकारी लगते ही मृतक युवक के परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस के द्वारा मृतक युवक के शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्यवाही पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम हेतू शव विच्छेदन ग्रहः भेजा है ।प्राप्त जानकारी के अनुसार जनपद के जरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत गोहांड कस्बे के गाँधी नगर इलाके का निवासी 38 वर्षीय प्रदीप पुत्र रामेश्वर जो की अत्यधिक शराब पीने का लती था। जो अत्यधिक शराब के नशे में धुत होकर वह मोहल्ले में ही नाली के पास गिर गया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक के परिजनों ने बताया कि मृतक प्रदीप खेती किसानी कर अपने परिवार का भरण पोषण करता था ।अपने पीछे पत्नी नीतू, मां श्याम, व छोटे भाई अनिल के अलावा 6 वर्षीय इकलौते पुत्र मोनू सहित अन्य सभी परिजनों को रोता बिलखता हुआ छोड़ गया है। मामले में जरिया थाना के प्रभारी इंस्पेक्टर ने बताया कि मृतक युवक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेजा गया है। पर सबसे बड़ी बात तो यह है कि प्रशासन द्वारा होली के त्योहार के दौरान नशीले पदार्थ की विक्री पर पूर्णता प्रतिबंध कर दिया था ।पर यह प्रतिबंध खाली सुनने औ ? देखने भर के लिए था ।अगर इस प्रतिबंधित आदेश का सुचारू रूप से पालन कराया गया होता तो यह हादसा न हुआ होता और न ही एक घर का चिराग बुझा होता ।हालांकि इस हादसे से होली के रंग में भंग हो गया और इस हादसे से समुचे कस्वे मे गम भरा माहौल हो गया।

## चिंतन

# बढ़ते प्रदूषण रोकने को ठोस एक्शन हो

प्रदूषण रोकने के मुद्दे पर सरकारें लगातार विफल साबित हो रही हैं। हर वर्ष दिवाली के आसपास दिल्ली एनसीआर की हवाएं जहरीली हो जाती हैं, आरोप प्रत्यारोप का दौर शुरू होता है। सरकारें एक-दूसरे राज्यों पर ठीकरा फोड़ती हैं, उपायों के नाम पर खानापूर्ति कर ली जाती है, लेकिन प्रदूषण से निबटने की न ही कोई ठोस कार्ययोजना बनती है और न ही उस पर कोई काम होता है। सुप्रीम कोर्ट से लेकर एनजीटी (राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण) तक की सख्ती व निदेशों का कड़ाई से पालन नहीं होता है। चाहे हम क्लाईमेट करार पर हस्ताक्ष कर लें, या कॉप में बनी सहमति पर चलने का संकल्प लें, सच्चाई यह है कि देश में सरकारों की प्राथमिकता प्रदूषण रोकना बन ही नहीं पाई है। बात चाहे वायु प्रदूषण की हो, या नदियों की सफाई की हो या बढ़ते जल प्रदूषण की बात हो, न ही सरकार गंभीर है और ना ही नागरिक जागरूक हैं। हम सपना विकसित देश बनने का देख रहे हैं, पर प्रदूषण तक को नियंत्रित नहीं कर पा रहे हैं। हरित विकास के बड़े बड़े दावे झूठ साबित हो रहे हैं। पिछले कई वर्षों से दिल्ली-एनसीआर की हवाएं प्रदूषित होती गई हैं, जिससे वह सांस लेने लायक नहीं बची है। इस क्षेत्र में सांस जनित रोगियों की संख्या में लगातार वृद्धि हुई है। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र की हवा का स्तर 3 साल बाद अक्टूबर में सबसे खराब दर्ज किया गया है। दिल्ली में हवा की क्वालिटी लगातार गिर रही है। एसएएफएआर इंडिया की रिपोर्ट के मुताबिक अक्टूबर के आखिरी दिन राजधानी का एयर क्वालिटी इंडेक्स 327 दर्ज किया गया, जो अभी भी लगातार बढ़ रहा है। सेंट्रल पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड के डेटा के मुताबिक अक्टूबर 2020 में दिल्ली का औसत एक्यूआई 257 दर्ज किया गया था। अक्टूबर 2021 में 173 और अक्टूबर 2022 में 210 एक्यूआई दर्ज किया गया था। औद्योगिक राजधानी मुंबई के हालात भी ठीक नहीं हैं। यहां भी हवा की क्वालिटी बेहद खराब कैटेगरी में चल रही है। वैज्ञानिकों के मुताबिक कम बारिश होना पॉल्यूशन बढ़ने की बड़ी वजह है। इस साल अक्टूबर में सिर्फ एक दिन 5.4 मिमी बारिश हुई, जबकि अक्टूबर 2022 में 6 दिन 129 मिमी और अक्टूबर 2021 में 7 दिन 123 मिमी बारिश हुई थी। दिल्ली के आसपास के राज्यों में पराली जलाने को भी प्रदूषण बढ़ने का एक मुख्य कारण माना जा रहा है। पंजाब समेत देश के उत्तरी हिस्सों में पराली जलाना अभी भी जारी है। इसके कारण दिल्ली, नोएडा, गुरुग्राम और आस-पास के इलाकों में हवा में धुंध बढ़ रही है। इस साल अब तक 2500 से ज्यादा पराली जलाने के मामले सामने आ चुके हैं। हालांकि खेत में आग लगने की संख्या पिछले दो सालों की तुलना में कम है। उद्योगों व वाहनों से निकलने वाली जहीरीली धुएं के चलते भी वायु प्रदूषण बढ़ रहा है। प्रदूषण को कम करने के लिए दिल्ली के कुछ हिस्सों में एंटी-स्मॉग गन से पानी का छिड़काव किया गया है। दिल्ली-एनसीआर में ग्रैप-2 के तहत कोयला और लकड़ी के उपयोग पर प्रतिबंध है। ग्रेडेड रिस्पॉन्स एक्शन प्लान (ग्रैप) दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में प्रदूषण से निपटने को बनाए गए नियम है। दिल्ली-एनसीआर में खराब होती हवा के बीच ग्रैप का तीसरा चरण लागू कर दिया गया है। जब एयर क्वॉलिटी 401-450 के बीच पहुंचती है तब ग्रैप का तीसरा चरण लागू होता है। अभी वायु प्रदूषण रोकने के लिए ठोस कार्ययोजना पर अमल की जरूरत है।



दो टूक

डा. जयंतीलाल भंडारी

रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) के द्वारा प्रकाशित ताजा रिपोर्ट के मुताबिक इस वर्ष 2023 में ग्रामीण और शहरी दोनों ही जगहों पर बेरोजगारी दरों में कमी आई है। घरेलू मांग में लगातार मजबूती की बदौलत पिछले 10 महीनों से रोजगार का पर्चेजिंग मैनेजर्स इंडेक्स (पीएमआई) 50 से ऊपर चल रहा है। इस इंडेक्स के 50 से ऊपर रहने का मतलब है कि रोजगार में सकारात्मक बढ़ोतरी हो रही है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के द्वारा जारी आँकड़ों के मुताबिक देश में पिछले छह वर्षों में बेरोजगारी दर छह फीसदी से घटकर 3.2 फीसदी पर आ गई है। ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में बेरोजगारी दर में बढ़ी कमी आई है।

# डिजिटल कौशल से बढ़े रोजगार के मौके

इन दिनों देश की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था और रोजगार से संबंधित विषयों पर प्रकाशित हो रही विभिन्न रिपोर्टों में कहा जा रहा है कि देश में अर्थव्यवस्था के बढ़ने, डिजिटल विकास तथा गिग अर्थव्यवस्था के कारण ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में बेरोजगारी की दर कम हो रही है और रोजगार के नए मौके बढ़ रहे हैं। हाल ही में रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) के द्वारा प्रकाशित ताजा रिपोर्ट के मुताबिक इस वर्ष 2023 में ग्रामीण और शहरी दोनों ही जगहों पर बेरोजगारी दरों में कमी आई है। संगठित क्षेत्रों में भी वर्ष 2020 के सितंबर माह के बाद रोजगार की अच्छी स्थिति दिख रही है। घरेलू मांग में लगातार मजबूती की बदौलत पिछले 10 महीनों से रोजगार का पर्चेजिंग मैनेजर्स इंडेक्स (पीएमआई) 50 से ऊपर चल रहा है। इस इंडेक्स के 50 से ऊपर रहने का मतलब है कि रोजगार में सकारात्मक बढ़ोतरी हो रही है। अर्थव्यवस्थाओं के रोजगार संकेतकों के मुताबिक आने वाले महीनों में रोजगार में बढ़ोतरी जारी रहने की उम्मीद की जा रही है।

निश्चित रूप से कौशल और डिजिटल स्किल्स पर आधारित नए दौर के रोजगार के मौके छलांगे लगाकर बढ़ रहे हैं। 12 अक्टूबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कौशल विकास मंत्रालय के द्वारा नई दिल्ली में आयोजित कौशल दीक्षा समारोह को वर्चुअली संबोधित करते हुए कहा कि पिछले एक दशक में सरकार ने कौशल विकास व डिजिटल स्किल्स विकास में सबसे अधिक निवेश करके रोजगार निर्माण को नई ऊँचाई पर पहुँचा दिया है। यही कारण है कि देश में बेरोजगारी पिछले छह वर्षों के सबसे निचले स्तर पर पहुँच गई है। ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में बेरोजगारी कम हो रही है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था में युवाओं के रोजगार की नई संभावनाएं पैदा हो रही हैं। अब भारत के द्वारा कुशल मानव शक्ति का पावर सेंटर बनने के जो प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं, उनसे निर्मित नए दौर के रोजगार के अधिक मौकों से नई पीढ़ी लाभांवित होगी।

हाल ही में राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के द्वारा जारी आँकड़ों के मुताबिक देश में पिछले छह वर्षों में बेरोजगारी दर छह फीसदी से घटकर 3.2 फीसदी पर आ गई है। ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में बेरोजगारी दर में बढ़ी कमी आई है। निश्चित रूप से जहाँ ग्रामीण क्षेत्रों में बेरोजगारी दर घटाने में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) की अहम भूमिका है, वहीं शहरी बेरोजगारी घटाने में कौशल विकास और डिजिटल स्किल्स की अहम भूमिका दिखाई दे रही है। उल्लेखनीय है कि देश में शहरी बेरोजगारी दर चालू वित्त वर्ष 2023-24 की पहली तिमाही (अप्रैल-जून) में 6.6 प्रतिशत रह गई है, जबकि कोविड के दौरान वित्त वर्ष 2021-22 की अप्रैल-जून तिमाही में शहरी बेरोजगारी दर 12.6 प्रतिशत दर्ज की गई थी, उसके बाद से शहरी इलाकों में बेरोजगारी दर लगातार कम हो रही है।

यदि हम कोरोनाकाल के बाद शहरी रोजगार बढ़ने के परिदृश्य को देखें तो पाते हैं कि जहाँ एक ओर शहरी क्षेत्रों में गिग इकोनॉमी में रोजगार छलांगे लगाकर आगे बढ़ा है, वहीं कौशल और डिजिटल विकास की योजनाओं से



युवाओं को सुसज्जित करके रोजगार के मौके बढ़ाए गए हैं। गिग इकोनॉमी का मतलब है अनुबंध आधारित या अस्थायी रोजगार (गिग वर्क) वाली अर्थव्यवस्था। गिग अर्थव्यवस्था के तहत गिग वर्कर प्रोजेक्ट-दर-प्रोजेक्ट आधार पर काम करते हैं या सेवाएं देते हैं और वे यह चुनने के लिए स्वतंत्र होते हैं कि वे कब, कहां और कितना काम करेंगे? डिजिटलीकरण के प्रसार ने गिग अर्थव्यवस्था को अभूतपूर्व ऊँचाइयों पर पहुँचा दिया है। वस्तुतः गिग अर्थव्यवस्था डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म और ऑनलाइन मार्केटप्लेस से संचालित होती है जो गिग वर्कर्स को खास तरह की सेवाओं की तलाश करने वाले कस्टमर्स से जोड़ती है। ये प्लेटफ़ॉर्म बायर्स और सेलर्स के बीच ट्रांजैक्शन को सुविधाजनक बनाते हैं।

जहाँ देश के शहरी क्षेत्रों में गिग अर्थव्यवस्था के तहत रोजगार के मौके तेजी से बढ़ रहे हैं, वहीं देश में कौशल और डिजिटल विकास से संबंधित सरकारी योजनाओं से शिक्षित-प्रशिक्षित युवाओं के लिए शहरों में अच्छे करियर के मौके बढ़े रहे हैं। चूंकि बड़ी संख्या में देश और दुनिया की कारोबार गतिविधियां अब ऑनलाइन हो गई हैं और वर्क फ्रॉम होम (डब्ल्यूएफएच) करने की प्रवृत्ति को व्यापक तौर पर मिली स्वीकार्यता से आउटसोर्सिंग को बढ़ावा मिला है। भारत के आईटी सेक्टर के द्वारा गुणवत्तापूर्ण सेवाओं से वैश्विक उद्योग-कारोबार इकाइयों का भारत की आईटी कंपनियों पर भरोसा बढ़ा है। इन दिनों प्रकाशित हो रही वैश्विक रोजगार रिपोर्टों में भारत की कौशल प्रशिक्षण नई पीढ़ी के लिए रोजगार के मौके बढ़ने की टिप्पणियां की जा रही हैं। विश्व प्रसिद्ध मैकिंजी ग्लोबल इंस्टीट्यूट के द्वारा वैश्विक रोजगार रिपोर्ट में कहा गया है कि जहां भारत में डिजिटल अर्थव्यवस्था में वर्ष 2025 तक ऑटोमेशन, रोबोटिक्स और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के चलते करीब छह से साढ़े छह करोड़ रोजगार अवसर पैदा हो सकते हैं, वहीं इसकी वजह से करीब चार से साढ़े चार करोड़ परंपरागत नौकरियां समाप्त हो सकती हैं। ऐसे में 2025 तक डिजिटलीकरण से करीब 2 करोड़ से अधिक नई नौकरियाँ निर्मित होते हुए दिखाई देंगी। इसमें कई ऐसी डिजिटल नौकरियाँ होगी जिनके नाम तक हमने नहीं सुने हैं।

निश्चित रूप से भारत की डिजिटल स्किल्ड नई पीढ़ी के लिए अच्छे रोजगार के मौके देश के साथ-साथ दुनिया के विभिन्न देशों-अमेरिका, जापान, ब्रिटेन और जर्मनी आदि में औद्योगिक और कारोबार आवश्यकताओं में तकनीक और नवाचार के इस्तेमाल के कारण बढ़ते जा रहे है। इन क्षेत्रों में प्रमुख रूप से आईटी, हेल्थकेयर, नर्सिंग, इलेक्ट्रिकल, इलेक्ट्रॉनिक्स, फुड प्रोसेसिंग, जहाज निर्माण, विमानन, कृषि, अनुसंधान, विकास, सेवा व वित्त आदि है। रोजगार की बदलती हुई डिजिटल दुनिया में भारत पूरी तरह से लाभ की स्थिति में हैं।

ऐसे में नई पीढ़ी को अच्छी अंग्रेजी, कम्प्यूटर-आईटी दक्षता, कोडिग स्किल्स, कम्युनिकेशन स्किल्स, जनसंचार, वेब डिजाइन, कौशल बाजार अनुसंधान, आर्टिफिशयल इंटेलिजेंस, ऑटोमेशन, क्लाउड कम्प्यूटिंग, मशीन लर्निंग, डेटा साइंस जैसी उन्नत प्रौद्योगिकियों से भी सुसज्जित किया जाना होगा। अब देश में स्किल इंडिया डिजिटल से कौशल, शिक्षा और उद्यमशीलता के लिये डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना का पूरा लाभ लेते हुए नई पीढ़ी के लिए अधिक से अधिक रोजगार अवसर निर्मित किए जाने होंगे। साथ ही देश में इस वर्ष 2023-24 से शुरू प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना 4.0 के माध्यम से देश के युवाओं को निर्धारित किए गए तकनीक क्षेत्रों में बड़ी संख्या में कौशल और प्रशिक्षण से सुसज्जित करके रोजगार की डगर पर आगे बढ़ाना होगा।

## मुद्दा

रोहित कौशिक




# गंभीर जल संकट की चेतावनी

हाल ही में संयुक्त राष्ट्र विश्वविद्यालय-पर्यावरण और मानव सुरक्षा संस्थान द्वारा प्रकाशित 'अंतरसंबद्ध आपदा जोखिम रपट 2023' में एक बार फिर जल संकट की चेतावनी दी गई है। रपट में बताया गया है कि 2025 तक उत्तर-पश्चिमी क्षेत्र में भूजल का गंभीर संकट पैदा हो सकता है। इस क्षेत्र में हरियाणा और पंजाब का क्षेत्र भी शामिल है। यह क्षेत्र बड़ी मात्रा में खाद्यान्न पैदा करता है। इस अध्ययन में यह जानकारी भी दी गई है कि पंजाब के अठहत्तर फीसद कुएं अतिदोहन का शिकार हैं। इस दौर में जल संकट लगातार गहराता जा रहा है, हम जागरूक रहकर काफी मात्रा में पानी बचा सकते हैं। पिछले दिनों संयुक्त राष्ट्र द्वारा जारी विश्व जल रिपोर्ट में जल संकट को लेकर चिन्ता व्यक्त की गई थी। इस रिपोर्ट में कहा गया था कि कृषि की बढ़ती जरूरतों ,खाद्यान उत्पादन ,ऊर्जा उपभोग ,प्रदूषण और जल प्रबन्धन की कमजोरियों की वजह से स्वच्छ जल पर दबाव बढ़ रहा है। रिपोर्ट के अनुसार विश्व के कई देश गंभीर जल संकट से जूझ रहे हैं। ऐसी स्थिति में यदि पानी की बर्बादी नहीं रोकी गई तो यह समस्या विकराल रूप ले सकती है। हमारे देश में भी वैज्ञानिकों ने घोषणा की है कि भूजल स्तर घटने के कारण जल्दी ही देश को गम्भीर जल संकट का सामना करना पडेगा

बुद्धिजीवियों द्वारा जब भी जल संकट की चर्चा की जाती है तो इस चर्चा में वर्षा जल के संग्रहण की सलाह दी जाती है। सरकार जन-जागरण अभियान के तहत सरकारी औपचारिकताओं को निभाने के लिए पत्र-पत्रिकाओं में भी वर्षा जल संग्रहण के विज्ञापन प्रकाशित कराती है। लेकिन इस मामले में अभी तक नतीजा ढाक के तीन पात ही है। गौरतलब है कि भारत में मात्र पन्द्रह प्रतिशत जल का ही उपयोग होता है शेष जल बेकार बहकर समुद्र में चला जाता है। इस मामले में इजराइल जैसे देश ने ,जहां वर्षा का औसत 25 सेमी से भी कम है ,एक अनोखा उदाहरण पेश किया है। वहां जल की एक बूंद भी खराब नहीं जाती है। अतिविकसित जल प्रबन्धन तकनीक के कारण वहां जल की कमी नहीं होती है। जल संकट से निपटने के लिए हमें भी अपने देश में ऐसा ही उदाहरण पेश करना होगा। वर्षा के जल को जितना हम जमीन के अन्दर जाने देंगे उतना ही हम जल संकट को दूर रखेंगे। इस विधि से मिटटी का कटाव भी रुकेगा और हमारे देश को सूखे और अकाल का सामना भी नहीं करना पडेगा। एक आंकडे के अनुसार यदि हम देश के जमीनी क्षेत्रफल में से सिर्फ पांच फीसदी क्षेत्र में होने वाली वर्षा के जल का संग्रहण कर सके तो एक बिलियन लोगों को प्रतिव्यक्ति सौ लीटर पानी प्रतिदिन मिल सकता है। आज हालात यह हैं कि वर्षा का 85 फीसदी जल बरसाती नदियों के माध्यम से समुद्र में बेकार बह जाता है। फलस्वरूप निचले इलाको में बाढ़ आ जाती है। यदि इस जल को जमीन के भीतर पहुंचा दिया जाए तो इससे एक ओर बाढ़ की समस्या काफी हद तक समाप्त हो जाएगी वहीं दूसरी ओर भूजल स्तर भी बढ़ेगा।

जनसंख्या में हुई तीव्र वद्धि से हमारे देश में जल की खपत लगातार बढ़ती जा रही है। हालांकि सतही एवं भूमिगत दोनो ही स्रोतों से जल का उपयोग किया जा रहा है लेकिन भूमिगत जल पर हमारी निर्भरता कुछ अधिक ही है। भूमिगत जल की अत्यधिक निकासी से इसका जल स्तर लगातार नीचे खिसकता जा रहा है। गौरतलब है कि दुनिया के क्षेत्रफल का लगभग सत्तर फीसदी भाग जल से भरा हुआ है लेकिन पीने लायक मीठा जल सिर्फ तीन फीसदी ही है। शेष खारा जल है। इसमे से भी हम सिर्फ एक फीसदी मीठे जल का ही उपयोग करते हैं। धरती पर उपलब्ध सम्पूर्ण जल ,जल चक्र मे चक्कर लगाता रहता है। यह दुर्भाग्यपूर्ण ही है कि औद्योगीकरण एवं जनसंख्या विस्फोट के कारण जहां एक ओर जल प्रदूषण बढ़ रहा है तो वहीं दूसरी ओर जल चक्र भी बिगड़ता जा रहा है। हालांकि विश्व में उपलब्ध कुल जल की मात्रा आज भी उतनी ही है जितनी कि दो हजार साल पहले थी। अन्तर है तो बस इतना कि उस समय पृथ्वी की जनसंख्या आज की तुलना में सिर्फ तीन फीसद ही थी। हमारे देश में समस्त उपलब्ध जल के 90 प्रतिशत का उपयोग कृषि उत्पादन में किया जाता है ,जिसमें खाद्य उत्पादन का अनुपात 35 प्रतिशत है। यदि कृषि उत्पादन में समुचित जल निकासी एवं जल उपयोग के वैज्ञानिक तरीकों का इस्तेमाल किया जाए

## जीवन ऊर्जा पर करें मन को केंद्रित




संकलित

दर्शन

बुद्धिमान व्यक्ति इस ब्रह्मांड, इस संसार से परे चले जाते हैं और अमरत्व को प्राप्त कर लेते हैं। लेकिन कैसे? वस्तुतः हमारे भीतर कुछ ऐसा होता है, जो कभी नहीं मरता, जो कभी बूढ़ा नहीं होता। इस बारे में प्रत्येक व्यक्ति अपने ढंग से सोचता है। अगर आप देखें तो छोटे बच्चे बड़े हो रहे हैं और स्थितियां भी बदल रही हैं, लेकिन कई बार आप महसूस करते हैं कि आप नहीं बदल रहे हैं। कुछ लोग कहते हैं- मैं तो बूढ़ा हुआ ही नहीं/हुई ही नहीं। भीतर से आपको महसूस होता है कि सिर्फ समय बीता है, आपमें कोई परिवर्तन नहीं हुआ है। यह सच भी है, क्योंकि आपके भीतर एक ऐसा अंश है, जो न तो बदलता है और न ही मरता है। यही एक दूसरी दुनिया है, जहां अमरत्व है। मृत्युलोक वह है, जहां सब कुछ बदल जाता है। मृत्यु का अर्थ है परिवर्तन या क्षय। आप इस नाशवान संसार से अमरत्व, अपरिवर्तनशील संसार, शाश्वत-आत्मा की ओर मुड़ जाते हैं, जो आपके भीतर है। आपके मन के पीछे है। आत्मा वह नहीं है, जिसे आप देख सकें, बल्कि वह है, जिसे आप अपने भीतर महसूस करते हैं। यह प्राणों का प्राण है। जब प्राण उच्च स्तर में होता है, तब आप हर परिस्थिति में मुस्कुरा सकते हैं। आप अपनी दैनिक गतिविधियों में प्राण ऊर्जा को खर्च करते हैं। यदि आप प्राण की कमी को पूरा किए बिना प्राण को खर्च करते रहते हैं, तब आपको अवसाद घेर लेता है। जीवन विरोधी चिह्न शरीर में उत्पन्न होने लगते हैं और सौंदर्य नष्ट होने लगता है। अपने प्राण, अपने श्वास का निरीक्षण करें।

## तुलसीदास जी द्वारा श्रीराम के दर्शन का उपाय



संकलित

प्रेरणा

एक ब्राह्मण दिनभर गोस्वामी जी के कुटिया के बाहर बैठकर लोभवश राम-राम रटता। संध्या के समय श्रीहनुमान जी उसे धन दे देते थे। एक वार उसने भगवान के दर्शन के लिए बड़ा हठ किया। गोस्वामी जी ने कहा: उसके लिए प्रेम और भाव चाहिए, संत की कृपा चाहिए। ऐसे ही एकदम भगवान नहीं मिलते। उसने कहा: आप समर्थ महापुरुष है, आप भगवान् के दर्शन करवा सकते है। वह हठ पर अड़ गया। गोस्वामी जी ने कहा: ठीक है यहां सामने इस पेड़ पर चढ़ जाओ, पेड़ के नीचे त्रिशूल गाढ़ दो और उस त्रिशूल पर कूद पड़ो। भगवान के दर्शन हो जायेंगे। वह त्रिशूल गाडकर वृक्षपर चढ़ा, परंतु कूदने की हिम्मत नहीं हुई। एक घुडसवार उधर से जा रहा था, उसने पूछा: पेड़ पर क्या कर रहे हो? ब्राह्मण बोला: तुलसीदास जी ने कहा है पेड़ पर से त्रिशूल पर कूदो तुम्हे भगवान श्रीराम के दर्शन होंगे। उस व्यक्ति ने कहा: क्या सच में यह बात तुलसीदास जी के श्रीमुख से निकली है? ब्राह्मण बोला: जी हाँ ! वह व्यक्ति तुरंत पेड़ पर चढ़कर त्रिशूलपर कूद पड़ा। उसे भगवान ने आकर हाथ से पकड़ लिया और उसे श्रीराम के दर्शन प्राप्त हो गये। हनुमान जी ने उसे तत्त्वज्ञान का उपदेश भी दिया। गोस्वामी जी ने सत्य ही कहा था, जिनमें प्रेम-भाव हो एवं संत की कृपा हो वही भगवान के दर्शन पाता है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### सड़क हादसों का बढ़ता ग्राफ चिंताजनक

हाल ही में सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने देश में सड़क हादसों में जान गंवाने वाले लोगों का जो आंकड़ा पेश किया है, जो कि वर्ष 2022 का ही है, वह बहुत ही चिंता का विषय है। इन आंकड़ों के अनुसार हमारे देश में लगभग 4 लाख से ऊपर सड़क दुर्घनाएं हुईं। इनमें लगभग एक लाख से ऊपर लोगों की मौत और लगभग 4 लाख से ऊपर घायल हुए। लेकिन यह भी हो सकता है कि कुछ सड़क हादसे ऐसे हों जिनका कोई रिकॉर्ड न हो, जैसे कि टूटी-फूटी गलियों या सड़कों पर हुए हों, जिनका पुलिस केस न बना हो। बढ़ते सड़क हादसों की समस्या तो आतंकवाद और नक्सलवाद से भी बड़ी समस्या है। सरकार हमारी सुविधा के लिए सड़कों का विस्तार कर रही है, इन्हें अच्छा बना रही है, लेकिन इनका प्रयोग कैसे सावधानी से करना है, यह तो हमारी जिम्मेदारी है न!

*– महेश ठाकुर, गरियाबंद*

## ट्रेंड

### प्रेरणादायक यात्राएं



मुझे हमारे प्रेरक एथलीटों से मिलने का सम्मान मिला। जिन्होंने एशियाई पैरा खेलों में भारत का प्रतिनिधित्व किया था। उनमें से प्रत्येक साहस, दृढ़ संकल्प और अदम्य भावना का प्रतीक है। इनकी दृढ़ता और प्रतिभा की यात्राएं प्रेरणादायक हैं।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### खंभे धंस रहे



मैंने मेदिगड्डा बैराज का दौरा किया, जो तेलंगाना में भ्रष्टाचार से ग्रस्त कालेश्वरम लिफ्ट सिंचाई योजना का एक हिस्सा है। कई खंभों में दरारें आ गई हैं और रिपोर्टों से संकेत मिलता है कि खंभे धंस रहे हैं।

-राहुल गांधी, कांग्रेस नेता

### 70 घंटे काम



सोशल मीडिया पर एक शानदार वीडियो देखा जो 70 घंटे काम करने का चमकदार उदहारण है। जब हम सप्ताह में 70 घंटे काम की खूबियों पर चर्चा करते हैं तो हमें स्मार्ट तरीके से काम करने के बारे में भी सोचने की जरूरत है। इस ओर किसी का ध्यान नहीं गया।

-हर्ष गोयनका, उद्योगपति

### मनोरंजन कर सकता हूं



यह अविश्वसनीय है कि आप में से इतने सारे लोग देर रात आकर मुझे शुभकामनाएं देते हैं। मैं तो महज एक अभिनेता हूं। मुझे इस बात से ज्यादा खुशी कुछ भी नहीं है कि मैं आपका थोड़ा मनोरंजन कर सकता हूं।

-शाहरुख खान, अभिनेता

## करंट अफेयर

# फुकुशिमा परमाणु संयंत्र से जल छोड़ा जाना शुरू

जापान में 2011 में आई सुनामी में क्षतिग्रस्त हुए फुकुशिमा परमाणु संयंत्र से तीसरे चरण की प्रक्रिया के तहत शोधित एवं हल्का रेडियोधर्मी अपशिष्ट जल बृहस्पतिवार से समुद्र में डालना शुरू कर दिया गया है। अधिकारियों ने बताया कि पहले दो चरण की प्रक्रिया को बिना किसी बाधा के पूरा कर लिया गया था। प्लांट संचालक की ओर से पहले दो चरण की प्रक्रिया के तहत प्रत्येक चरण में 7,800 टन शोधित पानी समुद्र में छोड़ा गया था और तीसरे चरण में 20 नवंबर तक इतनी ही मात्रा में पानी छोड़ने की योजना है।



## ऑफ बीट

# क्या कॉफी वाकई कैफीन मुक्त होती है

डिकैफ़िनेटेड या 'कैफीन मुक्त' कॉफ़ी व्यापक रूप से उपलब्ध है, और इसकी खपत में वृद्धि होने की सूचना है। यहां आपको कैफीन मुक्त कॉफ़ी के बारे में



जानने की आवश्यकता है: यह कैसे बनाई जाती है, स्वाद, लाभ – और क्या यह वास्तव में कैफीन मुक्त है। डिकैफ़ कैसे बनता है? कॉफ़ी बीन की सुगंध और स्वाद को बरकरार रखते हुए कैफीन को हटाना कोई आसान काम नहीं है। डिकैफ़ कॉफ़ी हरे, बिना भुने कॉफ़ी बीन्स से उनकी कैफीन सामग्री को हटाकर बनाई जाती है और इस तथ्य पर निर्भर करती है कि कैफीन पानी में घुल जाता है। कैफीन को हटाने के लिए तीन मुख्य तरीकों का उपयोग किया जाता है:

## संक्षेप

### मुरादाबाद में करंट की चपेट में आए लाइनमैन की मौत

**बिजलीघर पर डेडबॉडी रखकर हंगामा; 3 महीने में बिजली विभाग की लापरवाही से दूसरी मौत**

मुरादाबाद, मुरादाबाद में बिजली विभाग की लापरवाही ने एक संविदा लाइनमैन की जान ले ली। लाइनमैन विवेकानंद बिजलीघर पर 33 केवीए लाइन का जंफर जोड़कर नीचे उतर रहा था। तभी बराबर से गुजर रही हाईटेंशन लाइन की चपेट में आ गया। लाइनमैन के 33 केवीए पर जाते समय पड़ोस की एचटी लाइन की सप्लाई विभागीय अधिकारियों ने बंद नहीं की थी। जिसकी वजह से उसकी मौत हो गई। संविदा लाइनमैन की मौत से गुस्साए उसके परिजनों और साथियों ने संविदा कर्मी की डेडबॉडी को विवेकानंद बिजलीघर पर रखकर हंगामा शुरू कर दिया है। परिजन इस मामले में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई और मृतक के परिजनों को मुआवजे व नौकरी की मांग कर रहे हैं। आक्रोशित लोगों को समझाने के लिए सीओ कोतवाली अर्पित कपूर और बिजली विभाग के चीफ इंजीनियर आरके बंसल मौके पेर मौजूद हैं। बता दें कि 3 महीने पहले सिविल लाइंस में एचटी लाइन पर काम कर रहे एक संविदा लाइनमैन की मौत भी विभाग की लापरवाही से चली गई थी। शटडाउन लेकर संविदा लाइनमैन पोल पर चढ़ा था लेकिन उसके काम खत्म करके नीचे उतरने से पहले ही सप्लाई शुरू कर दी गई। इस मामले में भी अधिकारियों ने कार्रवाई का आश्वासन दिया था लेकिन आज तक दोषियों पर एक्शन तो दूर उन्हें चिह्नित तक नहीं किया गया। सिविल लाइन थाना क्षेत्र में शेरुआ धर्मपुर चौराहा निवासी संजीव कुमार (35 साल) बिजली विभाग में संविदा लाइनमैन था।

### 32 साल चला 54 रुपए की कोयला चोरी का मुकदमा

**मुरादाबाद पुलिस वारंट लेकर पहुंची तो हुई एफआईआर की जानकारी; माफीनामे पर खत्म हुआ केस**

मुरादाबाद, 54 रुपए की कोयला चोरी का मुकदमा मुरादाबाद के रेलवे कोर्ट में पूरे 32 साल तक चला। हैरानी की बात ये है कि जिसके खिलाफ ये केस इतने सालों तक चला उसे एफआईआर की भनक तक नहीं लगी। मामला तब सामने आया जब मुरादाबाद आरपीएफ की एक टीम कोर्ट का वारंट लेकर बरेली में मुल्जिम को अरेस्ट करने उसके घर पहुंची। मुरादाबाद आरपीएफ बरेली में मेडिकल स्टोर संचालक के कर्मचारी विपिन उर्फ इमानवेल पॉल को अरेस्ट करके मुरादाबाद ले आई। कोर्ट में पेश करके उसे जेल भेज दिया गया। हालांकि जेल में ही माफीनामा देने पर कोर्ट ने उसे रिहा करने का आदेश दिया। इसके बाद विपिन उर्फ इमानवेल पॉल को जेल से रिहा कर दिया गया है। मामला वर्ष 1992 का है। बरेली में एक मेडिकल स्टोर पर काम करने वाले विपिन उर्फ इमानवेल पॉल उस समय 15 साल के थे।

# भाजपा ने बहराइच सुरक्षित सीट से सांसद पुत्र डॉ आनंद गोंड को दिया टिकट

## पिता की विरासत बचाने की भी जिम्मेदारी

**अमन लेखनी समाचार/मिथिलेश जायसवाल**



मोतीपुर, बहराइच। लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने बहराइच सुरक्षित सीट से अपने उम्मीदवार की घोषणा कर दी है। उम्मीदवार की घोषणा होते ही टिकट की लाइन में लगे हुए अन्य योद्धा सब किनारे लग गए हैं। वही टिकट पाने वाले वर्तमान सांसद अक्षयवर लाल गोंड के इकलौते पुत्र डॉ आनंद कुमार गोंड चुनावी तैयारी में जुट गए हैं। 56 लोकसभा बहराइच सुरक्षित सीट से भारतीय जनता पार्टी ने अटकलों पर विराम लगाते हुए पार्टी उम्मीदवार का चयन कर घोषणा किया है। इससे पहले टिकट के लिए चचाओं में वर्तमान सांसद अक्षयवर लाल गोंड तथा उनके पुत्र डॉ आनंद कुमार गोंड के साथ ही वर्तमान बलहा विधायक सरोज सोनकर के नाम की चचाएँ थी। लेकिन पार्टी ने चचाओं पर विराम लगाते हुए सांसद पुत्र डॉ आनंद कुमार गोंड पर भरोसा जताते हुए उन्हें प्रत्याशी घोषित किया है। प्रत्याशी घोषित होते ही डॉक्टर आनंद कुमार गोंड के समर्थकों में खुशी की लहर है। चारों ओर से लोग उन्हें बधाइयां दे रहे हैं। ज्ञात हो कि डॉक्टर आनंद कुमार गोंड सांसद पुत्र होने के साथ ही व्यापारी हैं तथा कई संस्थानों में पदाधिकारी के रूप में सक्रियता के साथ कार्य कर रहे हैं। डॉ आनंद गोंड पिछले लोकसभा चुनाव से ही टिकट की दावेदारी पेश कर रहे थे लेकिन पिछली बार उनके पिता अक्षयवर लाल गोंड को विधायक रहते हुए टिकट मिला था। जिसके बाद अक्षयवर लाल गोंड सांसद चुने गए थे। लेकिन इस बार पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने आनंद पर भरोसा जताते हुए उन्हें चुनावी मैदान में उतारा है अब डॉक्टर आनंद कुमार को पार्टी के शीर्ष नेतृत्व पर खरा उतरने के साथ ही पिता की विरासत बचाने की भी जिम्मेदारी होगी। वही डॉक्टर आनंद कुमार गोंड के चुनाव जीतने की बात करें तो केंद्र की मोदी और प्रदेश की योगी सरकार के द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के साथ ही आनंद की साफ सुथरी छवि चुनाव में नैया पार लगाने में मददगार साबित होगी।

# समाजसेवी के आवास पर हुआ होली मिलन समारोह

**अमन लेखनी समाचार**



रुपईडीहा, बहराइच। ब्लॉक नवाबगंज क्षेत्र के ग्राम पंचायत चौगोंई विलासपुर में समाजसेवी धीरेन्द्र कुमार शर्मा के आवास पर होली मिलन समारोह आयोजित हुआ जिसके मुख्य अतिथि नवाबगंज थाना प्रभारी राकेश कुमार पाण्डेय व विशिष्ट आरक्षित अब्दुल्ला गंज रेंज के डिप्टी रेंजर शंभूनाथ यादव एवं प्रधान संगठन के जिला अध्यक्ष तक्मश खां रहे। होलिका दहन के बाद होली के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकार संजय गुप्ता को भारत माता का चित्र भेंट कर सम्मानित किया गया और वरिष्ठ पत्रकार जमील अंसारी एवं रामेश सिंह को अंगवस्त्र से सम्मानित किया गया। होली मिलन समारोह में उपस्थित सभी ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगा कर गले मिल कर भाई चारे का संदेश दिया। जहां इस अवसर पर मुख्य अतिथि थाना प्रभारी ने कहा की यह त्योहार एक भाईचारे का संदेश देता है। इस अवसर पर अभिनाश यादव, भोला यादव, पूजारी मुरारी नाथ शर्मा वेदाचार्य शास्त्री रवि शर्मा समाजसेवी रुपेश पाठक, धीरेन्द्र कुमार शर्मा, वन्दना शर्मा, किरन कुमारी, साबित राम, सहित ग्रामीण एवं समाजसेवी उपस्थित रहे।

# शांतिपूर्ण माहौल में सकुशल सम्पन्न हुई होली



**न्यू मीडिया हाउस पर खेली गई होली, लोगों ने एक दूसरे को दी शुभकामनाएं**


**अमन लेखनी समाचार**

बाबागंज, बहराइच। सीमावर्ती रूपईडीहा थाना क्षेत्र में होली का त्यौहार काफी धूमधाम से सौहार्दपूर्ण वातावरण में भाईचारे के साथ मनाया गया। बड़े-छोटे सभी होली के मस्ती में सराबोर रहे। क्षेत्र में रंगो का त्यौहार होली सोमवार को धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। लोगों ने एक दूसरे कों रंग-गुलाल लगाया व प्रेम व भाईचारे के साथ होली खेली व शुभकामनायें दी। इस दौरान जगह-2 डीजे की धुन लोग शाम तक नाचते झूमते देखे गए। शांतिपूर्ण ढंग से होली पर्व को संपन्न करने के लिए थाना प्रभारी रूपईडीहा शमशेर बहादुर सिंह, चौकी इंचार्ज बाबागंज राम गोविन्द वर्मा, डायल 112 व दलबल के साथ पूरे दिन शांतिपूर्ण होली सम्पन्न कराने में जुटे रहे। वहीं कस्बा बाबागंज स्थित न्यू मीडिया हाउस पर क्षेत्रीय पत्रकारों समाजसेवियों व जनप्रतिनिधियों ने पहुंचकर होली खेली और एक दूसरे को होली की शुभकामनाएं दी।

# दया अगर लिखने बैठूं, होते है अनुवादित राम

## रामोत्सव पर श्रीराम पर केंद्रित रहीं रचनाएं, शकील आजमी, अंजुम रहबर, मोहन दानिश खूब पसंद किए गए

**अमन लेखनी समाचार**



अयोध्या, अयोध्या के तुलसी उद्यान में आयोजित रामोत्सव के साहित्य संस्कृति मंच पर राष्ट्रीय मुशायरा अदब ए राम में देश के प्रख्यात शायरो के केंद्र में श्रीराम रहे। मुशायरा का आरम्भ शकील आजमी, अंजुम रहबर, मोहन दानिश सहित मंच पर बैठे शायरों ने दीप जलाकर किया। मुशायरे का आगाज करते हुए चिराग शर्मा ने तुम्हें ये गम है कि चिट्ठियां नही आती, हमारी सोचो हमें हिचकियां नही आती पढ़कर किया। इसके बाद श्वेता श्रीवास्तव अजल ने कहा कथ्य तो इतना है, सत्य तो इतना है, सब यहां है रामजी के, रामजी सभी के है, तो पांडाल तालियों से गूंज उठा। दीक्षित दनकौरी ने तरन्नुम में पढ़ा ए गजल पास आ, तुझे गुनगुना लूं तो मुशायरे का माहौल बन गया इसके बाद उनकी गजल के शेर मैं सादा हूं, सजा संवरा नही हूं, पर इतना भी गया गुजरा नही हूं पर श्रोताओं की जमकर दाद मिली। शारिक कैफी ने शेर उसकी टीस नही जाती है सारी उम्र, पहला धोखा पहला धोखा होता है। अच्छे चेहरे अच्छे चेहरे होते है, उनके भी एक अपनावाला होता है, सुनाकर सभी को मंच के साथ जोड़ लिया। संचालन कर रहे शायर अजहर इकबाल के हर शेर पर लोगो ने खूब वाह वाह किया अपने खास अंदाज में उर्दू और हिंदी के समन्वय के लिए प्रख्यात शायर ने कहा दया अगर लिखने बैठूं, होते है अनुवादित राम, रावण को भी नमन किया ऐसे थे मर्यादित राम से उन्होंने मुशायरे की परिकल्पना को साकार किया। इसके बाद पढ़ा जब भी उनकी गली में भ्रमण होता है, उनके ही दरवाजे पर आत्मसमर्पण होता है। हर युग में जन्म लेते है राम, पैदा हर युग में रावण होता है।

मुंबई से आए गीतकार शकील आजमी ने कहा मैं हूं इंसान तो होने का पता दे जंगल, राम जैसे थे मुझे वैसा बना दे जंगल। वाल्मिकी बने कोई मेरे लवकुश के लिए, मेरे बच्चो को जीने कि अदा दे जंगल। ऊंचाइयों पर पहुंच चुके इस मुशायरे में मदन मोहन दानिश ने कहा ठहराव में और रवानी में राम है, गोया हमारी प्यास में और पानी में राम है। रावण की झूठी ज़िद में, अहंकार में नही, मंदोदरी की आत्मग्लानि में राम है। मासूम गाजियाबादी ने भगवान श्रीराम के हवाले से शेर पढ़ा पहले ही तेरे नाम का सदका निकाल कर, तब रखा हैं चिराग हवाओ में निकाल कर। इसके बाद आयी शायरा अंजुम रहबर ने तरन्नुम में सुनाया वो सरयू के धाम वाले है, वो छबीले से श्याम वाले है, सबके दिल में जो बसते है, सब उन्हें सियाराम कहते है। फहमी बदायूंनी ने अपने गजल के शेर सुनाते हुए कहा जिनसे आगे निकल नही सकता, उनके पीछे चल नही सकता। उसकी तस्वीर चिपका दो छत पर, अब मैं करवट बदल नही सकता। अध्यक्षता कर रहे फरहत अहसास ने अपनी गजल के कुछ शेर राम पर पढ़ते हुए कहा तुलसी के जो राम है, हमारे भी राम है। उनकी तरह हमारे भी सहारे राम है। सारे सफल हमारे, उन्ही के बहाव पर है, दरिया भी राम ही है, किनारे भी राम ही है। कार्यक्रम के अंत में अयोध्या तीर्थ विकास परिषद के सीईओ, नगर आयुक्त और अंतरराष्ट्रीय रामायण एवम वैदिक शोध संस्थान के निदेशक संतोष कुमार सिंह ने सभी शायरों को शाल और स्मृति चिन्ह प्रदान करके उनका सम्मान किया।

# परसोकर हनुमानजी मंदिर पर मनाया गया 60वाँ होली मिलन समारोह

**अमन लेखनी समाचार/हेमन्त यादव**

गरौठा, झांसी। खेरी के परसोकर हनुमानजी मन्दिर पर मां शारदा संगीत विद्यालय का 60 वा होली मिलन एवं फागोत्सव के कार्यक्रम शास्त्रीय संगीत एवं बुन्देली परंपरा की फागों की प्रस्तुति पर श्रोता झूम उठे। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कार्यक्रम के संस्थापक संगीतगुरु पं परशुराम पाठक ने स्वागत भाषण में कहा कि विगत 59 वर्षों की यह परंपरा हनुमानजी की प्रेरणा से चल रही है, जिसमे दूर दूर के कलाकार यहां सहज हाजिरी देने चले आते है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ संगीतकार पं अयोध्या प्रसाद त्रिपाठी उपस्थित रहे। जबकि विशिष्ट अतिथि लक्ष्मी प्रसाद द्विवेदी, रामसुमिरन मिश्रा एवं राम पाल खरे रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ भागवताचार्य पं ब्रजेश त्रिपाठी ने राग काफी में बड़ा ख्याल एवं होली गीत की प्रस्तुति से किया। उनके साथ तबले पर संगत अखिलेश त्रिपाठी ने की। प्रसिद्ध पखावज वादक पं गौरीशंकर सिरबैया ने चारताल में विभिन्न छंदों की प्रस्तुति से सोलो वादन की प्रस्तुति दी। सितार पर लहरा सरजू शरण पाठक ने दिया। आकाशवाणी कलाकार बनमाली वर्मा, चंद्रभान सिंह परमार, सुभाष अवस्थी, मदन पाल, परमलाल पांचाल, बीरेन्द्र सिंह परिहार ने अपनी प्रस्तुति में ब्रज की होली एवं रसिया की प्रस्तुति देकर भाव विभोर किया। इसके अलावा वैष्णवी पाठक, अंकित पटेल, अंकुर पटेल, राम किशोर मिश्रा, आशीष खरे, धर्मेंद्र कौशिक, विनोद त्रिपाठी, हरनारायण गंगेले, मधुप श्याम, हर्षित त्रिपाठी, यश त्रिपाठी, आरती त्रिपाठी, बहीद खान, जागेश्वर प्रसाद, प्रशांत मिश्रा, रमाकांत त्रिपाठी, कलूटे मास्टर, बलराम गोस्वामी, हलकाई पांचाल, अखिलेश भगत, ब्रजेश कुमार बंका पहाड़ी, बीरेन्द्र तिवारी, दिनेश तिवारी आदि क्षेत्र से आये कलाकारों ने बुन्देली शास्त्रीय गीतों की प्रस्तुति से मन मोहा। अतिथियों का स्वागत ग्राम प्रधान गुढ़ा चंद्रभान सिंह परमार, खड़ौरा प्रधान मनोज यादव, खेरी प्रधान अलखप्रकाश राजपूत, मथनियाँ प्रधान नरेन्द्र शर्मा, एवनी प्रधान प्रताप सिंह राजपूत, इंद्रपाल सिंह राजपूत ने गुलाल लगाकर किया। संचालन पं ब्रजेश त्रिपाठी ने किया। अंत मे पूर्व अध्यापक रामप्रकाश राजपूत ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। इस मौके पर पुजारी रामगोविंद दास, रामाधीन यादव, श्री उपाध्याय, राम प्रताप त्रिपाठी, अशोक कुमार त्रिपाठी, जगदीश प्रसाद राजपूत, ब्रजेन्द्र शर्मा, अम्बरीष अग्रवाल, बहादुर सिंह, श्यामलाल राजपूत, उमेश राजपूत, राम करण, चंद्रभान तिवारी, कैलाश राजपूत सहित क्षेत्र के कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# मिल्कीपुर सीएचसी में डॉक्टरों के इंतजार में मरीज

## 11 बजे तक नहीं पहुंचते डॉक्टर, ओपीडी में लटका रहा ताला, इलाज के लिए भटकते रहे मरीज

**अमन लेखनी समाचार**



मिल्कीपुर, अयोध्या के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मिल्कीपुर की ओपीडी में अक्सर समय पर डॉक्टर नहीं पहुंचने से मरीजों को परेशानी हो रही है। शनिवार को सुबह 10:00 बजे तक डॉक्टर नहीं पहुंचे थे। अस्पताल परिसर में मरीज इधर-उधर बैठकर डॉक्टर के आने का इंतजार कर रहे हैं। वहां मौजूद कर्मचारियों से पूछा गया कि डॉक्टर साहब कहां पर है तो कर्मचारी ने बताया कि डॉक्टर साहब आते ही होंगे, इमरजेंसी है तो चिकित्सा अधिकारी कक्ष में डॉक्टर जीपी विश्वकर्मा हैं, उनको दिखा दीजिए, बाकी अभी कोई डॉक्टर आया नहीं है। स्वास्थ्य विभाग का निर्देश है कि सभी डॉक्टर समय से ओपीडी में बैठे, लेकिन सीएचसी मिल्कीपुर में अधीक्षक समेत कई डॉक्टर अस्पताल ही नहीं पहुंचे, जिसके चलते सभी डॉक्टरों की ओपीडी पर ताला लटका मिला। अधीक्षक का तो कमरा खुला मिला, लेकिन कुर्सी भी डॉक्टर के आने का इंतजार कर रही थी। अस्पताल में नदारद डॉक्टरों के संबंध में अधीक्षक डॉ प्रदीप कुमार के दूरभाष पर संपर्क किया गया, लेकिन बात नहीं हो सकी। अस्पताल के कुछ कर्मचारियों द्वारा बताया गया कि क्षेत्र में होंगे। वहीं एक कर्मचारी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि कभी वे समय से नहीं आते और ना ही मुख्यालय पर रुकते ही हैं। इनायत नगर के शोनस गांव निवासी दिनेश कुमार ने बताया कि हमारा हाथ फैक्चर है।

डॉक्टर साहब ने लिखा था, जब सराय कक्षा में पहुंचे तो मौजूद कर्मचारियों ने कहा कि 20 एक्सरे फिल्म ही बची ह, जो वीआईपी लोगों के लिए रखी गई है। ऐसे में आपका एक्सरे कैसे करें। ऐसी दशा में जब अस्पताल में डॉक्टर ही नहीं रहेंगे तो क्षेत्र के गरीब जनता का उपचार कैसे संभव होगा। क्षेत्र की जनता पैसे के अभाव में सरकारी अस्पतालों का सहारा लेती है, लेकिन जब अस्पताल में डॉक्टर ही नहीं रहेंगे तो मरीजों का उपचार कैसे होगा।

# मुरादाबाद में बोर्ड परीक्षाओं के मूल्यांकन का बहिष्कार

- मुजफ्फरनगर में शिक्षक की हत्या का विरोध, मूल्यांकन बंद कर धरने पर बैठे

**अमन लेखनी समाचार**



मुरादाबाद, वाराणसी के राजातालाब के क्षेत्र के महगांव में राजकीय उच्चीकृत हाई स्कूल के शिक्षक धर्मेंद्र की मुजफ्फरनगर में हेड कांस्टेबल द्वारा की गई हत्या के विरोध में मुरादाबाद में शिक्षकों ने बोर्ड परीक्षाओं की उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन ठप कर दिया है। राजकीय शिक्षक संघ के प्रांतीय नेतृत्व के आह्वान पर मुरादाबाद के सभी मूल्यांकन केंद्रों पर मूल्यांकन का बहिष्कार किया जा रहा है। वाराणसी के राजकीय हाई स्कूल मऊ गांव के शिक्षक धर्मेंद्र कुमार बोर्ड परीक्षाओं की उत्तरपुस्तिकाओं का ट्रक से वितरण करने निकले थे। मुजफ्फरनगर में जब वह उत्तर पुस्तिकाओं का ट्रक लेकर पहुंचे तो ड्यूटी पर तैनात हेड कांस्टेबल ने गुटखा नहीं देने पर धर्मेंद्र को गोली मार दी थी। जिससे शिक्षक धर्मेंद्र की मौके पर ही मौत हो गई थी। इस हत्या के विरोध में मुरादाबाद के जीजी हिंदू इंटर कॉलेज, हैबिट मुस्लिम इंटर कॉलेज, आर्य इंटर कॉलेज, महाराजा अग्रसेन इंटर कॉलेज समेत सभी मूल्यांकन केंद्रों पर शिक्षकों ने मूल्यांकन का कार्य रोक दिया। इसके बाद शिक्षक धरना देकर बैठ गए और सरकार ने मृतक शिक्षक के परिजनों को 2 करोड़ रुपये मुआवजा देने की मांग की। जीजी हिंदू इंटर कॉलेज में डॉक्टर अनुज अग्रवाल ने बताया कि प्रांतीय नेतृत्व के आवाहन पर आज यानी शनिवार को मूल्यांकन केंद्रों पर उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन का बहिष्कार किया गया है।

# अमरोहा में आचार संहिता का उलंघन करने में सिपाही सस्पेंड

**ट्विटर पर एक राजनीतिक दल के प्रत्याशी को लेकर की थी टिप्पणी**

**अमन लेखनी समाचार**




अमरोहा, अमरोहा के नौगावा सादात थाने में तैनात एक सिपाही को आचार संहिता का उलंघन करना महंगा पड़ गया। लापरवाही सामने आते ही एसपी ने आरोपी सिपाही को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर दिया। साथ ही मामले में विभागीय जांच के भी आदेश दिए है। एसपी ने यह कार्यवाही सीओ लाइन अभिषेक कुमार की संस्तुति पर की है। दरअसल, नौगावा सादात थाने में पीआरवी पर तैनात विष्णु कुमार नामक सिपाही ने 16 मार्च को सोशल मीडिया के एक्स (ट्विटर) हैंडल से एक आपत्तिजनक पोस्ट शेयर की थी। जिसमें सिपाही पर सोशल मीडिया पर एक राजनीतिक दल व उसके प्रत्याशी को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी करने का आरोप था। साथ ही सिपाही का यह कृत्य आचार संहिता के साथ ड्यूटी के दौरान इस तरह की पोस्ट अनुशासनहीनता की श्रेणी में आता है। मामले में एसपी कुंवर अनुपम सिंह ने सीओ लाइन अभिषेक कुमार की संस्तुति पर कार्यवाही करते हुए आरोपी सिपाही को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कार दिया है। साथ ही मामले में विभागीय जांच के भी आदेश दिए है।

# बांदा में खारा पानी पीने को मजबूर हैं ग्रामीण

- बोले- 1 किलोमीटर दूर कुएं से लाते हैं पानी, कई बार हो जाती है लड़ाई

**अमन लेखनी समाचार**



बांदा, बुंदेलखंड के बांदा में ऐसा भी गांव है जहां के लोग आज भी खारा पानी के लिए मजबूर है। 5 हजार की आबादी वाले गांव में आज तक नलों का पानी नहीं पहुंचा। गांव में कई हैंडपंप हैं, लेकिन उनसे सिर्फ खारा पानी ही निकलता है। जो पानी पीने योग्य नहीं है। एक कुएं सहारे यहां के लोग जीवन यापन करने को मजबूर हैं। मुख्यालय बांदा से महज 10 किलोमीटर की दूरी पर मोहनपुरवा गांव हैं। यहां के ग्रामीण आज भी पेयजल के लिए तरस रहे हैं। सरकार द्वारा चलाई जा रही हर घर जल योजना के तहत भी गांव में पानी नहीं पहुंचा है। जहां पर गांव में पाइप लाइनें पड़ने से ग्रामीणों में खुशी की लहर दौड़ी थी, लेकिन उसमे भी अभी तक पानी नहीं पहुंचा है। ग्रामीणों का कहना है की हम लोग आज भी तपती धूप में कुएं और नलों से पानी निकालकर प्यास बुझाते है और साथ ही दूर से पानी भर कर लाना पड़ता है। जिसकी वजह से कई सारी परेशानियों का भी सामना करना पड़ता है। जैसे-जैसे गर्मी शुरू हो गई है। वैसे-वैसे पानी की किल्लत होना भी शुरू हो गया है। ग्रामीण मुन्ना देवी ने बताया की यहां पर पानी की बहुत समस्या है।

## संक्षेप

### जालौन में बाइक सवार सिपाही को ट्रैक्टर ने मारी टक्कर

**डाक लेकर जा रहा था सिपाही, हादसे में सिपाही गंभीर रूप से घायल**

जालौन, जालौन में डाक लेकर जा रहे बाइक सवार एक सिपाही को तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी। इस हादसे में सिपाही गंभीर रूप से घायल हो गया। टक्कर मारने के बाद चालक ट्रैक्टर छोड़कर भाग गया। पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची। जिन्होंने घायल सिपाही को उपचार के लिए नजदीकी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। मगर हालत नाजुक होने के कारण उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। घटना कुठौंद थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले जालौन-औरैया स्टेट हाईवे स्थित लक्ष्मी गार्डन के पास की है। बताया गया कि कोंच कोतवाली में तैनात दीवान धर्मवीर सिंह बाइक से कुठौंद थाने में डाक लेकर आ रहा था। जैसे ही सिपाही कुठौंद कस्बे में पहुंचा और वह लक्ष्मी गार्डन से लेकर निकल रहा था, तभी तेज रफ्तार से आ रहे ट्रैक्टर ने अचानक स्टेट हाईवे पर बने कट पर ट्रैक्टर मोड़ दिया। जिससे बाइक सवार सिपाही की ट्रैक्टर से टक्कर हो गई और वह गंभीर रूप से घायल हो गया। इस घटना के बाद चालक ट्रैक्टर छोड़कर भाग्य इस हादसे को देख स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई। जिन्होंने सिपाही को घायल देख पुलिस को सूचना दी। साथ ही इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। सूचना मिलते ही कुठौंद थाने के प्रभारी निरीक्षक कृष्ण पाल सरोज मौके पर पहुंचे, जिन्होंने मामले की जांच शुरू कर दी।

### मुंगराबादशाहपुर के गुरुकुल पब्लिक स्कूल में खूब उड़े रंग-गुलाल

**स्कूलों में छुट्टी के पहले बच्चों ने जमकर खेली होली, कक्षा 5 तक के बच्चे हुए शामिल**

जौनपुर , जौनपुर के मुंगराबादशाहपुर नगर स्थित गुरुकुल पब्लिक स्कूल में शनिवार को बच्चों ने होली का उत्सव धूमधाम से मनाया। छात्र-छात्राओं ने एक दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर रंग उड़ाए और होली के गीतों पर जमकर थिरके। त्योहारों को लेकर बच्चों में खास उत्साह नजर आया। बता दें कि विद्यालय स्टॉफ के ही साथ बच्चों ने जमकर मस्ती की। साथ ही एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। इसमें प्री नर्सरी से कक्षा 5 तक के छात्र-छात्राएं शामिल हुए। प्रबंधक विशंबर दुबे ने सभी बच्चों को होली की शुभकामनाएं देते हुए सतर्कता के साथ होली मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि होली खेलते समय जानवरों को रंग न लगाएं। केमिकल वाले रंग का प्रयोग न करें। इस बात का ध्यान रखें कि किसी की आंखों में रंग न जाने पाए और अबीर गुलाल व सौहार्द के साथ रंगोत्सव मनाएं। वहीं, आइडियल कॉन्वेंट स्कूल, हैप्पी मॉडल पब्लिक स्कूल, सन फ्लॉवर स्कूल सिटी पब्लिक स्कूल सहित अन्य स्कूलों में हर्षोल्लास पूर्वक खुशियों का त्यौहार मनाया।

## होली पर्व में मांस मदिरा पार्टी पड़ी भारी तीन की हुई मौत

**परिजनों की तहरीर पर नजदीकी थाने में मुकदमा हुआ दर्ज**

अमन लेखनी समाचार

समरजीत सोनकर



अमौली, फतेहपुर जनपद के चांदपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत दपसौरा ग्राम पंचायत के एक जंगल में मांस मदिरा पार्टी करते हुए आपस में जमकर मारपीट हुई जिसके परिणाम स्वरूप अलग-अलग तीन परिवारों के युवक घायल हुए मिली जानकारी के अनुसार जंगल में लकड़ी कटान सुनिश्चित था जिसको लेकर ट्रैक्टर मालिक ठेकेदार 40 वर्षीय मनोज निवासी रूरा 35 वर्षीय कल्लू तथा दपसौरा निवासी मैयादीन को गहरी चोट पहुंची आनन फानन सभी को नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमौली लाया गया जहां मनोज तथा मैयादीन को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया वहीं घायल कल्लू की हालत नाजुक देख चिकित्सकों ने जिला अस्पताल के लिए रेफर किया जिला अस्पताल पहुंचे युवक की चिकित्सा के दौरान मौत हो गई यह जानकारी जैसे ही तीनों युवकों के परिवार वालों को मिली तो परिजनों में कोहराम मच गया वहीं दपसौरा गांव निवासी मृतक मैयादीन की पत्नी मोंधिया ने अपने गांव के ही तीन लोगों के खिलाफ लिखित तहरीर देते हुए हत्या का आरोप लगाया वहीं मृतक ठेकेदार मनोज के पिता रामखेलावन तथा मृतक कल्लू की पत्नी सुनीता ने भी तीन नाम जद तथा दो अज्ञात समेत पांच लोगों के खिलाफ तहरीर दी सूचना मिलते ही नजदीकी थाना चांदपुर थाना अध्यक्ष बच्चे लाल प्रसाद समेत भारी पुलिस बल मौके पर पहुंचा छानबीन करते हुए सभी मृतकों के शव कब्जे में लेकर प्रशासन ने शव विच्छेदन गृह फतेहपुर के लिए रवाना किया वहीं जानकारी लेने पर थाना अध्यक्ष ने बताया की पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के पश्चात अग्रिम कार्यवाही की जाएगी परिजनों ने न्याय न मिलते देख मंगलवार सुबह पहर जहानाबाद फतेहपुर मुख्य मार्ग में मकरंदपुर चौराहे के समीप नारेबाजी करते हुए जाम लगा दिया पुलिस प्रशासन ने पहुंचकर काफी मशक्कत के बाद जाम खुलवाने में कामयाबी हासिल की थाना अध्यक्ष ने बताया कि मृतकों के परिजनों द्वारा मिली तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत किया गया है तथा सभी आरोपी फरार है जिनकी तलाश में प्रशासन जुटा है

## गोरखपुर पुलिस ने पकड़ी 1 ट्रक प्रतिबंधित मांगुर मछली

- कोलकाता से सहारनपुर जा रहे थे आरोपी, मानव जीवन के लिए खतरनाक मछली पर लगा है बैन

अमन लेखनी समाचार




गोरखपुर, गोरखपुर की जीआईडीए पुलिस ने लखनऊ हाइवे से प्रतिबंधित थाई मछली मांगुर लदा ट्रक जब्त किया है। पुलिस ट्रक के ड्राइवर और खलासी को अरेस्ट कर पूछताछ कर रही है। अब तक की जांच में पता चला है कि आरोपी, कोलकाता से प्रतिबंधित मछली लेकर सहारनपुर में बेचने जा रहे थे। इस दौरान किसी ने गोरखपुर में हाईवे के रास्ते अवैध तरीके से प्रतिबंधित मछली ले जाने की सूचना मत्स्य विभाग को दे दी। भोर में मत्स्य विभाग के अधिकारी जीआईडीए पुलिस को साथ लेकर हाईवे पर वाहनों की जांच करने लगे। इसी दौरान एक ट्रक जगदीशपुर फोरलेन से लखनऊ के ओर जाते दिखा। पुलिसकर्मियों ने रोकने की कोशिश की तो चालक ट्रक लेकर भागने लगा। पुलिसकर्मियों ने घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया। जांच के दौरान ट्रक के अंदर प्रतिबंधित मांगुर मछली लदी मिली। पकड़े गए आरोपियों ने बताया कि मछली को कोलकाता से लेकर सहारनपुर जिले में बेचने ले जा रहे थे। ट्रक समेत आरोपियों को हिरासत में लेकर एसडीएम को सूचना दी गई। प्रभारी निरीक्षक गीडा योगेंद्र राय ने बताया कि 1 ट्रक प्रतिबंधित मांगुर मछली पकड़ी गई है।

## सोनभद्र में ठग बाप-बेटा और बेटी पर एफआईआर

**रियल स्टेट में मुनाफे के नाम पर दर्जनों लोगों से ऐंठ लिए लाखों रुपए, अब मोबाइल बंद कर फरार**

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र, सोनभद्र एसपी ने ओबरा निवासी बाप-बेटा और बेटी पर आईपीसी 420 में मुकदमा दर्ज करवाया है। यह मुकदमा दर्जनों लोगों की शिकायत पर दर्ज हुआ है। ओबरा के लोगों ने एसपी से शिकायत करते हुए बताया कि रियल स्टेट में पैसा लगाकर मुनाफा कमाने का झांसा देकर तीनों ने किसी से 20 लाख तो किसी से 10 लाख रुपए ऐंठे और अब फरार हैं। पीड़ितों




की गुहार पर एसपी डॉ यशवीर सिंह ने मुकदमा दर्ज कर कर्रवाई का निर्देश दिया है। सोनभद्र के ओबरा के गजराजनगर निवासी शिवम मौर्या की तरफ से एसपी को दिए शिकायती पत्र में बताया गया है कि उसकी वीरेंद्र सिंह पुत्र संजय सिंह निवासी सेक्टर 8, ओबरा से पुरानी पहचान थी। इसी का फायदा उठाकर वीरेंद्र सिंह उसके पिता संजय सिंह और उसकी बहन तीनों ने उसे ठगी का शिकार बनाया और उसे 7 लाख रुपए ऐंठ लिए। तीनों ने उसे आश्वासन दिया था कि यह पैसा जमीन की प्लाटिंग के कार्य में लगाया जाएगा 6 माह में ही न सिर्फ अच्छा मुनाफा होगा वक्त बल्कि लगाई गई पूंजी भी वापस निकल आएगी।

## सीतापुर में खाद्य विभाग की छापेमारी

- खोये, बेसन-तेल के नमूने लिए, कार्रवाई देख कई व्यापारी हुए फरार

अमन लेखनी समाचार



सीतापुर, सीतापुर में आने वाले ईद त्यौहार को लेकर मिलावटखोरों के मंसूबे पर खाद्य विभाग पानी फेरने के लिए लगा हुआ है। खाद्य विभाग की टीम ने बीते 2 दिनों से ताबड़तोड़ छापेमारी करते हुए मिठाइयों की दुकानों, तेल फैक्ट्री और नमकीन फैक्ट्री सहित खोया मंडी और दुकानों पर छापेमारी अभियान चलाया। इस अभियान के तहत टीम ने लहरपुर और महोली स्थित शहर की मिठाइयों की दुकानों पर छापेमारी कर नमूने भरे हैं। इसके साथ ही टीम ने खोया मंडी में भी छापेमारी करते हुए दर्जनों खोए के नमूने एकत्र कर जांच के लिए सैम्पल भेजा है। टीम की छापेमारी के दौरान खोया कारोबारियों में हड़कंप मच गया। इस दौरान टीम को देखकर कुछ कारोबारी मौके से फरार हो गये। खाद्य सुरक्षा टीम ने आगामी त्यौहारों को लेकर छापेमारी अभियान चला रखा है। इसी अभियान के तहत खाद्य विभाग ने खाद्य अधिकारी की अगुवाई में खोया मंडी में छापा मारा। टीम की छापेमारी के दौरान कुछ मिलावटखोर खोया कारोबारी खोये को छोड़कर फरार हो गये। टीम ने खोया मंडी से 5 खोये के सैम्पल भरकर जांच के लिए भेजा है।

तहसील महोली क्षेत्र में टीम ने महोली चौराहा एवं नेरी महोली से 2 खोया, स्थान अढौरी मोड़ महोली से 1 बेसन का नेरी महोली से 1 रंगीन कचरी व 1 सरसों का तेल, महोली-सीतापुर से 1 सरसों का तेल, बड़ा गांव चौराहा महोली सीतापुर से मिल्क केक का नमूना मिलाकर कुल 7 नमूना संग्रहीत किये। तहसीलदार अरून कुमार के नेतृत्व में तहसील लहरपुर में उदनापुर कोरैया व शहर बाजार, अकबरपुर, क्षत्रियाना आदि स्थानों से 1 बेसन, 1 छेना रसगुल्ला, 2 बर्फी, 1 पनीर, 1 खोया का नमूना कुल मिलाकर 6 नमूना संग्रहीत किये गये। इस दौरान टीम द्वारा कुल 13 नमूने संग्रहित कर जांच हेतु प्रयोगशाला को प्रेषित भेजे गये है।

## जालौन में सड़क हादसे में ट्रक चालक की मौत

**बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे पर खड़े ट्रक में पीछे से घुसा ट्रक, खलासी गंभीर घायल**

अमन लेखनी समाचार



जालौन, बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे पर रफ्तार का कहर देखने को मिला। जहां सड़क पर खड़े ट्रक में पीछे से तेज रफ्तार ट्रक जा घुसा। इस हादसे में चालक की मौत हो गई। जबकि खलासी गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। वहीं हादसे की जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची। जिन्होंने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। यह हादसा कुठौंद थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे के 221 किलोमीटर पर हुआ। बताया गया है कि उरई से एक ट्रक, जिसको लेकर मध्य प्रदेश के विजयपुर सोपुर का रहने वाला चालक बृजेश उम्र करीब 40 वर्ष और खलासी अतराज पुत्र गणपत उम्र करीब 27 वर्ष औरैया की तरफ लेकर जा रहा था। जैसे ही ट्रक बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे के 221 किलोमीटर के पास पहुंचा, वहां पहले से ही सड़क किनारे खड़े ट्रक में पीछे से जा घुसा। जिससे इस हादसे में चालक और खलासी दोनों गंभीर रूप से घायल हो गये। इस घटना के बाद सड़क पर जाम लग गया।

## सोनभद्र पुलिस ने अवैध डीजल किया बरामद

- बगैर कागजात के टैंकर से ले जा रहे थे 2400 लीटर, 2 आरोपी गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार





सोनभद्र, सोनभद्र के राबटर्सगंज कोतवाली क्षेत्र की पुलिस ने बगैर कागजात के 2400 लीटर डीजल के साथ 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। वहीं, पूर्ति निरीक्षक ने डीजल तस्करी की पुष्टि की है। इसके साथ ही आरोपियों के खिलाफ राबटर्सगंज पुलिस एफआईआर दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई में जुटी है। एसपी की तरफ से होली त्यौहार और लोकसभा चुनाव को देखते हुए एएसपी कालू सिंह और नगर सीओ राहुल पांडेय के पर्यवेक्षण में अंतर्जनपदीय सीमा से गुजरने वाले वाहनों पर पैनी नजर रखने का निर्देश दिया गया था। वहीं, राबटर्सगंज कोतवाली पुलिस की तरफ से बताया गया कि 20 मार्च को चौकी प्रभारी द्वारा चेकिंग के दौरान मधुपुर क्षेत्र से डीजल लदे एक मिनी टैंकर को पकड़ा गया और इसकी रिपोर्ट जिला पूर्ति निरीक्षक राबर्ट्सगंज को प्रेषित की गई। राबर्ट्सगंज पूर्ति निरीक्षक प्रीतम तिवारी और ओबरा पूर्ति निरीक्षक की अगुवाई वाली टीम ने पहुंचकर मामले की जांच की। टैंकर के साथ पकड़े गए चालक शाह आलम निवासी चितबिसरांव थाना अहरौरा, मिजार्पुर और सौरभ मौर्या निवासी अहरौरा (कटरा मुहल्ला) को गिरफ्तार किया। वहीं, पकड़े गए डीजल की मात्रा 2400 लीटर पाई गई। इतनी बड़ी मात्रा में डीजल कहां से और कैसे लोड किया गया। पुलिस की तरफ से बताया गया कि डीजल कहां से आ रहा था और कहां जा रहा था, इसकी जांच की जा रही है। पूछताछ के दौरान आरोपियों द्वारा लोहरा स्थित श्याम फिलिंग स्टेशन के लिए डीजल ले जाने की बात कही गई है। हालांकि पुलिस मामला दर्ज कर जाचं में जुटी है।

## पीएचसी मुंगराबादशहपुर में समय से नहीं बैठ रहे डॉक्टर

**मरीजों को करना पड़ रहा इंतजार, स्वास्थ्य सुविधाएं भी नदारद**

अमन लेखनी समाचार



जौनपुर, जौनपुर के मुंगराबादशाहपुर नगर में स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर समय से नहीं पहुंच रहे हैं, जबकि मरीज पहुंचकर उनका इंतजार कर रहे हैं। भले ही डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने डॉक्टरों को समय से अस्पताल पहुंचने और मरीजों को किसी तरह की परेशानी न होने के निर्देश दिए हैं, किन्तु मुंगराबादशाहपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर इसका अनुपालन डॉक्टरों द्वारा नहीं किया जा रहा है। जब दैनिक भास्कर की टीम पड़ताल करने के लिए वहां पर पहुंची तो देखा गया कि अधीक्षक की कुर्सी खाली है। सभी चिकित्सकों की ओपीडी कक्ष खुल था, किन्तु कुर्सी खाली रहा। बाहर बैठ कर मरीज अधीक्षक समेत चिकित्सकों के आने की प्रतीक्षा करते रहे। आज सुबह 10 बजकर 20 मिनट तक अधीक्षक डॉ राजेश कुमार की कुर्सी खाली रही। वहीं चिकित्सक ओम प्रकाश सहित अन्य चिकित्सक भी अस्पताल में नहीं दिखाई पड़े। मौके पर समय से फार्मासिस्ट कल्याण सिंह मौजूद रहे। उन्होंने बताया कि सभी चिकित्सक अपने आवास से आ रहे हैं। डॉक्टरों का इंतजार कर रहे मरीजों में विजय कुमार दूबे गांव गोवर्धनपुर ,बंशीधर गांव नड़ार और प्रिंस कुमार बीबीपुर ने बताया कि हम लोग 10 बजे से डॉक्टरों का इंतजार कर रहे हैं, उनके समय से न आने से हम लोगों को बड़ी परेशानी उठानी पड़ रही है। वैसे तो यहां पर महिला डॉक्टरों की व्यवस्था नहीं है। जिससे महिलाओं को अपने रोगों के लिए पुरुष डॉक्टरों के सम्मुख बेपर्दा करना पड़ता है। जांच उपकरण की भी पर्याप्त व्यवस्था नहीं है। जिसके कारण निजी सेंटरों पर जांच करने में शोषण का शिकार होना पड़ता है। प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ राजेश कुमार ने बताया कि यहां पर मरीजों की कोई समस्या नहीं है, समय से डॉक्टरों की बैठने की बात पूछने पर वह टालमटोल करने लगे।

**डॉ विमल सिंह** — क्षेत्र आधारित प्रभावी कृषि तकनीकियों को प्रसारित करने की आवश्यकता

## कृषि विज्ञान केन्द्र की संस्तुतियां जनपद के कृषि विकास में सहायक- डॉ विमल सिंह चंदेल

- कृषि शोध एवं प्रसार के आंकड़ों के अद्यतन हेतु राष्ट्रीय स्तर पर प्रकाशन की आवश्यकता – डॉ दीपक सिंह
- कृषि आधारित उद्यमिता विकास को बढ़ावा देने की आवश्यकता – डॉ दीपक सिंह

अमन लेखनी समाचार



मानपुर /सीतापुर -कृषि विज्ञान केन्द्र, कटिया, सीतापुर की १० वीं वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक डॉ विमल सिंह चंदेल (पूर्व विभागाध्यक्ष- उद्यान विभाग) आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रद्यौगिकी विश्वविद्यालय, कुमारगंज, अयोध्या की अध्यक्षता में केन्द्र परिसर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि व भारतीय कृषि अनुसन्धान परिषद, अटारी, कानपुर के नामित सदस्य डॉ दीपक सिंह प्रधान वैज्ञानिक एवं विभागाध्यक्ष फसल सुरक्षा विभाग भाकृअनुप - केंद्रीय उपोष्ण बागवानी संस्थान, रहमानखेड़ा, लखनऊ ने केन्द्र की गतिविधियों की सराहना करते हुए कहा कि कृषि विज्ञान केन्द्र की प्रभावी तकनीकियों को कृषि एवं सम्बद्ध विभागों को अमल में लाये जाने की आवश्यकता है जिससे अधिक से अधिक किसानो को लाभान्वित किया जा सके ।

बैठक की अध्यक्षता कर रहे डॉ विमल सिंह चंदेल ने कृषि के सर्वांगीण विकास के लिए हर क्षेत्र में कृषि विज्ञान केन्द्र के वर्षभर के कार्यक्रमों की समीक्षा करते हुए कहा कि यह सभी कार्य जनपद के चहुमुखी विकास में सकारात्मक भूमिका अदा करेंगे लेकिन जरुरी है कि इन कार्यों को राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठित पत्रिकाओं में प्रकाशन और सूचना व संचार प्रद्यौगिकी के माध्यम से प्रचारित व प्रसारित किया जायेउप कृषि निदेशक डॉ श्रवण कुमार सिंह ने प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने हेतु किसी एक गांव को गोंद लेकर संयुक्त रूप से कार्य करने की अनुशंसा की।जिला कृषि अधिकारी मंजीत सिंह ने पी एम प्रणाम, पी एम विश्वकर्मा सहित केन्द्र व राज्य सरकार की योजनाओं को अधिक से अधिक प्रचार प्रसार करने की अनुशंसा की।जिला उद्यान अधिकारी सौरभ श्रीवास्तव ने विभाग की तमाम गतिविधियों को संयुक्त रूप से मिलकर आयोजित करने की अनुशंसा की ताकि वास्तविक जरुरतमंद को लाभन्वित किया जा सके।डॉ डी के सिंह, पशु चिकित्सा अधिकारी, मानपुर, सीतापुर ने किसानो के बीच सेक्स सॉर्टेड सीमेन तकनीक को अधिक से अधिक प्रचारित व प्रसारित एवं अपनाने हेतु प्रेरित करने हेतु सुझाव दिया प्रीती पांडेय, निदेशक- ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान, सीतापुर ने महिलाओं के पोषण सम्बन्धी सुधार हेतु पोषण वाटिका को अधिक से अधिक अपनाने एवं मिनी किट वितरण के माध्यम से कार्यक्रम आयोजित करने की सलाह दी प्रगतिशील कृषक एवं सदस्य श अशोक गुप्ता ने वार्षिकी २०२४ में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने हेतु अधिक से अधिक कार्यक्रमों को सम्लित किये जाने की अनुशंसा की ताकि जनपद में स्वस्थ व समृद्ध खेती को एक स्वरूप दिया जा सके।प्रगतिशील कृषक एवं सदस्य अब्दुल हादी गन्ने के साथ सहफसली खेती एवं एकीकृत फसल प्रणाली को बढ़ावा देने हेतु अधिक से अधिक कृषको को जागरूक करने की आवश्यकता पर जोर दिया प्रगतिशील महिला कृषक नमो ड्रोन दीदी एवं सदस्य समिति श्रीमती सुनीता देवी ने पिछड़े एवं अनुसूचित जाति की महिलाओं को अधिक से अधिक प्रशिक्षित किये जाने की अनुशंसा की ताकि उन्हें समाज में विकास की मुख्य धारा से जोड़ा जा सके प्रगतिशील महिला कृषक एवं सदस्य नाजिया ने महिलाओं में उद्यमिता विकास एवं उन्हें बाजार से जोड़ने हेतु विपणन के विभिन्न शाखाओं से जोड़ने हेतु प्रयास कराये जाये

## बड़ा भाई बना छोटे भाई की जान का दुश्मन

- धारदार हथियार से किया जानलेवा हमला, गर्भवती भतीजी को भी किया घायल

अमन लेखनी समाचार



बुलंदशहर, बुलंदशहर की कोतवाली क्षेत्र के गांव निखोब में एक बड़े भाई द्वारा अपने छोटे भाई व उसकी गर्भवती बेटी पर जानलेवा हमला करने का मामला प्रकाश में आया है। गांव निवासी राहुल ने अपने ताऊ आदेश व उसके तीन बेटों पर धारदार हथियारों से हमला कर पिता व गर्भवती बहन को घायल करने का आरोप लगाया है। उधर घायलों की हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने हायर सेंटर जिला अस्पताल के लिए रेफर किया है। पीड़ितों के अनुसार 25 फरवरी 2024 को ताऊ की बेटी जिला मेरठ के थाना किठोर के गांव सौंदा निवासी एक युवक के साथ चली गई थी। जिसके चलते ताऊ द्वारा कोतवाली पर मुकदमा दर्ज कराया गया था। पीड़ित ने बताया कि ताऊ की बेटी कोतवाली पहुंची। जहां पुलिस को बयान देते हुए अपनी स्वेच्छा से उस युवक से शादी करने की बात कही। आरोप है कि ताऊ और उसके तीन बेटे रात्रि में धारदार हथियार लेकर पीड़ित के पिता की दुकान पर पहुंच गए। जहां लोगों ने लड़की की शादी करने में सहयोग का आरोप लगाते हुए हमला कर दिया। मारपीट में पीड़ित का पिता व उसकी गर्भवती बहन सुधा गंभीर रूप से घायल हो गए। लहूलुहान अवस्था में कोतवाली पहुंचे परिजनों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया।

## संक्षेप

### घर छोड़कर भागे नाबालिग बुआ भतीजे को हिरासत में लेकर पुलिस ने शुरू की जांच पड़ताल

अमन लेखनी समाचार

मौदहा। क्षेत्र के एक गांव से दस दिन पूर्व प्रेम प्रसंग को लेकर घर छोड़कर भागे नाबालिग बुआ भतीजे को कोतवाली पुलिस ने हिरासत में लेकर मामले की जांच पड़ताल शुरू की है। यह घटना नगर समेत क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है। अवगत हो कि कोतवाली क्षेत्र मौदहा के एक गांव से एक ही परिवार के नाबालिग बुआ भतीजे प्रेम प्रसंग के चलते घर छोड़कर लापता हो गये थे। जिस पर बालिका के पिता ने कोतवाली मौदहा में तहरीर देकर अपने परिवार के ही एक नाबालिक युवक पर अपनी पुत्री को बहला फुसला कर भगा ले जाने का आरोप लगाकर कार्यवाही की मांग की थी। आरोपी के पिता ने भी कोतवाली पुलिस से नाबालिग पुत्र के खोजबीन की गुहार लगाई थी। इधर आरोपी के पिता ने अपने परिजनों की मदद से लापता हुये बुआ भतीजे को शादी करवाने का झांसा देकर कोतवाली मौदहा ले आये। जहां कोतवाली पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है। फिलहाल यह घटना नगर समेत क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है।

### फायरिंग से दहशत एक की मौत दो गंभीर घायल

शाहजहांपुर. उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर में हुए खूनी संघर्ष में दोनों तरफ से जमकर फायरिंग भी फायरिंग में एक लोग की मौत हो गई है, जबकि दो लोग घायल है । घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है । पुलिस अधीक्षक का कहना है कि आरोपियों की गिरफ्तारी कर ली गई है और मामला नियंत्रण में है ।कांट थाना क्षेत्र के गांव लालपुर में दो पक्षों में हुई मारपीट के बाद एक पक्ष के तीन लोगों के लगी गोली एक की मृत्यु दो जिला अस्पताल में भर्ती सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक सहित पुलिस अधिकारी पहुंचे मौके पर कई आरोपियों को लिया हिरासत में मुकदमा दर्ज।

## पुलिस व खनन विभाग की संयुक्त टीम द्वारा बिना परमिट के गिट्टी लोड़ कर परिवहन करने वाले 01 अभियुक्त गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार




सोनभद्र। दिनांक 25.03.2024 को पुलिस अधीक्षक के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक एवं क्षेत्राधिकारी के पर्यवेक्षण में अवैध खनन / परिवहन पर अंकुश लगाये जाने हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत सोनभद्र पुलिस व खनन विभाग की संयुक्त टीम द्वारा बिना परमिट/परिवहन के डोलो स्टोन गिट्टी लोड़ कर परिवहन किये जाने की सूचना पर पुलिस व खनन विभाग की संयुक्त टीम द्वारा चेकिंग के दौरान वाहन सं0 वढ 62 अळ 9750 को बिना जाँच कराये लोढी खनन बैरिय से भागने पर बिच्छी ब्रेकर के पास से पकडा गया, पकडे गये वाहन वढ 62 अळ 9750 का चालक चन्द्रजीत यादव पुत्र समरजीत यादव नि0 कोटवालपुर थाना जलालपुर जनपद जौनपुर उम्र करीब 30 वर्ष तथा वाहन स्वामी सुनील कुमार यादव पुत्र लाल बहादुर यादव नि0 सेमलपुर थाना जमालपुर जनपद जौनपुर एवं पासर रितेश पाण्डेय जो खनन व पुलिस के सामने अपनी स्वीप्ट गाडी से रास्ता अवरुद्ध किये जाने एवं अवैध रूप से वाहन को पास कराये जाने के विरूद्ध थाना रावर्टसगंज सोनभद्र पर मु0अ0सं0 218/24 धारा 279, 379, 411, 34 भादवि व 3/58/72 उ0प्र0 उप खनिज नियमावली, 4/21 खान व खनिज अधिनीयम 1957 व 3 सार्वजनिक संपत्ति नुकसान निवारण अधिनीयम 1984 पंजीकृत कर गिरफ्तार अभियुक्त वाहन चालक को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है तथा अन्य अभियुक्तगण की तलाश जारी है ।

## दुल्लहपुर थानाक्षेत्र के केसरूआ गांव में खेली गई खून की होली

अमन लेखनी समाचार

गाजीपुर जिले में एक तरफ होली पर पूरा जिला रंग, अबीर से होली खेल रहा था तो दुल्लहपुर थानाक्षेत्र के केसरूआ गांव में एक पूर्व सैनिक के घर पर दबंगों ने खून की होली खेल ली। गांव में होली की शाम को जमीनी विवाद में दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई और चाकूबाजी के साथ ही लोहे के पंच से खूनखराबा हुआ। जिसमें आधा दर्जन लोग घायल हो गए। गांव निवासी नरेंद्र मिश्र पूर्व सैनिक हैं। उनका जमीनी विवाद करीब 10 सालों से चल रहा था लेकिन 3 माह पूर्व पैमाइश के बाद एसडीएम के निर्देश पर जमीन को दूसरे पक्ष को दे दिया गया था। उस जमीन में एक सफेदा का पेड़ था तो उसे लेकर विवाद हुआ था। उसी का दूसरे पक्ष के लोगों ने खुन्नस खाया था। इस बीच होली की शाम को दूसरा पक्ष पहुंचा और मारपीट शुरू कर दी। नरेंद्र मिश्र का आरोप है कि दबंगों ने चाकू के साथ ही पंच से भी हमें मारा। जब घर के लोग बचाने पहुंचे तो दबंगों ने दांतों से उंगली काट ली। साथ ही पंच से मारा। इसके बाद रविंद्र मिश्र को मारा तो उनके 3 दांत टूट गए और सिर फट गया। वहीं शुभम मिश्र के दाहिने हाथ का अंगूठा चाकूबाजी में कट गया। नरेंद्र ने आरोप लगाया कि बचाने गई रंभा मिश्रा के कान से बदमाशों ने सोने के टप्स व मंगलसूत्र छीन लिया। जिससे उनके कान में चोट आई। वहां मौजूद वृद्धा रामरती देवी के भी मंगलसूत्र छीनने का आरोप लगाया। घटना के बाद नरेंद्र मिश्र ने थाने में तहरीर दी। जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने तत्काल घायलों को जखनियां के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भेजा। वहां हालत गंभीर होने पर उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। एसओ राजेश बहादुर सिंह ने बताया कि दो पक्षो में जमीन को लेकर मारपीट हुई है।

## सिसोलर पुलिस की अपराधियों पर नजर

**हिस्ट्रीशीटर, गुण्डा एक्ट व मिनी गुण्डा एक्ट व जिलाबदर के तहत किये जा रहे निरूद्ध**

**चुनाव आयोग की गाइडलाइन का कड़ाई से पालन कराया जायेगा – मयंक चंदेल**

अमन लेखनी समाचार

हमीरपुर। सिसोलर प्रभारी निरीक्षक में बताया कि आगामी लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण व सकुशल सम्पन्न कराये जाने के लिए अपराधियों पर लगातार कार्यवाही की जा रही है। संवेदनशील और अति संवेदनशील बूथों पर भी पूरी तरह से नजर रखी जा रही है अब तक सिसोलर पुलिस द्वारा लोगों को चिन्हित कर और उनकी सूची बनाकर शांति व्यवस्था कायम करने के उद्देश्य से लोगों पर कार्यवाही की गयी है। उन्होनें बताया कि जो हिस्ट्रीशीटर हैं उनके विरूद्ध गुण्डा एक्ट और मिनी गुण्डा एक्ट सहित जिला बदर की कार्यवाही की जाएगी उन्होंने कहा कि कस्बा सहित पूरे क्षेत्र में लोगों को लोकसभा चुनाव के दौरान सुरक्षा का भरोसा व निर्भीक रूप से मतदान की प्रक्रिया सम्पन्न कराने के लिए पैरामिलिट्री फोर्स और मौदहा क्षेत्राधिकारी श्रीयश त्रिपाठी के नेतृत्व में भ्रमण किया जाएगो लोगों को मतदान की प्रक्रिया में शामिल होने के लिए अपील की गयी। प्रभारी निरीक्षक नें बताया कि चुनाव में शांति व्यवस्था को बनाये रखना पहली प्राथमिकता है। जहां पर मतदान बनाये गये हैं। वहां पर किसी प्रकार की गड़बड़ी नही होने दी जायेगी। उन्होनें हिदायत दी कि सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म पर किसी के विरूद्ध गलत टीका-टिप्पणी न की जाये और न ही गलत पोस्ट डाली जाये। इस पर पूरी तरह से सावधानी बरती जाये। प्रभारी निरीक्षक मयंक चंदेल ने कहा कि चुनाव आयोग द्वारा जारी की गयी गाइडलाइन का कड़ाई के साथ पालन करवाया जायेगा।

## बनारसी, बिजली, पैसा और पर्यावरण बचाने में उत्तर प्रदेश में नंबर वन

**हर घर सोलर योजना में प्रदेश में वाराणसी अव्वल– सीडीओ,वाराणसी**

**25 हजार कनेक्शन के लक्ष्य से ज्यादा सोलर रूफटाप आनग्रिड सिस्टम के लिए हुआ वाराणसी में रजिस्ट्रेशन**

अमन लेखनी समाचार

वाराणसी । हर घर सोलर योजना में उत्तर प्रदेश में वाराणसी अव्वल चल रहा है। काशी को सोलर सिटी बनाने के लिए सरकार महाभियान चला रही है। जिससे आपके पैसे और बिजली दोनों की बचत हो ,साथ ही पर्यावरण का संरक्षण भी हो सके। सरकार के इस अभियान में जनता का जबर्दस्त रुझान दिख रहा है। हर घर सोलर योजना के अंतर्गत 25000 कनेक्शन के सरकार के लक्ष्य को पार करते हुए ढाई महीने में ही 28 हजार से ज्यादा लोगो ने सोलर रूफटाप आनग्रिड सिस्टम के लिए रजिस्ट्रेटशन करा लिया है। जिससे उपभोक्ताओं को 31 लाख रुपए से ज्यादा की बचत हो रही है। बनारसी बिजली,पैसा और पर्यावरण बचाने में उत्तर प्रदेश में नंबर एक पर चल रहे हैं। सरकार की हर घर सोलर योजना काशी में परवान चढ़ रही है। बिजली की बचत के साथ-साथ सरकार आपके पैसे बचने की योजना पर काम कर रही है। मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु नागपाल ने बताया कि सोलर रूफटाप ऑन ग्रिड सिस्टम योजना में वाराणसी उत्तर प्रदेश में पहले स्थान पर है। वाराणसी में हर घर सोलर योजना में 25000 घरों में सोलर रूफटाप ऑन ग्रिड सिस्टम का लक्ष्य था ,जिसके सापेक्ष 28,423 रजिस्ट्रेशन हो चुके हैं। 1045 लोगों के घरों में सौर ऊर्जा से बिजली जलने लगी है। सोलर योजना का लाभ उठा रहे उपभोक्ताओं को 4,7,0250 यूनिट की बचत हुई है। जिससे अब तक 31 लाख 35 हजार रुपयों की बचत हुई है। 'हर घर सोलर योजना' में 25,000 सोलर रूफटाप आनग्रिड सिस्टम का लक्ष्य रखा गया था। जिसका लक्ष्य बाद में 'पीएम सूर्य घर योजना' के अंतर्गत लगभग 72 हजार कर दिया गया है । मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि अगले तीन से चार महीनो में नया लक्ष्य पूरा करने का प्रयास रहेगा। योजना के अंतर्गत राज्य सरकार 1 किलोवाट से लेकर 10 किलोवाट तक सोलर लगवाने पर 45000 से लेकर 1 लाख 8 हजार तक की सब्सिडी दे रही है।

## होलिका भस्म की पूजा कर सीएम योगी ने मनाई होली

**गोरक्षपीठाधीश्वर–संतों ने एक दूसरे को लगाया भस्म का तिलक**

**गोरखनाथ मंदिर में मुख्यमंत्री ने लिया फाग का आनंद**

अमन लेखनी समाचार



गोरखपुर। होली के पावन पर्व पर मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने होलिका भस्म की पूजा कर होली मनाने का शुभारंभ किया। उन्होंने गोरखनाथ मंदिर में फाग गीतों का आनंद लिया और गोवंश को भस्म, गुलाल लगाकर गोसेवा की। मुख्यमंत्री ने भीम सरोवर के पास बतखों को भी दाना खिलाया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के होलिकोत्सव की शुरूआत मंगलवार सुबह गोरखनाथ मंदिर परिसर में बतौर गोरक्षपीठाधीश्वर होलिका भस्म की पूजा से हुई। मंदिर के मेला ग्राउंड में जलाई गई होलिका के पास जाकर योगी आदित्यनाथ ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच होलिका भस्म (सम्मत की राख) की पूजा की और आरती उतारी। इस अनुष्ठान के बाद मंदिर के प्रधान पुजारी कमलनाथ समेत अन्य साधु संतों व श्रद्धालुओं ने इसी भस्म से गोरक्षपीठाधीश्वर का तिलक लगाकर आशीर्वाद लिया। गोरक्षपीठाधीश्वर ने भी उन्हें तिलक लगाकर होली की मंगलकामना की। होलिकादहन स्थल से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, गुरु गोरखनाथ जी के मंदिर पहुंचे और श्रीनाथ जी को होलिका भस्म अर्पित किया। इसके बाद मंदिर के द्वार पर फाग गीतों का आयोजन हुआ। सीएम योगी ने भी कुछ देर वहां रुककर फाग का आनंद उठाया और सबको होली की बधाई व शुभकामनाएं दीं।

### गोवंश को लगाया तिलक, गुड़ खिलाकर की गोसेवा

होली के अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंदिर की गोशाला पहुंचे और गोवंश को भस्म व गुलाल लगाकर उनके लिए भी मंगलकामना की। उन्होंने गोवंश को गुड़ और दूध रोटी खिलाकर उनकी सेवा की। गोशाला में सीएम योगी की आवाज सुनकर गोवंश उनके पास दौड़ते हुए चले आए। मुख्यमंत्री ने माथा व गर्दन सहलाकर सभी गोवंश को खूब दुलार भी किया।

### बतखों को दाना भी खिलाया सीएम ने

मंगलवार सुबह अपनी दिनचर्या के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गोरखनाथ मंदिर परिसर के भीम सरोवर के पास पहुंचे। यहां उन्होंने सरोवर किनारे टहल रहे बतखों को दाना खिलाया।

## दबंग युवक ने साथियों के साथ घर में घुसकर की मारपीट

**महिला सहित चार लोग घायल**

अमन लेखनी समाचार

भरुआ, सुमेरपुर। कस्बे के गुटखा फैक्टरी के पास एक युवक ने अपने 10-12 साथियों के साथ एक घर में घुसकर पिता, पुत्र, भाई, पत्नी को जमकर मारा पीटा। पीड़ित का आरोप है कि आरोपी पिस्टल लेकर जान से मारने के लिए घर में घुसा था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी युवक को हिरासत में ले लिया है। गुटखा फैक्टरी मोहाल निवासी अभिषेक साहू ने बताया कि वह अपने पिता कमलेश साहू, पत्नी कल्पना व भाई आशीष कुमार के साथ खाना खा रहा था। तभी पड़ोस के रहने वाला अंशु 10-12 लोगों के साथ अंदर घुस आया और सभी के साथ जमकर मारपीट की। पीड़ित का आरोप है कि अंशु हाथ में पिस्टल लिए हुए था और जान से मारने की धमकी दे रहा था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पिस्टल सहित अंशु को हिरासत में लिया है। वहीं घायलों को मेडिकल के लिए भेजा है। थानाध्यक्ष राकेश कुमार ने बताया कि तहरीर मिली है। मामले की जांच कर कार्यवाही की जाएगी।

### कार की टक्कर से बाइक सवार दो युवक घायल

अमन लेखनी समाचार

भरुआ, सुमेरपुर। कस्बे के धर्मेश्वर बाबा मोहाल में बांदा मार्ग पर बाइक सवार दो युवकों को कार ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को पीएचसी लाया गया। जहां से सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। सुमेरपुर कस्बे के धर्मेश्वर बाबा मोहाल निवासी वीरेंद्र 33 वर्ष व गगन 28 वर्ष मोहल्ले में मंगलवार को शाम करीब चार बजे परमहंस इंटर कॉलेज के पीछे डीजे लगाकर वापस बांदा मार्ग पर आ रहे थे। तभी बांदा मार्ग पर चढ़ते ही उन्हें अज्ञात कार ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे यह दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस इन्हें इलाज के लिए पीएचसी लाई। यहां से उन्हें सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया।

## करण्डा थाना क्षेत्र में 4अवैध असलहा के साथ चार शातिर अपराधी गिरफ्तार




अमन लेखनी समाचार

गाजीपुर जिले में चलाया जा चेकिंग अभियान में करंडा थाना स्थानीय पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। पुलिस ने 4 शातिर बदमाशों को 4 अवैध देशी तमंचों संग गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। करंडा पुलिस धरम्मरपुर के बलवंतपुर मोड़ पर चेकिंग कर रही थी। तभी एक स्कॉर्पियो आई। उसे रोकने पर वो भागने लगी तो पुलिसकर्मियों ने दौड़ाकर पकड़ लिया। अंदर से 4 बदमाश मिले और उनकी तलाशी में सभी के पास से 1-1 अवैध देशी तमंचा बरामद हुआ। उन्हांने अपना नाम इमरान कुरैशी, इरफान कुरैशी पुत्र अबरार कुरैशी, निजामुद्दीन कुरैशी पुत्र सलाम कुरैशी निवासी बुद्धिपुर जमिनयां कस्बा व मोहम्मद औरंगजेब पुत्र नौशाद निवासी कानूनगो मोहल्ला जमानियां कस्बा बताया। उनमें इमरान व इरफान आपस में सगे भाई हैं। गिरफ्तारी के बाद सभी को जेल भेज दिया गया। टीम में एसआई अजय यादव, सत्येन्द्र यादव, हेड कांस्टेबल आशुतोष पाण्डेय, आरक्षी वीरेंद्र कुमार, सत्येन्द्र दुबे, प्रफुल्ल कुमार, दिलीप कुमार व राजकुमार भारती रहे।

## अहंकार और बुराईयों के दहन एवं सामाजिक सद्भाव व भाईचारे का त्यौहार है होली- डॉ. संदीप

**गहोई क्लब इंडिया के तत्वाधान में होली मिलन समारोह का हुआ आयोजन**

अमन लेखनी समाचार/हेमन्त यादव

झाँसी। भाईचारे के त्यौहार होलिकोत्सव के अवसर पर गहोई क्लब इंडिया के तत्वाधान में गहोई होली मिलन समारोह का आयोजन ग्वालियर रोड स्थित गहोई सभागार में संपन्न हुआ। जिसमें झाँसी महानगर और आसपास के क्षेत्र से क्लब के पदाधिकारी, सदस्य गण और वैश्य समाज के बंधु उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में गुलाल और फूलों की होली खेली गई साथ ही एक दूसरे से गले मिलकर होली की शुभकामनायें भी दीं। एक दूसरे को शुभकामनायें प्रेषित करने के पश्चात सभी ने ठंडई और व्यंजनों का आनंद लिया, साथ ही बुंदेली कला पर आधारित लोक नृत्यों पर नृत्य कर सामूहिक रूप से खुशियां व्यक्ति कीं। कार्यक्रम में संघर्ष सेवा समिति के संस्थापक गहोई गौरव डॉ० संदीप सरावगी का तिलक एवं माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर डॉ० संदीप ने कहा घृणा, अहंकार एवं बुराइयों का दहन कर सामाजिक सद्भाव और भाईचारे को आत्मसात करना तथा नई उमंग व उत्साह के साथ एक दूसरे को रंग, गुलाल लगाकर खुशियां व्यक्त करना ही होलिकोत्सव का मुख्य उद्देश्य है। ईश्वर के प्रति अटूट आस्था एवं पूर्ण शरणागति के पावन पर्व का नाम ही होलिकोत्सव है। हमारे अंतर मन में प्रभु के प्रति जितना समर्पण भाव होगा उसी अनुपात में हमारा जीवन निर्भय एवं आनंदमय भी बना रहेगा। होली एक ऐसा पर्व है जिसमें बिना किसी भेदभाव के सब एक दूसरे के साथ खुशियां मनाते हैं, इस पर्व में अमीर गरीब का फर्क भी आड़े नहीं आता। कार्यक्रम के आयोजक एवं क्लब के पदाधिकारी सुभाष खर्द ने कार्यक्रम में उपस्थित समाज के सभी बंधुओं को होली की शुभकामनायें देते हुए कहा त्योहारों के अवसर पर समाज के बंधुओं को एकत्रित होना एवं एक दूसरे के साथ खुशियां व्यक्त करना चाहिये जिससे सामाजिक सद्भाव बढ़ता है एवं एक दूसरे के परस्पर सहयोग की भावना में भी वृद्धि होती है। इस अवसर पर मुख्य रूप से सुभाष खर्द, प्रदीप छिरौल्या, राकेश गेड़ा, अजय नौगरइया, बी.के. गुप्ता, अन्नु गंधी, मनोज लोहिया, देवेंद्र नगरिया, भरत सेठ, राजेंद्र गेड़ा, सतीश सेठ, राजू रक्सा, नितिन सरावगी, राजेश सेठ, मनमोहन गेड़ा, प्रदीप गुप्ता रानीपुर, राम प्रकाश नाछोला, रज्जू गुप्ता पंच, विजय पहारिया, मिलन गुप्ता एवं गहोई वैश्य समाज के सैकड़ों बंधु उपस्थित रहे।

## भारतीय जनता पार्टी और एनडीए गठबंधन के लोकसभा प्रत्याशी आज करेंगे नामांकन

अमन लेखनी समाचार




लखनऊ । भारतीय जनता पार्टी और एनडीए गठबंधन के लोकसभा प्रत्याशी बुधवार को नामांकन करेंगे । पीलीभीत लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी जितिन प्रसाद,बिजनौर लोकसभा क्षेत्र से लोकदल के प्रत्याशी चंदन चौहान नगीना लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी ओमकुमार ,सहारनपुर लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशीश्री राघव लखनपाल ,कैराना लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी प्रदीप चौधरी ,रामपुर लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी घनश्याम लोधी बुधवार को नामांकन करेंगे ।पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी और कैबिनेट मंत्री ,पूर्व प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह पीलीभीत लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी जितिन प्रसाद के नामांकन के अवसर पर उपस्थित रहकर नामांकन सभा को संबोधित करेंगे ।जबकि प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और राष्ट्रीय लोकदल के अध्यक्ष जयंत चौधरी बिजनौर लोकसभा क्षेत्र से राष्ट्रीय लोकदल के प्रत्याशी चंदन चौहान व नगीना लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी ओमकुमार के नामांकन पर उपस्थित रहकर सभा को संबोधित करेंगे ।प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक सहारनपुर लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी राघव लखनपाल ,कैराना लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी प्रदीप चौधरी के नामांकन के अवसर पर उपस्थित रहकर सभा को संबोधित करेंगे। इसी तरह पूर्व केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी और प्रदेश के राज्य मंत्री( स्वतंत्र प्रभार ) जे पी ए राठौर बुधवार को रामपुर लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी घनश्याम लोधी के नामांकन के अवसर पर उपस्थित रहकर सभा को संबोधित करेंगे।

## प्रथम चरण की 08 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए अब तक कुल 46 प्रत्याशियों ने नामांकन किया

### लोकसभा क्षेत्र 1-सहारनपुर में 04, 2-कैराना में 07, 3-मुजफ्फरनगर में 11, 4-बिजनौर में 04, 5-नगीना में 03, 6-मुरादाबाद में 05, 7- रामपुर में 05, 26-पीलीभीत में 03 प्रत्याशियों ने आज नामांकन किया

**प्रथम चरण में आज कुल 42 प्रत्याशियों ने नामांकन किया**

**प्रथम चरण के निर्वाचन हेतु 27 मार्च नामांकन की अंतिम तिथि**

**प्रथम चरण की 08 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए मतदान 19 अप्रैल को होगा**

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ, उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के प्रथम चरण में प्रदेश की 08 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए प्रत्याशियों के नामांकन हेतु 20 मार्च, 2024 को अधिसूचना जारी हुई थी। प्रथम चरण के लिए अब तक विभिन्न राजनैतिक दलों के कुल 46 प्रत्याशियों द्वारा नामांकन किया गया। आज मंगलवार को कुल 42 प्रत्याशियों ने नामांकन किया। इसके पहले 22 मार्च को 04 प्रत्याशियों ने नामांकन किया था।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि प्रथम चरण में प्रदेश की 08 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए आज मंगलवार को जिन राजनैतिक दलों के प्रत्याशियों ने नामांकन किया।

इसमें 1-सहारनपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में आज मंगलवार को कुल 04 प्रत्याशियों ने नामांकन किया, जिसमें इंडियन नेशनल कांग्रेस से इमरान मसूद, बहुजन समाज पार्टी से माजिद अली, स्वतंत्र प्रत्याशियों में राशिद खान एवं शबनम हैं।

इसी प्रकार 2-कैराना लोकसभा सीट में आज मंगलवार को 07 प्रत्याशियों ने नामांकन किया। इसमें समाजवादी पार्टी से इकरा चौधरी, बहुजन समाज पार्टी से श्रीपाल, समाजवादी पार्टी से वैकल्पिक प्रत्याशी नाहिद हसन, राष्ट्रीय मजदूर एकता पार्टी से प्रीती कश्यप, अखण्ड भारत स्वतंत्र पार्टी से विक्रम सैनी, आजाद अधिकार सेना से ओमवीर तथा स्वतंत्र प्रत्याशी मनोज राना हैं।

इसी प्रकार 3-मुजफ्फरनगर लोकसभा सीट में आज मंगलवार को 11 प्रत्याशियों ने नामांकन किया, जिसमें भारतीय जनता पार्टी से संजीव कुमार बालियान, समाजवादी पार्टी से हरेन्द्र सिंह मलिक, बहुजन समाज पार्टी से दारा सिंह प्रजापति, जयसमता पार्टी से नील कुमार, सर्वजन लोक शक्ति पार्टी से ओमपाल सिंह, राष्ट्रवादी जनलोक पार्टी से कविता, राष्ट्रवादी जनलोक पार्टी से नन्द किशोर पुण्डीर तथा स्वतंत्र प्रत्याशियों में गौतम आनन्द, प्रदीप कुमार, चरन सिंह, राजकिशोर गर्ग हैं।

इसी प्रकार 4-बिजनौर लोकसभा सीट में आज मंगलवार को 04 प्रत्याशियों ने नामांकन किया, जिसमें बहुजन समाज पार्टी से विजेन्द्र सिंह, मजदूर किसान यूनियन पार्टी से रामधन सिंह, पीपुल्स पार्टी ऑफ इण्डिया (डेमोक्रटिक) राजपाल, मजलूम समाज पार्टी से फरमान हैं।

इसी प्रकार 5-नगीना (अ0जा0) लोकसभा सीट में अब तक कुल 05 प्रत्याशियों ने नामांकन किया, इसमें से आज मंगलवार को 03 प्रत्याशियों ने नामांकन किया, जिसमें बहुजन समाज पार्टी से सुरेन्द्र पाल सिंह, समाजवादी आंदोलन पार्टी से धरमवीर सिंह, पीपुल्स पार्टी ऑफ इण्डिया (डेमोक्रटिक) से रवीन्द्र भारती हैं।

इसी प्रकार 6-मुरादाबाद लोकसभा सीट में अब तक कुल 06 प्रत्याशियों ने नामांकन किया, इसमें से 05 प्रत्याशियों ने आज मंगलवार को नामांकन किया, जिसमें भारतीय जनता पार्टी से सर्वेश कुमार सिंह, बहुजन समाज पार्टी से मो0 इरफान, समाजवादी पार्टी से डॉ0 एस0टी0 हसन, भारतीय बहुजन समता पार्टी से ओंकार सिंह तथा स्वतंत्र प्रत्याशी में साधना सिंह हैं।

इसी प्रकार 7-रामपुर लोकसभा सीट में आज मंगलवार को 05 प्रत्याशियों ने नामांकन किया, जिसमें परचम पार्टी ऑफ इण्डिया से सैफत अली खान, जनसेवा सहायक पार्टी से जगत सिंह, लेबर पार्टी ऑफ इण्डिया से अब्दुल कादर, स्वतंत्र प्रत्याशियों में अशोक कुमार, शिवप्रसाद हैं।

इसी प्रकार 26-पीलीभीत लोकसभा सीट में अब तक कुल 04 प्रत्याशियों ने नामांकन किया, जिसमें आज मंगलवार को 03 प्रत्याशियों ने नामांकन किया, इसमें बहुजन समाज पार्टी से अनीस अहमद खान (फूल बाबू), समाजवादी पार्टी से भगवत सरण गंगवार, स्वतंत्र प्रत्याशी में आदर्श पाण्डेय हैं।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि नामांकन का समय पूर्वाह्न 11 बजे से अपराह्न 03 बजे के मध्य निर्धारित है। नामांकन के दौरान सुरक्षा की व्यापक व्यवस्था की गयी है। सम्पूर्ण नामांकन प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी करायी जा रही है। नामांकन भरने की अंतिम तिथि 27 मार्च, 2024 (बुधवार) निर्धारित है। 28 मार्च, 2024 (वृहस्पतिवार) को नामांकन पत्रों की संवीक्षा की जायेगी। प्रत्याशियों द्वारा 30 मार्च, 2024 (शनिवार) तक नाम वापस लिये जा सकेंगे। प्रथम चरण में 19 अप्रैल, 2024 (शुक्रवार) को मतदान होगा।

**अमन लेखनी (हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट- बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ- 226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह

समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. – 9838159555, 9935457982

E-mail address amanlekhaninews@gmail.com



# आएगा सत्यप्रेम की कथा का सीक्वल

मुंबई। कार्तिक आर्यन और कियारा आडवाणी की फिल्म 'सत्यप्रेम की कथा' पिछले साल प्रदर्शित हुई थी। इस फिल्म को दर्शकों का अच्छा प्रतिसाद मिला था, जिसकी बदौलत इसने न सिर्फ अपनी लागत वसूलने में कामयाबी पाई अपितु निर्माता और वितरकों को मुनाफा भी हुआ। इस फिल्म से पहले कार्तिक और कियारा 'भूल भुलैया 2' में भी साथ काम कर चुके थे। उनकी केमेस्ट्री सबको अच्छी लगी। यह जोड़ी 'सत्यप्रेम की कथा' के सीक्वल में दोबारा दिखाई दे सकती है। फिल्म की प्रोड्यूसर शरीन मंत्री ने अपने एक इंटरव्यू में फिल्मों के कई पहलुओं पर चर्चा की और 'सत्यप्रेम की कथा 2' के बारे में भी बात की।


लाइफ Style

# उर्वशी


## ऋषभ संग शादी पर दिया जवाब

बॉलीवुड एक्ट्रेस उर्वशी रौतेले का नाम जब भी लिया जाता है, तो अपने आप ही लोगों की जुबान पर क्रिकेटर ऋषभ पंत का नाम आ जाता है। उर्वशी ने अपने काम से ज्यादा क्रिकटर संग अपनी कंट्रोवर्सी से सुर्खियां बटोरी है। मिस यूनिवर्स इंडिया 2015 का टाइटल जीतने वाली उर्वशी जल्द ही फिल्म जेएएनयू में नजर आने वाली है और एक्ट्रेस अपनी फिल्म का जमकर प्रमोशन कर रही हैं।

मुंबई। इस फिल्म के प्रमोशन के बीच उर्वशी ने हाल ही में दिए इंटरव्यू में सुष्मिता सेन के उनसे मिस यूनिवर्स इंडिया 2012 का टाइटल छीनने को लेकर बड़ा खुलासा किया था। इसी बीच अब एक्ट्रेस ने भारतीय क्रिकेट टीम के खिलाड़ी ऋषभ पंत से शादी के सवाल पर रिएक्शन दिया है। दरअसल, उर्वशी ने हाल ही में इंटरव्यू के दौरान अपने फैंस के सवालों के जवाब दिए। इस दौरान एक्ट्रेस से वो सवाल पूछे गए, जो अक्सर ही फैंस उनसे करते रहते हैं। पहले तो उर्वशी रौतेला ने काफी आराम से होस्ट को उनका सवाल पूरा करने दिया। इस सवाल पर हर कोई उर्वशी के जवाब का इंतजार कर रहा था। होस्ट से लेकर फैंस सभी उम्मीद लगाकर बैठे थे कि एक्ट्रेस क्रिकेटर संग शादी के सवाल पर क्या बोलेंगी। मगर उर्वशी ने सभी की उम्मीदों पर पानी फेर दिया। उर्वशी ने ऋषभ पंत संग शादी के सवाल पर जवाब में बोली, 'कोई कमेंट नहीं।' उर्वशी और ऋषभ का रिश्ते की सच्चाई क्या है, ये तो दोनों स्टार्स ही अच्छे से जानते हैं। मगर एक समय पर दोनों के रिलेशनशिप की खबरों ने खूब तूल पकड़ा था। लेकिन तब दोनों ने ही इन्हें अफवाह बताया था। साल 2018 में इन दोनों कई बार एक जगह पर स्पॉट किया गया है, फिर उस साल के बाद दोनों ने एक-दूसरे को व्हाट्सएप पर ब्लॉक तक दिया था। सोशल मीडिया पर दोनों क्रिप्टिक नोट लिखकर एक-दूसरे पर अपनी भड़ास भी निकालते रहे हैं, लेकिन जब ऋषभ का एक्सीडेंट हुआ था।



# एमिली ने शो की डाइवोर्स रिंग



**लॉस एंजेलिस।** आपने इंगेजमेंट रिंग के बारे में तो सुना है, लेकिन क्या कभी डाइवोर्स रिंग के बारे में सुना है। बदलते ट्रेंड में अब ये अब ये एक चीज भी जुड़ गई है। इसका श्रेय जाता है एक्ट्रेस एमिली रताजकोस्की को। एमिली ने अपनी क्रिएटिविटी का इस्तेमाल करते हुए इंगेजमेंट की अंगूठी को नया लुक देकर उसे अपने तलाक से जोड़ा है। बता दें कि एक्ट्रेस ने 2022 में तलाक लिया था। वहीं, अलग होने के बाद अब एमिली अपनी बिखरी शादीशुदा जिंदगी को लेकर खुलकर बात कर रही हैं। उन्होंने हाल ही में एक फोटो शेयर की, जिसमें उन्हें सगाई की अंगूठी को नए तरह की डिजाइन देकर सेलिब्रेट करते देखा जा सकता है। इस वायरल फोटो पर एक्ट्रेस ने बताया कि ये अंगूठियां उनके व्यक्तिगत विकास का प्रतिनिधित्व करती हैं। एमिली ने कहा, मुझे नहीं लगता कि किसी महिला को सिर्फ इसलिए उसे दिया गया डायमंड नहीं पहनना चाहिए क्योंकि वह किसी शख्स से अलग हो गई है। एमिली ने कहा कि इन अंगूठियों को पहन उसे ऐसा एहसास होता है, जैसे वह खुद को उस तरह से खुश रख सकती हैं, जैसे उन्होंने पहले कभी सोचा भी नहीं था।



# होली के रंगों में रंगी यामी

मुंबई। आम जनता से लेकर बॉलीवुड में होली त्योहार की धूम देखने को मिल रही है। वहीं इन दिनों प्रेग्नेंसी पीरियड एंजॉय कर रही एक्ट्रेस यामी गौतम पर तो होली से पहले ही इसका रंग चढ़ गया है। हाल ही में यामी की कुछ तस्वीरें सामने आई हैं, जिसमें वह होली के रंग में रंगी नजर आ रही हैं। उन्होंने व्हाइट सूट पेयर किया है। तस्वीरों में यामी के हाथों में येलो रंग देखने को मिल रहा है। इसके साथ ही उन्होंने अपने गालों पर भी पीला और गुलाबी रंग लगाया है। यामी के चेहरे पर बड़ी सी मुस्कान देखने को मिल रही है। फैंस उनकी इन तस्वीरों को काफी पसंद कर रहे हैं। काम की बात करें तो यामी हाल ही में फिल्म 'आर्टिकल 370' में नजर आईं थीं। फिल्म ने दबे पांव वर्ल्डवाइड 100 करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया है। यामी अपने अभिनय से दर्शकों को बेहद प्रभावित करतीं है। इसके साथ ही उनकी सुंदरता के लोग कायल और दीवाने है।




# ऋतिक रोशन ने की अनन्या की तारीफ

मुंबई। एक्टर ऋतिक रोशन ने फिल्म 'खो गए हम कहां' में एक्ट्रेस अनन्या पांडे की जमकर तारीफ की। पिछले साल दिसंबर में रिलीज फिल्म का निर्देशन अर्जुन वरैन सिंह ने किया है। इसमें सिद्धांत चतुर्वेदी, अनन्या और आदर्श गौरव मुख्य भूमिका में हैं। यह तीन दोस्तों की कहानी है, जो सोशल मीडिया के दबाव के बावजूद अपने लक्ष्य और रिश्तों को आगे बढ़ाते हैं। एक्स पर ऋतिक ने लिखा कि कुछ दिन पहले 'खो गये हम कहां' देखी। मैंने इसका भरपूर आनंद लिया। यह कोई आसान शैली नहीं थी। अनन्या पांडे आप एक स्टार हैं। सिद्धांत चतुर्वेदी और आदर्श गौरव आप लोगों का प्रदर्शन क्या शानदार था। अर्जुन वरैन ने बहुत अच्छा निर्देशन किया है। पूरी टीम को बधाई, यह फिल्म अवश्य देखनी चाहिए। फाइटर स्टार को जवाब देते हुए अनन्या ने कहा कि ऋतिक सर, आपने मेरा दिन बना दिया, आपके प्यारे शब्दों और सराहना के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद। यह मेरे लिए बहुत प्रेरक है।

# अदा ने डांस बार में बिताई रातें

मुंबई। एक्ट्रेस अदा शर्मा ने 'सनफ्लॉवर 2' में अपनी भूमिका को लेकर खुलासा किया है। एक्ट्रेस का कहना है कि उन्होंने अपनी भूमिका के लिए एक डांस बार में रातें बिताईं। वह स्क्रीन पर प्रभावकारी दिखना चाहती थीं। एक्ट्रेस अदा शर्मा ने कहा कि मैं प्रभावकारी दिखना चाहती थी। यह सिर्फ इस बारे में नहीं है कि आप डांस कब कर रहे हैं बल्कि यह इस बारे में है कि आप कैसे बैठते और खड़े होते हैं और परफॉर्मेंस नहीं करने के दौरान आप अपने शरीर के साथ कितने सहज हैं। एक्ट्रेस ने कहा कि वह कभी-कभी ध्यान देने के लिए डांस बार में सुबह 5 बजे तक रुकती थीं। एक्ट्रेस ने आगे कहा कि वे इतने अच्छे थे कि उन्होंने मुझे बार में रुकने और चीजों को देखने की इजाजत दी। कस्टमर्स से बात करते समय उनके आत्मविश्वास को मैंने देखने की कोशिश की। मैं रात को 9 बजे जाती थी, कभी-कभी सुबह 4 से 5 बजे तक रुकती थी। वेब सीरीज 'सनफ्लॉवर' सीरीज एक हाउसिंग सोसाइटी के निवासियों के जीवन पर आधारित है। वे एक हत्या के रहस्य में उलझ जाते हैं। इसमें सुनील ग्रोवर और मुकुल चड्ढा मुख्य भूमिका में हैं।





# इस साल पहली बार अपने नन्हे-मुन्नों के साथ होली सेलिब्रेट करेंगे ये सितारे

मुंबई। इस बार फिल्म जगत के कई सितारों के लिए रंगों का त्योहार और भी रंगीन होने वाला है, क्योंकि वे पहली बार अपने नन्हे-मुन्नों के साथ होली खेलने जा रहे हैं। पहली बार अपने बच्चों के साथ होली खेलने वालों की लिस्ट में राम चरण-उपासना से लेकर विराट-अनुष्का तक शामिल हैं।



### अनुष्का-विराट

अनुष्का शर्मा और विराट कोहली फरवरी 2024 में दूसरी बार माता-पिता बने हैं। अनुष्का-विराट के घर बेटे अकय कोहली का जन्म हुआ है। यह अनुष्का और विराट की अकाय कोहली के साथ पहली होली होगी।

### राम चरण-उपासना

सुपरस्टार राम चरण और उपासना शादी के कई सालों बाद साल 2023 में एक बेटी के माता-पिता बने। इस कपल की बेटी के साथ ये पहली होली है।

### विक्रांत मैसी-शीतल ठाकुर

एक्टर विक्रांत मैसी के लिए साल 2023 धमाकेदार रहा है। विक्रांत को उनकी 12वीं फेल फिल्म से पूरी दुनिया में पहचान मिली, वहीं उनके बेटे का जन्म भी हुआ। विक्रांत और शीतल की अपने बेटे के साथ ये पहली होली है।

### रुबिना-अभिनव शुक्ला

एक्ट्रेस रुबिना दिलैक को नवंबर 2023 में जुड़वां बच्चे हुए थे। इस बार रुबिना और अभिनव पहली बार अपनी जुड़वां बेटियों के साथ होली मनाएंगे।

### इशिता दत्ता-वत्सल सेठ

दृश्यम फेम एक्ट्रेस इशिता दत्ता और वत्सल सेठ के घर जुलाई 2023 में एक बच्चे का जन्म हुआ। बेटे के साथ इस कपल की यह पहली शादी होगी।

# रकुल ने कहा- मुझे 15 बार कॉल करने की जरूरत नहीं



मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री रकुल प्रीत सिंह और जैकी भगनानी बी-टाउन के पावर कपल में से एक हैं। हाल ही में जैकी और रकुल ने शादी रचाई है। दोनों की शादी की तस्वीरें सोशल मीडिया पर खूब छाई रहीं। ये कपल फिलहाल शादी के शुरुआती दिनों का आनंद ले रहा है। इसी बीच अभिनेत्री रकुल प्रीत अपने पति जैकी के साथ अपने संबंधों के बारे में खुलकर बात करती नजर आई हैं। अभिनेत्री ने कहा, 'हम एक व्यक्ति के रूप में संपूर्ण हैं। साथ मिलकर हम अधिक खुश हैं। मुझे उन्हें दिन में 15 बार कॉल करने की जरूरत नहीं है कि मैं बोर हो रही हूं। आप कैसे हैं। मुझे यह पता लगाना होगा कि मुझे अपनी लाइफ में क्या करना है, उनके लिए भी यही बात है। हम दोनों जब भी साथ होते हैं,

# होली में नहीं होंगे बोर, बिंज वॉच कर डाले ये शानदार फिल्में और सीरीज

मुंबई। कुछ लोग होली का त्योहार मनाना पसंद करते हैं तो वहीं कुछ लोग ऐसे भी हैं जो घर पर बैठकर होली एंजाय करते हैं। अगर आप भी उनमें से एक हैं तो आज हमारे पास आपके लिए कुछ ऐसे वेब-ऐप्स हैं। इसे देखने के बाद आपका होली का त्योहार बहुत अच्छा बीतेगा और आप घर बैठे बिल्कुल भी बोर नहीं होंगे।




### ऐ वतन मेरे वतन

इस हफ्ते अमेजन प्राइम वीडियो पर सारा अली खान की फिल्म ऐ वतन मेरे वतन रिलीज हुई है। यह एक देशभक्ति फिल्म है, जिसमें सारा अली खान ने उषा मेहता नाम की एक साहसी लड़की का किरदार निभाया है।

### अनैटमी ऑफ अ फॉल

फिल्म एनाटॉमी ऑफ द फॉल डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर रिलीज हो गई है। इस फिल्म की कहानी एक ऐसे बेटे की है जो अंधा है। और वह जानता है कि उसकी माँ ने उसके पिता को मार डाला है।





### फाइटर

अगर आपने अभी तक इस साल की सबसे चर्चित और सबसे ज्यादा कमाई करने वाली ऋतिक रोशन, दीपिका पादुकोण और अनिल कपूर की फिल्म फाइटर नहीं देखी है तो बता दें कि अब यह फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज हो गई है। जिसे आप ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं।

### ओपेनहाइमर

एमिली ब्लंट और किलियन मर्फी अभिनीत इस साल की सबसे अधिक ऑस्कर विजेता फिल्म ओपेनहाइमर भी ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज हो गई है। जिसे आप जियो सिनेमा पर जाकर देख सकते हैं।




### लुटेरे

इस हफ्ते डिज्नी+हॉटस्टार पर वेब सीरीज लुटेरे रिलीज हुई है। जो कि जाधव परिवार की कहानी है, जो बिहार से केन्या शिफ्ट हो जाता है। इस फिल्म की कहानी काफी दिलचस्प है।